चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 45, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते 16

बॉलीवुड के सुपरस्टार का दोस्त उड़ाते थे मजाक 15

एसबीआई का चुनावी बॉन्ड के एसओपी के खुलासा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरटीआई के जवाब में गोपनीयता के तहत दी छूट का दिया हवाला

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शाखाओं से जारी किए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और भुनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है।

एसबीआई ने आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा कि अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की एसओपी आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें आरटीआई के तहत छूट दी गई है। आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

दोषसिद्धि के खिलाफ मुख्तार की अपील पर कोर्ट ने सुनवाई रोकी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मुख्तार अंसारी की मौत पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को उस मामले को बंद कर दिया, जिसमें उसने 24 साल पुराने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा खुद को पांच साल कारावास की सजा सुनाए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। मुख्तार अंसारी ने जेल में रहते हुए सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी के निधन संबंधी बयान पर संज्ञान लेते हुए कहा, याचिकाकर्ता अब जीवित नहीं है। इसलिए सुनवाई की प्रक्रिया समाप्त की जाती है।

भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को भेज सकती है जेल : योगी

बरेली/बदायूं/पीलीभीत, ब्यूरो

मुख्यमंत्री ने की पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को सदन में भेजने की अपील

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बरेली व बदायूं पहुंचे। इन तीनों सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवारों को उतारा है।

पार्टी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री ने तीनों का हाथ थाम प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित किया और कमल खिलाकर इन्हें सदन में भेजने की अपील की। वहीं दो रैलियों में सीएम ने आंवला से धर्मेंद्र कश्यप को जिताने का आह्वान किया। सीएम जहां सपा-कांग्रेस समेत समूचे इंडी गठबंधन पर हमलावर रहे तो

वहीं पीएम मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। सीएम ने इस चुनाव को 'स्वार्थ के परिवार' बनाम 'मोदी के परिवार' के बीच का बताया।

मुख्यमंत्री योगी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद को जिताने की अपील की। बोले कि देश और प्रदेश का नौजवान अब पलायन नहीं स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं। बेटियां असुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा के साथ जोड़ने का काम किया है। इको टूरिज्म के बेहतरीन डेस्टिनेशन के लिए पीलीभीत को आगे बढ़ने का कार्य सरकार कर रही है। पीलीभीत में वन्य जीव और मानव के संघर्ष को रोकने के लिए जंगल में किसानों की जमीन की इलेक्ट्रिक फेंसिंग की गई है। जंगली जानवरों से किसानों को बचाने और जनहानि को आपदा की श्रेणी में शामिल कर अन्नदाताओं के लिए मुआवजे की व्यवस्था प्रदेश सरकार लागू कर चुकी है।

बरेली में सीएम ने कहा कि पूरे देश में एक आवाज- फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक की गई मोदी जी की मेहनत है। उन्होंने देश की छवि को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, इसलिए भारतवासी एक स्वर में यह वाक्य बोल रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास कर रहा है। 2024 का चुनाव मोदी जी के प्रति भारत वासियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है।

पिछली सरकारों में बम विस्फोट होते थेः योगी

मुख्यमंत्री योगी ने बदायूं में कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर-हर-बम-बम होगा। हमें भी पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा-370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हो गए।

एक नजर

बारामूला में आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर बारामूला जिले के सोपोर इलाके से मंगलवार को सुरक्षा बलों ने आतंकियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिले हैं। सुरक्षाबलों ने जांच चौकी पर तीन संदिग्धों के भागने पर दबोचा, आरोपियों में फैसल अहमद काचरू, आकिब मेहराज काना और आदिल अकबर गोजरी है।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सली गतिविधि की सूचना के बाद सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज होगा प्रहारः प्रधानमंत्री मोदी

मोदी ने रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर उत्तराखंड में फूंका चुनावी बिगुल

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली से उत्तराखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने इसको प्रचार नहीं विजय रैली करार देते हुए कहा कि तीसरे टर्म की शुरुआत में अब 75 दिन से भी कम का समय है। इस टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। भ्रष्टाचार, गरीब और मध्यम वर्ग का हक छीनता है और वह ऐसा नहीं होने देंगे।

एफसीआई के सामने मोदी मैदान में विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दो खेमे बन गए हैं। एक तरफ ईमानदारी और पारदर्शिता है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये भ्रष्टाचारी, मोदी को धमकी और गाली दे रहे हैं। मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी इनकी गालियों और धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊधमसिंह नगर को मिनी इंडिया कहा जाता है। देवभूमि और मिनी इंडिया से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उत्तराखंड को विकसित बनाना और सबसे आगे ले जाना है इसलिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। 10 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने आजादी के 60-65 वर्षों में नहीं हुए। आज हर प्रकार की कनेक्टिविटी है। 85 हजार पक्के मकान, 12 लाख घरों में पानी, 5.5 लाख शौचालय, 5 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 3 लाख को स्वामित्व योजना में प्रापर्टी कार्ड देना, 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं। 2200 करोड़ की विकास योजनाएं दी हैं। यह तभी संभव है जब नीयत सही तो नतीजे सही।

मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी

हमारा लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है, इससे नौकरी के अवसर व कमाई बढ़ेगी। इसका लाभ देवभूमि को भी होगा। उत्तराखंड में एम्स आया, यह दशक उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह मोदी की गारंटी से हुआ है और मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी है। इस गारंटी ने घर-घर में सुविधाएं पहुंचाई और स्वाभिमान बढ़ाया है।

पांचों उम्मीदवारों को दिल्ली पहुंचाएं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आने वाले पांच साल अभूतपूर्व और बड़े फैसलों के होंगे। इसके लिए जनता ने मोदी को मजबूत करना है। उन्होंने जनता से पांचों संसदीय सीटों नैनीताल से अजय भट्ट, अल्मोड़ा से अजय टम्टा, हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत, टिहरी गढ़वाल से माला राज लक्ष्मी शाह और गढ़वाल से अनिल बलूनी को जिताने का निवेदन किया। उन्होंने कहा सब गांव में जाकर देवी-देवता के दरबार में मोदी की तरफ से माथा टेकें और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अधिक से अधिक मतदान करें। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शंख भेंटकर उनका स्वागत किया।

मानसखंड से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारखंड की तरह ही देश दुनिया में मानसखंड की स्थिति होगी। पिछले वर्ष आदि कैलास गया था। पहले वहां पांच हजार लोग बामुश्किल वर्ष भर आते थे। अब यह संख्या लाखों में है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि यहां पलायन नहीं हो। लोग रोजगार के इंतजाम के लिए शहर नहीं जाएं।

कारोबारी के बेटे ने कार से दो महिलाओं को रौंदा, मौत

लखनऊ। महानगर क्षेत्र में मंगलवार तड़के शराब व्यवसायी के नाबालिग बेटे ने 100 की रफ्तार में कार दौड़ाकर दो महिलाओं को रौंद दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाबालिग चालक और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर थाना क्षेत्र के पेपर मिल कॉलोनी निवासी साइदा बानो (54) और शबनम (40) सुबह 4:50 बजे घर के सामने खड़ी थी। मेट्रो अपार्टमेंट की ओर से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कार आई और साइदा व शबनम को रौंदते हुए दो बाइकों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार छोड़कर भाग रहे चालक को दबोच कर लोग पीटने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस चालक को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। घायल साइदा और शबनम को अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी चालक की उम्र 15 साल है। आरोपी और उसके पिता प्रतीक जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाराबंकी में पलटी बस चार छात्रों की जान गई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : बाराबंकी में सरकारी स्कूल के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर लेकर लखनऊ गई निजी बस वापसी में हादसे का शिकार हो गई। इसमें चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन दर्जन घायल हो गए। बस में कुल 42 बच्चे थे। मुख्यमंत्री योगी ने आलाधिकारियों को घायल बच्चों के इलाज के निर्देश दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी बच्चे विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के हैं, जिनको शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के चिड़ियाघर समेत दूसरी जगहों पर सुबह ले जाया गया था। शाम को बस लखनऊ से वापस सूरतगंज आ रही थी। तभी देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर गांव के पास सामने आए बाइक सवार को बचाने में बस का चालक संतुलन खो बैठा और तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही जिले के आलाधिकारी कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ। घायल बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। स्कूल के शिक्षक दीपक ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हुई और पलटी। अपर पुलिस अधीक्षक सीएन सिन्हा ने बताया कि चार बच्चों की मौत हुई है। बाकी बच्चों को इलाजे के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

सलारपुर गांव के पास पलटी स्कूली बस।

- शैक्षिक भ्रमण पर बच्चे गए थे लखनऊ जू, तीन दर्जन घायल
- मुख्यमंत्री ने घायल बच्चों के इलाज के दिए निर्देश

भाजपा में जाने या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने की दी गई सलाहः आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्री का दावा- सौरभ, दुर्गेश और राघव होंगे गिरफ्तार
- भाजपा के वीरेंद्र ने कहा- झूठ बोल रही हैं आतिशी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने उनसे कहा था कि उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। आतिशी ने दावा किया कि उनके अलावा 'आप' के तीन नेताओं - दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि आतिशी झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी शराब घोटाले में शामिल थी और उसके नेता इस आशंका पर लड़ रहे हैं कि अगला बलि का बकरा कौन होगा। दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि ईडी उनके और उनके रिश्तेदारों के आवास पर छापे मारेगा। सौरभ भारद्वाज ने आतिशी को भाजपा में शामिल होने या गिरफ्तार किए जाने के प्रस्ताव को खुली धमकी करार दिया। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि केजरीवाल ने कहा है कि आबकारी नीति मामले के आरोपी विजय नायर, आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे इसीलिए आप नेता आपस में लड़ रहे हैं।

विधायकों ने सुनीता से कहा- सीएम न दें इस्तीफा

आप विधायकों ने अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए और इस्तीफा नहीं देना चाहिए। मंगलवार को बैठक के दौरान आप विधायकों ने सुनीता से कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

आबकारी नीति घोटाला

संजय सिंह को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। ईडी ने कहा था कि अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में बयान नहीं दे सकते। सिंह की रिहाई ऐसे समय हो रही है जब आप के चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है।

चित्रकूट में ऑटो-ट्रक की टक्कर, सात की मौत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचारः मिर्जापुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह ऑटो और 12 टायरा ट्रक की टक्कर में पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। घायल एक युवक का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। हादसा तब हुआ जब ऑटो चालक ओवरटेक कर रहा था और तभी सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया। मृतकों में हमीरपुर जिले के भाई-बहन और कन्नौज के तीन लोग शामिल हैं।

मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर ऑटो तीर्थक्षेत्र जा रहा था। हाईवे पर सम्राट ढाबा के पास ऑटो चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और इसी दौरान सामने से आ रहे 12 टायरा ट्रक से टकरा गया। ऑटो के यात्री ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और उनकी मौत हो गई। तीन लोग क्षतिग्रस्त ऑटो में फंस गए। आसपास के लोगों ने इनको निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा। वहां पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन को प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में दो और लोगों की मौत हो गई। एसपी अरुण सिंह ने बताया कि सुमित साहू (14) निवासी भरुआ सुमेरपुर घायल है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। हादसे रोकने के लिए चेकिंग में और सख्ती बरती जाएगी।

चित्रकूट में हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

- मृतकों में हमीरपुर निवासी भाई-बहन, कन्नौज के तीन लोग ऑटो चालक की भी जान गई

मृतकों के नाम-पता

मृतकों में अनिरुद्ध यादव (30) और अखिलेश यादव (22) निवासी मलिकपुर गुरुसहायगंज (कन्नौज), अतर सिंह (50) निवासी तिर्वा (कन्नौज), धर्मेंद्र सोनी (30) और उसकी बहन निधि (19) निवासी भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर) हैं। ये सभी तीर्थ पर आए थे। ऑटो चालक सूरज (20) निवासी बेड़ी पुलिया (कर्वी) और स्थानीय निर्भय (20) निवासी नारायणपुर (कर्वी) की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मृतकों के घर कोहराम मचा हुआ है।

निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक किए नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी की होगी जिम्मेदारी
- पश्चिम बंगाल, उप्र, महाराष्ट्र और बिहार में किए गए तैनात

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने को मंगलवार को कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी के मकसद से विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक शानदार काम की पृष्ठभूमि वाले पूर्व नौकरशाह हैं तथा इनसे कहा गया है कि ये धनबल, बाहुबल और गलत सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की पृष्ठभूमि में चुनावी प्रक्रिया की सख्ती से निगरानी करें। आयोग का कहना है कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया गया है जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। इनकी तैनाती आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी की गई जहां लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। उसने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

पतंजलि विज्ञापन में अवज्ञा पर रामदेव से नाराज कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन को लेकर उचित हलफनामा दायर नहीं कर और अवज्ञा पर योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण के प्रति मंगलवार को नाराजगी जताई। कोर्ट ने पतंजलि के बयान को खारिज किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम पुराना है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा, केवल सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, सभी अदालतों के आदेश का सम्मान होना चाहिए... यह अवज्ञा है। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण से कहा कि आपको कोर्ट में दिए वचन का पालन करना होगा, आपने सीमा तोड़ी है।

दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को नहीं मिल रही सरकारी मदद, सर्जरी रुकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी की पांच साल की बच्ची से 9 महीने पहले हुई थी दरिंदगी
- सर्जरी के लिए 18 दिन से केजीएमयू में है भर्ती

अमृत विचारः दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में तीसरी बार सर्जरी होने जा रही है। वह करीब 18 दिनों से केजीएमयू में भर्ती की गई। लेकिन, सिस्टम की उदासीनता के कारण उसका इलाज प्रभावित हो रहा है। करीब 9 महीने की जद्दोजहद के बाद बच्ची को अभी तक सरकारी मदद के नाम पर आयुष्मान कार्ड ही बन पाया है।

आयुष्मान कार्ड बनने के बाद इलाज का हालांकि रास्ता साफ हो गया है। किंतु बाहर से दवाओं की खरीद के लिए पीड़ित बच्ची के माता-पिता दूसरों के आगे हाथ फैलाने के लिए मजबूर हैं। बच्ची की मां का आरोप है कि बाराबंकी के जिलाधिकारी को तीन बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इतना ही नहीं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना का लाभ भी बच्ची को अभी तक नहीं मिल सका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से बाराबंकी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित बच्ची को आर्थिक मदद देने के निर्देश भी बेमानी दिखाई दे रहे है।

> यहां से सभी कार्रवाई पूरी कर दी गई है। बजट के अभाव में आर्थिक मदद नहीं हो पाई है। लेकिन कोशिश की जा रही है कि बच्ची के इलाज के लिए कुछ मदद हो सके। - **पल्लवी सिंह**, डीपीओ

यह है मामला : दरअसल, 26 जुलाई 2023 को बाराबंकी निवासी पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोपी ने बच्ची के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी थीं और उसे मरा हुआ समझ कर मौके से भाग निकला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं होने पर बाराबंकी जिला अस्पताल से उसे राजधानी स्थित केजीएमयू में इलाज के लिए भेजा गया था। केजीएमयू में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में बच्ची की सर्जरी हुई थी। दोबारा सर्जरी के लिए डॉक्टरों ने 6 सप्ताह बाद बुलाया था। दोबारा से बच्ची की तबीयत खराब होने पर बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष बाला चतुर्वेदी और समाजसेवी अमृता शर्मा ने बच्ची को एक बार फिर बाराबंकी स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से बच्ची को केजीएमयू भेजा गया था। जहां पर केजीएमयू प्रशासन और बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष के प्रयासों से बच्ची को इलाज मिल पाया था। एक बार फिर बच्ची की सर्जरी होनी है जिसके लिए उसे केजीएमयू में भर्ती किया गया है।

आरएलबी सम्मान कोष से मिलनी है आर्थिक मदद

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं या बालिकाओं को आर्थिक और चिकित्सा सहायता दी जाती है, लेकिन 9 महीने बाद भी सरकारी तौर पर आर्थिक मदद न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। बच्ची की मां ने बताया कि अधिकारियों ने बैंक में खाता खुलवा दिया था और कहा था कि इलाज के लिए सरकार पैसा देगी, लेकिन वह आज तक नहीं मिला। डीएम साहब को भी प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। वहां से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।

मोदी का शंखनाद

देवभूमि के ध्यान से मैं धन्य-धन्य हो जाता हूं...शीश नवाता हूं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय शंखनाद रैली में देवभूमि की जनता से संवाद कर जोड़ा रिश्ता, पांचों संसदीय सीटें जिताने की जनता से की अपील

अंकुर शर्मा, रुद्रपुर

अमृत विचार : 'देवभूमि के ध्यान से मैं धन्य धन्य हो जाता हूं.. है भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा मैं तुमको शीश नवाता हूं' इस पंक्ति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड की 1.22 करोड़ जनता से दिल का रिश्ता कायम किया। चिरपरिचित व्यंग्यात्मक शैली में जनता से सीधा संवाद कर अपनत्व का ऐसा एहसास कराया कि वह जनता का मन व दिल दोनों जीत ले गए। साथ ही ले गए जनता से पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा का जिताने का वादा।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मोदी मैदान में हजारों की भीड़ से खचाखच भरे पंडाल में 30 मिनट तक संबोधन किया। उन्होंने संबोधन की शुरुआत ही पंडाल के बाहर धूप व सड़क पर खड़े हजारों लोगों से करते हुए कहा कि धूप में खड़े लोगों की तपस्या व्यर्थ नहीं जाएगी और विकास के रूप में प्रतिफल मिलेगा। ऊधमसिंह नगर को मिनी इंडिया की संज्ञा देकर यहां रह रहे बंगाली, पूर्वांचल, पश्चिम और पर्वतीय समाज के लोगों से सीधे कनेक्ट किया। सीएए के जरिए पाकिस्तान बांग्लादेश से आए शरणार्थियों की बात कर पंजाबी, सिंधी, बंगाली समुदाय को भी रिझाने की कोशिश की। भ्रष्टाचार पर प्रहार के बहाने गरीब और मध्यम वर्ग को भी जोड़ने की कोशिश की। वहीं, कांग्रेस द्वारा सेना प्रमुख स्व. जनरल विपिन रावत के अपमान का मुद्दा उठाकर देवभूमि में सैनिकों के साथ ही गढ़वाल को भी साधा। गुरुनानक देव, गुरु गोविंद सिंह और गुरु रामराय के जरिए सिखों को भी अपनत्व का संदेश दिया तो कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। सीमांत जिलों में सीमा किनारे बसे गांवों को अंतिम के बजाय पहले गांव का दर्जा देने और वहां रहे ग्रामीणों के सम्मान व ध्यान रखने की बात कहकर पिथौरागढ़ से चमोली के आखिरी गांव तक रिश्ता जोड़ा। उन्होंने पलायन, महिला सशक्तिकरण योजनाओं से हर वर्ग को भाजपा की ओर करने का सफल प्रयास किया।

रुद्रपुर में आयोजित चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी को मां दुर्गा का ऐपण चित्र देतीं विधायक सरिता आर्या, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया व अन्य।

दो घंटे रहा नो फ्लाई जोन

पंतनगर : एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को रुद्रपुर में पीएम रैली की वजह से प्रोटोकाल के चलते दो घंटे 11 से 1 बजे तक के लिए नो फ्लाई जोन रहा। नई दिल्ली से पंतनगर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट निर्धारित समय 12 .10 बजे के बजाय 13 .10 बजे पंतनगर पहुंचीं और वापसी में उसने 12 .30 के बजाय 13 .30 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

भड़के प्रदेश प्रभारी गौतम

पंडाल में 11 बजे तक कुर्सियां खाली पड़ी थीं। इस बीच अचानक भीड़ बढ़ने लगी और हजारों की संख्या में लोग पहुंच गए। पंडाल खचाखच भर गया। लोग अपने सिर पर कुर्सियां रखकर आगे बढ़ने लगे तो प्रदेश प्रभारी गौतम भड़क गए। उन्होंने मंच से कहा कि कार्यकर्ता कुर्सियां सिर पर रखकर नहीं चलें यह पूरी तरह अनुशासनहीनता है।

पांच साल पूर्व भी पीएम मोदी ने इस मैदान पर जनसभा की थी जो ऐतिहासिक रही। इस बार भी यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस बार भी उनकी रैंकिंग नंबर एक रहेगी। उत्तराखंड में डेढ़ लाख करोड़ के विकास काम चल रहे हैं, इतने ही पाइप लाइन में हैं। **-अजय भट्ट**, भाजपा प्रत्याशी नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट

रैली में कब क्या हुआ

- 12:20 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडाल में पहुंचे
- 12:21 बजे प्रधानमंत्री मोदी ने जनता का अभिवादन किया और बैठ गए
- 12:34 बजे प्रधानमंत्री मोदी ने जय गोलज्यू, जय मां नंदा देवी, जय श्री राज राजेश्वरी देवी से संबोधन शुरू किया
- 12:38 बजे जनता के उत्साह की वजह से संबोधन बंद किया और एक मिनट फिर शुरू हुआ
- 1:04 बजे प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन समाप्त और पंडाल से रवाना हो गए
- 1:15 बजे वापस जाते समय प्रधानमंत्री मोदी ने किच्छा बाईपास पर कार रोक जनता से अभिवादन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ताम्रपात्र भेंट करते अल्मोड़ा उम्मीदवार अजय टम्टा, साथ में सीएम धामी, प्रदेशाध्यक्ष भट्ट।

जनता का अभिवादन करते पीएम मोदी, उम्मीदवार अजय टम्टा, सीएम पुष्कर धामी, प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट व अजय भट्ट।

बोले नेता

देश की आजादी के बाद अगर किसी ने विकास काम किए हैं तो प्रधानमंत्री मोदी ने किए हैं। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में कनेक्टिविटी हो या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर। हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की वजह से ही आज आदि कैलास में पर्यटकों की संख्या पांच हजार से बढ़कर लाखों पहुंच गई है। **-अजय टम्टा**, भाजपा प्रत्याशी अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट



इस बार के चुनाव में भाजपा उत्तराखंड में पांचों सीटें जीत रही है। यहां जो भीड़ इकट्ठा हुई है उसका संदेश समूचे उत्तर भारत में जाता है। फिर उत्तराखंड के साथ उत्तर भारत में भी भाजपा की जीत होगी। मोदी फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। वैसे भी उन्हें उत्तराखंड से विशेष लगाव है। **-विजय बहुगुणा**, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड

प्रधानमंत्री मोदी देश ही नहीं विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। उनकी लोकप्रियता कितनी है, आज जनसभा में देखने को मिल रहा है। मैदान के साथ लोग बाहर खड़े होकर उनके भाषणों को सुन रहे हैं। इस बार सभी सीटों पर भाजपा भारी मतों से जीत रही है। **-सौरभ बहुगुणा**, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड

देश को आजादी के बाद कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि लोग के पेट में अन्न नहीं था, सिर पर छतें नहीं थी। चूल्हा फूंक कर महिलाओं की दुर्दशा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में कायाकल्प कर दिया। उज्जवला गैस कनेक्शन, शौचालय, पक्के घर जैसे कई ऐतिहासिक काम किए। **-त्रिलोक सिंह चीमा**, विधायक काशीपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। इस बार हमें सभी भाजपा प्रत्याशियों को पांच लाख वोटों के अंतर से जिताना कर उन्हें मजबूत करना है। अजय भट्ट को भी 3 नहीं 7 लाख वोटों के अंतर से जिताना है ताकि केंद्रीय कैबिनेट में मंत्री बनें। **-मोहन सिंह बिष्ट**, विधायक लालकुआं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रुद्रपुर विजय शंखनाद रैली में उमड़ी भीड़ ने आश्वस्त कर दिया है कि पांचों संसदीय सीटें पांच लाख से अधिक वोटों से जिताकर अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा करने में मदद करेगी। जब प्रधानमंत्री जनसभा संबोधित कर लौट रहे थे तब मोदी मैदान से डीडी चौक तक भारी संख्या में मौजूद लोगों ने इस बात पर मुहर लगा दी है। **-प्रकाश रावत**, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा

हनुमान की वेशभूषा में रैली स्थल पहुंचे बिहार का श्रवण साह। ● अमृत विचार

133वीं बार 'हनुमान' बन पहुंचे श्रवण

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था का नजारा उस वक्त देखने को मिला, जब बिहार से 773 किमी का सफर तय कर श्रवण कुमार रुद्रपुर पहुंचे। वह विजय शंखनाद रैली में हनुमान का रूप धारण कर पहुंचे। हनुमान बना यह युवक जनसभा में आकर्षण का केंद्र बन गया।

मंगलवार को बिहार के बेगूसराय पनहॉस निवासी श्रवण साह हनुमान का रुप धारण किए कार्यक्रम स्थल में प्रवेश किया। सिर पर थर्माकोल का बड़ा सा मुकुट, हाथ में गदा और पूरे शरीर पर नमो-नमो लिखा हुआ था। मोदी फैन श्रवण ने बताया कि 70 सालों के बाद देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिसने अयोध्या और हिंदू आस्था को जीवंत किया है। हर जाति-हर वर्ग का उत्थान कर देश को विश्वगुरु की ओर अग्रसर किया है इसलिए वह पीएम मोदी के फैन हैं। वह वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक देश भर में हुई 133 जनसभाओं में हनुमान का वेश धारण कर भाषण सुनने जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को रुद्रपुर आए थे। मंगलवार को दो घंटे की मशक्कत के बाद हनुमान का रूप धारण किया।

हाथों में भाजपा का झंडा लेकर जातीं मुस्लिम महिलाएं। ● अमृत विचार

मोदी आस्था में डूबीं मुस्लिम महिलाएं

रुद्रपुर : मोदी की चुनावी जनसभा को लेकर जितना उत्साह भाजपा कार्यकर्ताओं मंस था, उतना ही उत्साह मुस्लिम महिलाओं में देखने को मिला। उन्होंने गले में भाजपा की पट्टियां और हाथों में झंडा लेकर मोदी जिंदाबाद के उद्घोष लगा रही थी। उनका कहना था कि तीन तलाक जैसी कुरीति से छुटकारा मिला और महिला सशक्तिकरण हुआ है। बच्चे भी मोदी मुखौटा पहनकर घूम रहे थे।

जब बोलते-बोलते रुक गए मोदी

रुद्रपुर : प्रधानमंत्री ने मंच पर जैसे ही संबोधन शुरू किया वैसे ही जनता उत्साहित हो गई। वह चार मिनट ही बोल पाए थे कि पूरे पंडाल में मौजूद लोग ढोल नगाड़ों और शंख ध्वनि के साथ मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। ये नारे इतनी तेज आवाज में थे कि एक-दो मिनट तक प्रधानमंत्री मोदी को अपना संबोधन रोकना पड़ा।

चुनावी शंखनाद | मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय शंखनाद रैली में लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने का किया आह्वान

400 पार सिर्फ नारा नहीं, नए भारत की चाबी है : धामी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार 400 पार का नारा, नारा नहीं है बल्कि नए भारत की चाबी है। इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की राह पर चल रहा है।

मंगलवार को सीएम धामी ने किच्छा बाइपास रोड स्थित एफसीआई के सामने मैदान में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड से बहुत लगाव है, उनके हृदय में उत्तराखंड बसता है। इस वजह से पिछले 10 वर्षों से जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने आजादी के बाद भी नहीं हुए। उन्होंने कोविड-19 महामारी में जो काम किया, किसी से छिपा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था को 11 वें से 5वें नंबर पर पहुंचाया। वर्ष 2014 से लेकर अब तक सीएए, धारा 370, अध्योध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा, सर्जिकल स्ट्राइक समेत कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री धामी, विधायक बंशीधर भगत व राम सिंह कैड़ा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को विश्वगुरु बनाना है। हर संसदीय सीट पर सिर्फ जीत दर्ज करना लक्ष्य नहीं है बल्कि हर सीट पर 90 प्रतिशत मत हासिल करना लक्ष्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने सारा कचरा इकट्ठा कर दिया है बस इसे फेंकना है। **-बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

जनता को भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी के लिए वोट नहीं देना है बल्कि पांच दशकों से इस पल के लिए शहादत देने वालों के लिए, उनकी संवदेनाओं के लिए वोट देना है। पहले सीमा पार से आंखें दिखाते थे आज हमसे पूछकर सुझाव लेते हैं यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। **-अरविंद पांडे**, विधायक गदरपुर

एक तरफ वे लोग हैं जो राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं जिन्होंने राम लला का भव्य मंदिर बनाया और प्राण प्रतिष्ठा कराई। रुद्रपुर को भी 100 करोड़ की रिंग रोड का तोहफा दिया है। हर विस सीट से एक-एक लाख के अंतर से अजय भट्ट को जिताना है। **-शिव अरोरा**, विधायक रुद्रपुर



बेलबाबा के पास लीसा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

मंगलवार की शाम पौने छह बजे हुई घटना, पौने सात बजे पहुंचे दमकल के वाहन, साढ़े आठ बजे पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

200 मीटर हाईवे से अंदर है डालाकोटी पेंट्स एंड केमिकल लीसा फैक्ट्री

18 दमकल वाहनों ने फैक्ट्री पर डाली पानी डाला, 200 लीटर फोम का किया आग बुझाने में इस्तेमाल

रामपुर रोड में बेलबाबा के पास स्थित लीसा फैक्ट्री में आग लगने के बाद जलता लीसा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : देर शाम बेलबाबा के पास एक लीसा फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना के आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग को काबू करने की कोशिश हुईं, लेकिन आधी-अधूरी तैयारी के साथ पहुंची टीम की वजह से आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल का फोम बीच में ही खत्म हो गया और पानी की ऊंची-ऊंची बौछार आग को काबू करने में नाकाफी साबित हुई। विकराल आग ने ढाई घंटों में लीसा फैक्ट्री को जलाकर राख कर डाला। आग से हुए नुकसान और कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है।

रामपुर रोड स्थित बेलबाबा मंदिर के पास उमेश चंद्र डालाकोटी की डालाकोटी पेंट्स एंड केमिकल के नाम से लीसा फैक्ट्री है, जो हाईवे से करीब दो मीटर अंदर स्थित है। बताया जाता है कि शाम पौने छह बजे मजदूरों की नजर आग पर पड़ी। तब आग बेहद छोटी थी और मजदूरों ने खुद आग पर काबू करने की कोशिश शुरू कर दीं। हालांकि बेहद ज्वलनशील लीसा कुछ ही मिनट में धधकने लगा। बात हाथ से निकलते देख मजदूरों ने पास ही स्थित खड़िया फैक्ट्री में इसकी सूचना दी। खड़िया फैक्ट्री से गई सूचना के बाद करीब पौने 7 बजे दमकल के दो वाहन मय फोम टेंडर के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में आग को काबू करने का सबसे कारगर फोम और दमकल के दोनों वाहनों का पानी खत्म हो गया।

सूचना पर सीएफओ गौरव किरार, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, एसडीएम पारितोष वर्मा, एसपी क्राइम हरबंस सिंह और कोतवाल उमेश मलिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद दो फोम टेंडर हल्द्वानी, एक फोम टेंडर रुद्रपुर और दो फोम टेंडर रामनगर दमकल से मंगाए गए। दमकल वाहनों की पानी की आवश्यकता विंध्यवासिनी से पूरी हुई। हालांकि आग इतनी भयावह थी कि उसके करीब पहुंच पाना भी मुश्किल था। दमकल ने दूर से ही आग को काबू करने की कोशिश की और आग तब बुझी जब पूरी की पूरी लीसा फैक्ट्री जलकर जमींदोज हो गई।

> शाम करीब 6 बजकर 20 मिनट पर डायल 112 से आग की सूचना मिली थी। जिसके बाद तुरंत टीम को मौके पर रवाना किया गया। रामनगर व रुद्रपुर से भी फोम टेंडर मंगाए। गये। आग लगने के कारण और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। – **गौरव किरार**, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

आग के पास ही था शराब का गोदाम व खड़िया फैक्ट्री

हल्द्वानी : दमकल को पहले सूचना मिली थी घटना स्थल के पास रिहायशी इलाका है और वह आग की चपेट में आ सकता है। टीम मौके पर पहुंची तो पता लगा कि लीसा फैक्ट्री के सबसे नजदीक खड़िया फैक्ट्री थी। जिसके जरिये आग की सूचना दमकल तक पहुंची। लीसा फैक्ट्री से करीब सौ कदम की दूरी पर शराब का गोदाम था, जो सबसे बड़ी परेशानी का सबब था। क्योंकि आग यहां तक पहुंचने के बाद बेकाबू हो जाती।

18 गाड़ियां, 200 लीटर फोम ने बुझाई आग

हल्द्वानी : लीसा फैक्ट्री में शाम पौने छह बजे से शुरू हुई आग को काबू करने की कोशिश में साढ़े तीन घंटे लग गए। रात साढ़े आठ बजे के करीब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इसके लिए दमकल की 18 गाड़ियों ने लीसा फैक्ट्री पर पानी डाला और 200 लीटर फोम का इस्तेमाल किया। घटनास्थल के पास स्थित विंध्यवासिनी स्टोन क्रशर के हाईड्रेंट से 12 बार दमकल वाहनों को भरा गया। तब जाकर आग काबू हुई।

कॉर्बेट को 23 करोड़ से अधिक का राजस्व मिला

संवाददाता, रामनगर

पर्यटन
- वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपये का राजस्व अधिक कमाया
- 3 लाख से ज्यादा पर्यटकों ने किए वन्य जीवों के दर्शन

अमृत विचार : वियावन जंगल में बाघों की दहाड़ और हाथियों की चिंघाड़ के रोमांच से भरा कॉर्बेट नेशनल पार्क दुनिया में लोकप्रियता के नए आयाम छूता जा रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले एक साल में पर्यटन से सीटीआर ने 23 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त किया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10 करोड़ रुपये अधिक है।

बता दें कि बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में कॉर्बेट पार्क में कुल 3,40426 पर्यटक आये। इसमें 3,31375 भारतीय और 9051 विदेशी शामिल रहे। इन पर्यटकों से पार्क प्रशासन को कुल 23,4624373 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने बताया कि इस साल पर्यटन काफी बड़ा है। अधिक राजस्व पाने के पीछे इस साल पार्क में शुल्क वृद्धि भी सबसे बड़ी वजह है।

हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कॉर्बेट पार्क में 3,65636 पर्यटक आए थे। इनसे कुल 13,1381197.81 रुपये की कमाई हुई थी। जबकि इस वित्तीय वर्ष में 3,40426 सैलानी पार्क आए, जो 25 हजार कम हैं। कम सैलानियों में कमाई बढ़ने के पीछे की वजह अक्टूबर से सफारी के परमिट शुल्क में वृद्धि है। सफारी परमिट जो पहले 1350 रुपये था, अब 3340 रुपये हो गया है। कुल मिलाकर शुल्क वृद्धि के अलावा फॉरेस्ट में पर्यटन बढ़ना भी कारण है। पर्यटन के बेहतर प्रबंधन से राजस्व में वृद्धि हुई है। यह सीटीआर की टीम वर्क का नतीजा है।

CORBETT TIGER RESERVE

एक नजर

पुलिस ने पकड़े 74 लाख के मादक पदार्थ

हल्द्वानी : आचार सहिंता लागू होने के बाद जिले में 24 घंटे चेकिंग अभियान चल रहा है। पिछले 17 दिनों में पुलिस के सामने अंग्रेजी, देसी और कच्ची शराब की अवैध सप्लाई व बिक्री के 78 मामले सामने आ चुके हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 78 मामलों में पुलिस ने 20 लाख रुपये कीमत की शराब जब्त की है। 54 लाख रुपये की स्मैक, चरस और गांजा के साथ 21 लाख रुपये की नगदी भी बरामद की। दूसरी तरफ आपराधिक प्रवृत्ति के 101 लोगों पर गुंडा एक्ट और तीन महिलाओं सहित पांच लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

संदिग्ध हालात में बुजुर्ग महिला की मौत

हल्द्वानी : बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्हें एसटीएच में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हाथीखाल गोरापड़ाव बरेली रोड निवासी कमला देवी (68 वर्ष) की रविवार को घर में अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों ने डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीपताचलपाएगी।

पारा 32 डिग्री पार, शाम को बदला मौसम

हल्द्वानी : मंगलवार को हल्द्वानी में दोपहर के समय तेज गर्मी पड़ी। अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री दर्ज किया गया। साथ ही न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री रहा। पारा विगत दिनों की अपेक्षा कम रहा। जिसका कारण पश्चिमी विक्षोभ और पूर्व से आ रही नम हवाओं को बताया जा रहा है। जिस वजह से शाम के समय मौसम में थोड़ा परिवर्तन हुआ और शहर में बादल छाए। साथ ही ठंडी हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक बारिश न होने का अनुमान है। हालांकि बादल छाए रहेंगे। इधर, मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री रहा, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। पहाड़ों में भी अब दिन के समय मौसम गर्म हो रहा है।

कार से एक लाख की नगदी बरामद

हल्द्वानी : काठगोदाम पुलिस और एसएसटी की टीम ने चेकिंग के दौरान एक कार से एक लाख रुपये की नगदी बरामद की है। मंगलवार को थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा व एसएसटी टीम गौलापार काठगोदाम बैरियर पर चेकिंग कर रही थी। तभी कार संख्या यूपी 25सीडी 7314 को रोक कर चेक किया गया। वाहन चालक विक्की गंगवार पुत्र लोकी राम गंगवार निवासी मितीपुर जोखनपुर बरेली उत्तर प्रदेश से एक लाख रुपये बरामद किये गये। वाहन चालक बरामद रकम के बारे में स्पष्ट प्रमाण नहीं दे पाया। जिसके बाद रकम जब्त कर ली गई।

मैजिक पेन से ठगी की कोशिश, भागा जालसाज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- व्यापारी को लोन दिलाने के नाम पर ठगी की कोशिश
- चेक लेकर बैंक पहुंचा जालसाज भागते वक्त सीसीटीवी में कैद

अमृत विचार : बड़ी फाइनेंस कंपनी के नाम पर लोन का लालच देकर एक व्यापारी से ठगी की कोशिश की गई। मैजिक पेन के जरिये व्यापारी के चेक को बैंक में भुनाने पहुंचा जालसाज फंस गया, लेकिन पकड़ा जाता इससे पहले ही भाग खड़ा हुआ। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया।

प्रकाश कांडपाल सीमेंट और सरिया के व्यापारी हैं। उनकी हल्दूचौड़ और गैस गोदाम रोड में दुकान है। उन्हें 30 लाख रुपये के लोन की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने आवेदन किया था। बीती 30 मार्च को उन्हें एक जालसाज का फोन आया। कहा, कि वह बड़ी फाइनेंस कंपनी का मैनेजर है और लोन की कागजी कार्रवाई के लिए वह सर्वेयर भेज रहा है। अगले दिन सर्वेयर पहुंच भी गया। उसने कागजी कार्रवाई की और एक कैंसल चेक भी ले लिया। जालसाज ने पूरा चेक अपने मैजिक पेन से भरा, लेकिन व्यापारी के साइन दूसरे पेन से कराए। मैजिक पेन की लिखावट कुछ घंटे बाद ही उड़ गई। दो दिन बाद 48500 रुपये का चेक लेकर नवीन मंडी के पास बैंक की शाखा में पहुंच गया, लेकिन व्यापारी को शक हो चुका था और उसने चेक को पहले ही ब्लॉक करा दिया था। बैंक पहुंचते ही बैंक कर्मियों ने उसे पहचान लिया।

हारिस फारुखी को हल्द्वानी लाएगी एनआईए!

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौला नदी से सटे जंगलों में बम धमाके के ट्रायल की खबरों से हल्द्वानी सुर्खियों में आया था। अब भारत में आईएसआईएस प्रमुख हारिस फारुखी की गिरफ्तारी के बाद आतंकियों का हल्द्वानी कनेक्शन फिर सामने आ रहा है। एनआईए हारिस को देहरादून लेकर पहुंच चुकी है और माना जा रहा है कि आतंकी कनेक्शन को पुख्ता करने के लिए हारिश को हल्द्वानी भी लाया जाएगा।

बता दें कि दो अक्टूबर 2023 को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीन आतंकियों मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अशरद वारसी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद हल्द्वानी की गौला नदी से सटे जंगलों में बम धमाके के ट्रायल की बात सामने आई थी। सूत्र बताते हैं कि इन्हीं आतंकियों ने आईएसआईएस के भारत प्रमुख हारिस फारुखी का नाम लिया था। मूलरूप से देहरादून निवासी हारिस फारुखी और उसके सहयोगी रेहान को कुछ समय पहले एनआईए ने असम से गिरफ्तार किया था। हारिस के पिता अजमल नगर निगम कॉप्लेक्स देहरादून में यूनानी दवाखाना चला रहे हैं। तब अमृत विचार ने दावा किया था कि हारिस को देहरादून लाया जाएगा। सोमवार को एनआईए हारिस को लेकर देहरादून पहुंच गई।

हारिस का पूरा परिवार देहरादून में ही रहता है। जांच में सामने आया था कि आईएसआईएस आतंकी संगठन देश के विभिन्न शहरों में धमाकों की साजिश रच रहा था। इसके लिए हारिस ने हल्द्वानी में आईईडी युक्त बम का ट्रायल भी किया था। इसी को देखते हुए सोमवार को एनआईए की टीम हारिस को कड़ी सुरक्षा में देहरादून लेकर पहुंची है। एनआईए अब हारिस के दून और हल्द्वानी में लोकल संपर्क खंगाल रही है। हालांकि एनआईए की टीम ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस से कोई संपर्क नहीं साधा है। इधर, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा पहले ही धमाके के ट्रायल की सूचना को खारिज कर चुके हैं।

हारिस के पिता से पहले ही हो चुकी है पूछताछ

दिल्ली के बाद पश्चिम बंगाल से हारिस का नाम सामने आने के बाद एनआईए ने उत्तराखंड इंटेलिजेंस और एसटीएफ से हारिस का इनपुट साझा किया था। तब भी एनआईए की टीम देहरादून आई थी। पूर्व में हारिस के पिता अजमल फारूकी को एसटीएफ कार्यालय बुलाकर एनआईए की मौजूदगी में पूछताछ भी की गई थी।

आईएसआईएस का भारत प्रमुख हारिस फारुखी। ● अमृत विचार

पश्चिम बंगाल के चोरों ने उगला हारिस का नाम

बीते साल पश्चिम बंगाल में दो आरोपी वाहन चोरी में पकड़े गए थे। उनके मोबाइल जांचने के बाद पुणे आधारित आतंकी मॉड्यूल का पता चला था। पता लगा था कि पकड़े गए लोग हारिस फारूकी के संपर्क में हैं। इसके बाद एनआईए, दिल्ली क्राइम ब्रांच और यूपी एटीएफ सक्रिय हुई थी।

किसानों का कर्ज कई गुना बढ़ा

हल्द्वानी, अमृत विचार : सरकारी गन्ना समिति का समय पर बकाया न चुकाने से किसानों के लिए कर्ज की राशि कई गुना बढ़ गई है। समिति के प्रभारी सचिव आदित्य कुमार ने बताया कि कर्ज समय पर न चुकाने व साल दर साल ब्याज जुड़ने से कई किसानों की राशि कई गुना बढ़ गई है। गौलापार के करमपुर, हरकिशनपुर, देवला तल्ला, विजयपुर आदि के कुछ किसानों की कर्ज की मालूमी राशि ब्याज लगकर हजारों में पहुंच गई है। इन किसानों ने नोटिस देने के बाद भी वर्षों से कर्ज नहीं चुकाया है। किसानों ने दवा, बीज, कृषि यंत्र आदि खरीदने के लिए समिति से कर्ज लिया था, लेकिन समय पर नहीं चुकाया। बीती 31 मार्च तक जिन किसानों ने कर्ज नहीं चुकाया, उनके खिलाफ समिति जल्द सख्त कार्रवाई करेगी।

स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वरदान साबित हो रही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना

संवाददाता, हल्द्वानी

अच्छी खबर
- नगर में अब तक 1683 वेंडर्स ले चुके हैं लाभ
- 1900 लोगों ने किया है योजना के लिए आवेदन

> प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स के लिए अच्छी योजना है। योजना का लाभ उठाकर कई लोगों ने अपने कारोबार को बढ़ाया है।
> –**गणेश भट्ट**, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम

अमृत विचार : प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत वेंडर्स को गारंटी का लोन दिया जाता है। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक अब तक 1683 स्ट्रीट वेंडर्स योजना का लाभ ले चुके हैं। जबकि 1900 लोगों ने आवेदन किया है।

सड़क किनारे लगने वाले हर तरह के वेंडर्स इस योजना के तहत 10 हजार रुपये का लोन ले सकते हैं। यह रकम चुकाने के बाद वह दूसरी बार में 20 हजार रुपये का लोन ले सकते हैं। तीसरी बार में 50 हजार रुपये के लोन के लिए योग्य हो जाते हैं। योजना में अब तक 1230 लोग 10 हजार रुपये, 410 लोग 20 हजार रुपये और 43 लोग 50 हजार रुपए का लोन ले चुके हैं।

रोडवेज स्टेशन के पास ठेला लगाकर खाने-पीने की सामग्री बेचने वाले घनश्याम ने बताया कि कोरोना काल में काम-धंधा बंद हो गया था, फिर से काम शुरू करने के लिए योजना के तहत लोन लिया, जिससे उन्हें बहुत सहायता मिली।

उन्होंने कहा कि इस योजना में जमानत के तौर पर कुछ भी गिरवी रखने की जरूरत नहीं है, इसलिए यह रेहड़ी-ठेला लगाने वालों के लिए बहुत अच्छी है। योजना का लाभ लेने के लिए बैंक की पासबुक, आधार, पैन कार्ड, ठेले का लाइसेंस आदि कागजातों की आवश्यकता पड़ती है।

जिले में 8663 असलहे जमा हुए सिर्फ 6 हजार

हल्द्वानी, अमृत विचार : चुनाव की घोषणा होने के बाद आचार सहिंता लागू कर दी गई थी। पुलिस को लाइसेंस धारकों के असलहे भी जमा कराने के निर्देश दिए गए। हालांकि अभी तक ढाई हजार से अधिक असलहे जमा नहीं हुए हैं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक नैनीताल जिले में 8663 लाइसेंस धारक हैं। इनमें से अभी तक पुलिस केवल 6000 असलहों को ही जमा करा पाई है। 2663 असलहे अभी भी बाहर हैं। लगातार निर्देश जारी होने के बाद भी जिन लोगों ने अभी तक शस्त्र पुलिस थानों में जमा नहीं किए हैं। ऐसे लोगों को पुलिस जल्द ही नोटिस जारी कर सकती है। यह निर्देश एसएसपी पीएन मीणा व अन्य थाना प्रभारियों के साथ हुई बैठक में दिए गए।

बेस में डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवा

समस्या
- डॉक्टरों की मनमानी के आगे डीजी हेल्थ का आदेश भी हवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के प्रमुख सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवा लिखने से बाज नहीं आ रहे हैं। जबकि विगत दिनों डीजी हेल्थ ने अस्पताल का निरीक्षण कर डॉक्टरों को बाहर की दवा न लिखने के निर्देश दिये थे। डॉक्टरों की मनमानी के आगे डीजी हेल्थ का आदेश हवाई साबित होता दिख रहा है।

बेस अस्पताल में रोजाना 700 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। विगत दिनों डीजी हेल्थ विनीता साह ने जब अस्पताल का दौरा किया था तब उन्होंने पीएमएस डॉ. केके पांडेय को आदेश दिए थे कि वह ऐसे डॉक्टरों को चिन्हित करें, जो मरीजों को बाहर की दवा लिख रहे हैं। अस्पताल में जानकारी लेने पर पता चला कि कई डॉक्टर ऐसे हैं जो पर्चे पर बाहर की दवाएं लिखते हैं। यह दवाएं काफी महंगी आती है। कई बार तो यह भी देखने में आया कि बेस अस्पताल के डॉक्टर पर्चे पर जो बाहर की दवा दिखते हैं उसे अस्पताल के सामने वाले मेडिकल स्टोर संचालक के लोग ही पढ़ पाते हैं।

> डॉक्टरों को बाहर की दवा लिखना मना है। इसके लिए सभी को सूचित भी किया गया है। अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता को बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। –**डॉ. केके पांडेय**, पीएमएस, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

इमरजेंसी वार्ड में मरीज ने किया हंगामा

हल्द्वानी : बेस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मंगलवार की देर शाम एक मरीज ने हंगामा कर दिया। इमरजेंसी वार्ड से ही निशुल्क दवा की मांग को लेकर मरीज ने काफी देर तक शोर मचाया। जिस वजह से वहां अन्य मरीजों को काफी परेशानी हुई। बेस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक मरीज शाम को दिखाने पहुंचा। इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर ने उसे कुछ दवाएं बाहर से लाने के लिए कहा तो वह हंगामा करने लगा। मरीज का कहना था कि उसे सभी दवाएं यहीं से निशुल्क दी जाएं। बाद में पीआरडी जवानों को भी बुलाना पड़ा। काफी देर बाद हंगामा करने के बाद मरीज वहां से गया। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में धुत था।

हालात ब्रिटिश काल की जेल में ब्रिटिश कालीन मैन्युअल के हिसाब से हैं असलहे, सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

3 राइफल, 4 मस्कट और 1 पिस्टल से जेल की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी में अंग्रेजों की बनाई जेल का विस्तार तो कर लिया गया, लेकिन अब भी कई नियम अंग्रेजों के बनाए ही चल रहे हैं। इन्हीं नियमों में एक है असलहा। ब्रिटिश काल में भी जेल में आठ असलहे रखने की अनुमति थी और अब भी यही नियम चल रहा है। हालांकि इन्हें 8 के बजाय 5 असलहा कहना ठीक होगा, क्योंकि काम के पांच ही हैं। वर्तमान जेल में क्षमता से ढाई गुना कैदी और बंदी बंद हैं। ऐसे में सुरक्षा पर सवाल उठना वाजिब है।

हल्द्वानी उपकारागार से सटी ब्रिटिश कालीन जेल आज भी मौजूद है। इसी जेल में अंग्रेजों ने सुल्ताना डाकू को भी कैद किया गया था। हल्द्वानी उप कारागार का इतिहास वर्ष 1903 का है। तब इस जेल की क्षमता 71 कैदियों की थी और इसी आधार पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मैन्युअल तैयार किया गया था।

अब नई जेल की दीवारें ऊंची और कैदी व बंदियों को रखने के लिए तमाम बैरकें हैं। करीब 650 कैदी व बंदी रखने की क्षमता भी इस जेल में है, लेकिन यहां संख्या 1600 रहती है और कभी तो यह संख्या 1800 तक पहुंच जाती है। हल्द्वानी उपकारगार की सुरक्षा हमेशा ही सवालों में रही है। कुछ माह पहले ही एक बंदी जेल की दीवार फांद कर भागने की कोशिश भी कर चुका है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर यहां सिर्फ राइफल, मस्कट और पिस्टल है। जबकि यहां दो साल से ऑडिट चल रहा है, जो आज तक पूरा नहीं हो सका। इसी वजह से आज तक बंदी रक्षकों को आधुनिक असलहे भी नहीं मिल सके हैं।

चार मस्कट बंदूक, लेकिन काम की सिर्फ एक

सुरक्षा के लिए वर्तमान में जेल प्रशासन के पास एक पिस्टल है. जो जेल अधीक्षक के लिए है। तीन रायफल, जो जेल के मुख्य द्वार पर तैनात संतरी संभालते हैं। सदियों पहले इस्तेमाल की जाने वाली चार मस्कट बंदूक भी हैं, लेकिन उनमें से केवल एक ही चलने की स्थिति में है। हालांकि जरूरत के वक्त ये मस्कट भी काम आएगी या नहीं, कहा नहीं जा सकता।

> सुरक्षा उपकरणों की मांग मुख्यालय को भेज दी गई है। नए वित्तीय सत्र में निरीक्षण के बाद व्यवस्थाएं बदलेंगी। नए सुरक्षा उपकरणों के जल्द मिलने की उम्मीद है। फिलहाल मौजूदा उपकरणों से भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है।
> –**प्रमोद पांडे**, जेलअधीक्षक

बंदी रक्षकों के पास हथियार के नाम पर लाठी

बंदी रक्षकों के पास लाठियां ही सुरक्षा का सहारा हैं। जेल कर्मियों के पास चेस्ट गार्ड और हेलमेट तक नहीं हैं। दो वर्ष पहले शासन ने जेल के सुधारीकरण, सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। कोविड के चलते प्रक्रिया लटक गई। बताया जा रहा है कि असलहों की मांग जेल मुख्यालय भेजी गई है। वहां से अनुमति आते ही आधुनिक असलहे और सुरक्षा उपकरण मिलेंगे।

एसटीएच में लेजर सर्जरी की सेवा शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल में लेजर सर्जरी की सेवा शुरू हो गई है। पहले दिन लेजर सर्जरी की मदद से तीन मरीजों के ऑपरेशन किए गए। मंगलवार को ढोलक बस्ती निवासी फरहान (12) व हल्द्वानी निवासी नंदी (43) के गुर्दे में पथरी और हल्द्वानी के कैलाश (36) की पेशाब की नली से स्टोन लेजर के माध्यम से निकाला गया।

यूरोलॉजी विभाग के डॉ. लक्ष्मण पाल ने बताया कि तीनों ऑपरेशन सफल रहे हैं और मरीज स्वस्थ्य हैं। बताया कि पारंपरिक तकनीक से पथरी निकालने में तीन घंटे का समय लगता है, लेकिन लेजर से यह काम आधे घंटे में बिना चीरफाड़ के हो गया। टीम में डॉ. अकांक्षा, डॉ. स्वाति उपाध्याय, डॉ. कविता कृष्णनन के साथ नर्सिंग स्टाफ प्रतिभा व निशा मौजूद रहे।

मृतक के आश्रितों को बीमा क्लेम दे कंपनी

संवाददाता, रामनगर

सुनवाई
- अपर जिला जज ने कंपनी को दिये आदेश
- क्लेम के 17.28 लाख, 7 प्रतिशत ब्याज भुगतान करने को कहा

अमृत विचार : अपर जिला जज ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति के आश्रितों को बीमा क्लेम के 17.28 लाख रुपये भुगतान करने के आदेश बीमा कंपनी को दिये हैं। न्यायालय ने एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स को सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी भुगतान करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि शमशाद पुत्र गेंदा शाह निवासी काशीपुर की 28 फरवरी 2023 को काशीपुर-रामनगर हाईवे पर हादसे में मौत हो गई थी। इस संबंध में शमशाद के आश्रितों ने बीमा प्रतिकर प्राप्त करने के लिए अपने अधिवक्ता अब्दुल सलीम के जरिये क्लेम याचिका जिला जज नैनीताल के न्यायालय में दायर की। इसकी सुनवाई अपर जिला जज रामनगर के न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से मृतक की पत्नी और चश्मदीद गवाह को न्यायालय में परिक्षित कराया गया। बीमा कंपनी ने बचाव में इन्वेस्टीगेटर को परिक्षित कराया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 मार्च को फैसला सुनाते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स को आदेश दिया कि वह याचिकाकर्ता को 17,28,280 रुपये भुगतान करे।

सार-संक्षेप

राउमावि डोला में प्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

नये छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

कालाढूंगी : सरस्वती शिशु मंदिर कालाढूंगी में प्रवेश लेने वाले नये छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य गणेश बिष्ट ने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी छात्रों की शिक्षा पर ध्यान देना होगा। वहीं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोला में हमारा गौरव प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में नये छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें खीर खिलाई गई। प्रधानाध्यापक नरेंद्र पटवाल ने कहा कि आज भी सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बना हुआ है, जो अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है। जसपाल शाह ने कहा कि सरकार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों हेतु चला रही है। जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए। इस दौरान हेमचंद तिवारी, शशि भूषण श्रीवास्तव, प्रीति जोशी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मातृ जयंती महोत्सव 6 को हल्द्वानी में

हल्दूचौड़ : माता राजराजेश्वरी की जयंती 6 अप्रैल को हल्द्वानी श्री सतपाल महाराज आश्रम में धूमधाम से मनाई जाएगी। जानकारी देते हुए महात्मा प्रचारिका बाई ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक भजन कीर्तन, मंगल गीत, सत्संग, आरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अनेक तीर्थ स्थानों के संत महात्मा भी पहुंचेंगे। उन्होंने लोगों से महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

बानिया बने गढ़वाल संसदीय सीट के पुलिस प्रेक्षक

हल्द्वानी : केंद्रीय निर्वाचन आयोग की ओर से गढ़वाल संसदीय सीट के अंतर्गत 14 विधानसभा सीटों पर निर्वाचन के लिए आईपीएस रोमिल बानिया को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। यह जानकारी देते हुए रामनगर के सहायक रिटर्निंग अधिकारी/एसडीएम राहुल साह ने बताया कि चुनाव संबंधित शिकायत को प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 89793-75886 अथवा प्रेक्षक के सर्किट हाउस पौड़ी में बने अस्थायी कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

हल्द्वानी में नवनिर्वाचित टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

टैक्स बार एसोसिएशन के संजय पांडे अध्यक्ष बने

हल्द्वानी : टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। जिसमें संजय पांडे को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा दिनेश चंदोला को उपाध्यक्ष, अक्षय अग्रवाल सचिव, महेंद्र सिंह बिष्ट उप सचिव, इकबाल सिंह कोषाध्यक्ष, सुनील पाठक उपकोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं हिमांशु कोठारी विधिक सलाहकार, संरक्षक मंडल में मुकेश अग्रवाल, रमेश सडाना, एक्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में आशीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल व सुमित कुमार गुप्ता व मीडिया इंचार्ज जगदीश दुम्का और संयोजक मंडल में विनय टंडन व एनके जोशी को चुना गया। नई कार्यकारिणी ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान चुनाव अधिकारी राकेश अग्रवाल, नरेंद्र आहूजा व आरपी फुलारा, बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के पर्यवेक्षक मेहरबान सिंह कोरंगा, राम सिंह बसेड़ा व प्रदीप सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

हल्द्वानी में एक दुकान में कॉपी-किताब खरीदने के लिए लगी लोगों की भीड़।

टोकन व्यवस्था व अलग कैश काउंटर बनाने के निर्देश

हल्द्वानी : नए शैक्षिक सत्र के शुरू होते ही बुक सेलर किताबों का वितरण कर रहे हैं। अभिभावकों की ओर से दुकानदारों द्वारा अधिक दरों पर किताबें बेचने की शिकायतें मिल रही हैं। इस पर मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट और तहसीलदार सचिन कुमार ने कुसुमखेड़ा स्थित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया और दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी दुकानदारों से निर्धारित दरों पर ही किताबें बेचने को कहा। साथ ही दुकानदारों को किताब खरीदने के लिए आने वाले अभिभावकों के लिए टोकन व्यवस्था लागू करने, अलग कैश काउंटर बनाने, पानी का डिस्पेंसर और बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

15 साल बाद दिखा सालाजार पिट वाइपर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कॉर्बेट पार्क के लैंडस्केप में 15 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का सांप देखा गया है। जिसे सर्प विशेषज्ञ चन्द्र सैन कश्यप ने रेस्क्यू किया है। यह सालाजार पिट वाईपर अधिक विषैला व दुर्लभ प्रजाति का है। कॉर्बेट क्षेत्र में इस सांप के दिखने से कॉर्बेट प्रशासन भी उत्साहित है।

विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट पार्क के जंगल जैव विविधता के लिये देश-विदेश में विख्यात हैं। जहां कई प्रकार के वन्यजीवों के साथ ही जीव जंतु, पक्षी पाए जाते हैं। वहीं यहां सांपों की भी सैकड़ों प्रजातियां हैं। इनमें से कुछ ऐसी प्रजातियां है जो लगातार दिखाई देती है पर कुछ प्रजातियां ऐसी हैं जो दुलर्भ होती हैं और जो कभी-कभार वर्षों में दिखाई देती हैं। सर्प विशेषज्ञ चन्द्र सैन ने जिस सांप को रेस्क्यू किया है वह एक है दुर्लभ प्रजाति का है। चन्द्र सैन कहते हैं कि इस सांप को 15 साल पहले देखा गया था। यह दुर्लभ प्रजाति का सांप वाइपर प्रजाति के सांपों के समान है। इसका रंग हरे के साथ गोल्डन होता है जो अधिक विषैला भी होता है। यह ग्रीन वाईपर श्रेणी में आता है। वैज्ञानिकों ने इस सांप का नाम हैरी पॉटर मूवी के विलेन सालाजार स्लीथेरिन के नाम पर रखा है।



दुर्लभ प्रजाति का सांप।

सालाजार पिट वाइपर का दिखना अच्छा संकेत है। यह पहले कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में डॉक्युमेंट है। इसकी फोटो व वीडियो ज्यादा नहीं हैं। इसके मुंह के पास दो पिट्स हैं और उन पिट्स पर सेंसरी ऑर्गन्स होते हैं। सेंसरी ऑर्गन्स से यूनिक तरीके से सेंस कर यह शिकार करता है। जैव विविधता की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है। - **डॉ. धीरज पांडे**, निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर

बीमार हो रहे लोग, सोया है विभाग

सीजनल बीमारियों का दौर शुरू, कहीं नहीं पड़ रहा अब खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

हल्द्वानी, अमृत विचार : गर्मी शुरू होने के साथ ही मौसमी बीमारियों का दौर शुरू हो गया है। अस्पतालों में टाइफाइड, डायरिया, पीलिया से पीड़ित मरीज बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन बाजार में बिकने वाले खाने-पीने के सामान पर कहीं भी छापा नहीं पड़ रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग गहरी नींद सोया हुआ है। जिस वजह से आमजन की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बाजार में खुलेआम मानकों को धता बताकर खाने-पीने का सामान बेचा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की बात करें तो यह केवल होली और दीपावली में ही सक्रिय होने के लिए बना है। इसके अलावा बाकी दिनों में इस विभाग को लोगों की सेहत से कोई मतलब नहीं है। होली से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापामारी करके खानापूर्ति जरूर पूरी की थी। गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में पारा बढ़ने के साथ-साथ बीमारियां भी बढ़ने की आशंका है।

बेस अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

अल नीनो के कहर से और बढ़ेगी गर्मी

हल्द्वानी : अल नीनो वर्ष होने की वजह से इस बार असामान्य गर्मी पड़ेगी। 31 मार्च को ही पारा 36 डिग्री पार कर गया था। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल माह में अल नीनो पूरी तरह से सक्रिय रहेगा। इस वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। माना जा रहा है कि असामान्य गर्मी में डायरिया, टाइफाइड, पीलिया जैसे रोग बढ़ सकते हैं।

बोले अधिकारी

नगर निगम लगातार अभियान चलाता है। मौसमी बीमारियों को लेकर भी निगम सचेत है। लोगों से अपील है कि वह स्वच्छ भोजन ही करें। अगर कहीं से शिकायत आएगी तो जांच कराई जाएगी। - **डॉ. मनोज कांडपाल**, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, हल्द्वानी

खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार अभियान चलाता है। त्योहारों के समय छापेमारी बढ़ जाती है। इसके अलावा अन्य दिनों में भी खाने-पीने की वस्तुओं की जांच की जाती है। - **अभय कुमार सिंह**, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी

टाइफाइड और डायरिया के अलावा पीलिया का मरीज भी चिन्हित हो गया है। यह बीमारियां पेट से जुड़ी हुई हैं जो सीधे तौर पर दूषित खान-पान की वजह से होती हैं। -**एनके कांडपाल**, जिला संक्रामक रोग विश्लेषक, नैनीताल

यह होती है खाद्य सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी

1- बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच करना।
2- समय-समय पर उनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजना।
3- होली और दीवाली के अलावा अन्य समय भी सक्रिय रहना।
4- गंदगी के साथ खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई करना।

अस्पतालों में लग रही भीड़

हल्द्वानी : अस्पतालों में रोजाना मौसमी बीमारियों के मरीज पहुंच रहे हैं। अप्रैल की शुरुआत में पीलिया के रोगी भी मिल रहे हैं। हल्द्वानी निवासी एक मरीज पीलिया से पीड़ित पाया गया है। इसके साथ ही पिछले दो सप्ताह की रिपोर्टों में टाइफाइड के दो दर्जन से ज्यादा मरीज चिन्हित हो चुके हैं। डायरिया के मामले भी आना शुरू हो गए हैं। इन दिनों अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

मिठाई की एक्सपायरी तिथि का उल्लेख भी नहीं

हल्द्वानी : नियम के अनुसार किसी भी दुकान में बनने वाली मिठाई पर अवसान (एक्सपायरी) तिथि का उल्लेख करना जरूरी है, लेकिन शहर की ज्यादातर दुकानों पर ऐसा नहीं है। ग्राहक को पता ही नहीं रहता है कि कब मिठाई बनाई गई है और कब वह खराब होगी। मिठाई को बिना किसी जानकारी के बेचा जा रहा है। संबंधित विभाग ऐसा करने वालों के आगे नतमस्तक है। यही नहीं हल्द्वानी में खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार, खुला खाद्य तेल और खुले में पीसे मसाले बेचना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद खुलेआम कारोबार हो रहा है।

बुजुर्गों के लिए पेंशन का इंतजार करना बना मजबूरी

गरमपानी : बेतालघाट और रामगढ़ ब्लॉक के बुजुर्गों के लिए पेंशन का इंतजार करना मजबूरी बन चुका है। ब्लॉक मुख्यालय से सभी आवश्यक दस्तावेजों को पूरा करने के बावजूद बुजुर्गों की पेंशन फाइल भीमताल स्थित समाज कल्याण विभाग में रेंग रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्ड़ियाल ने बताया कि मार्च क्लोजिंग के चलते फाइलें रुकी हैं। जल्द ही निस्तारण कर बुजुर्गों को पेंशन उपलब्ध कराई जाएगी। घिरोली गांव के नवीन चंद्र आर्या ने बताया कि बुजुर्गों के ब्लॉक मुख्यालय से सभी कागजात दुरुस्त करने के बाद समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में भेज दिये गये हैं। इसके बावजूद बुजुर्ग पेंशन के लिए इंतजार की घड़ियां गिन रहा रहे हैं। आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों से संपर्क साधा गया पर हर बार एक दो दिन का हवाला देकर टाल दिया जा रहा है। दोनों ब्लॉकों के लगभग तीस से अधिक आवेदन लंबित है। नवीन ने जल्द निस्तारण की मांग उठाई है।

पीएनबी में एग्रीकल्चर फील्ड ऑफिसर बनी मंजरी

गरमपानी, अमृत विचार : रातीघाट निवासी मंजरी सती ने लगातार दो प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मंजरी ने पहले सहायक कृषि अधिकारी की परीक्षा पास की और अब आइबीपीएस के तहत होने वाली परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन सूची में जगह बनाई है। मंजरी का चयन पंजाब नेशनल बैंक में एग्रीकल्चर फिल्ड ऑफिसर के रूप में हुआ है। प्रारंभिक शिक्षा खैरना व रातीघाट से लेने के बाद मंजरी ने हल्द्वानी से स्नातक किया। कुछ माह पहले ही उत्तराखंड सरकार के उद्यान विभाग की प्रतियोगी परीक्षा पास कर सहायक कृषि अधिकारी पद पर चयन हुआ। उन्होंने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आइबीपीएस) के तहत होने वाली परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर वरीयता सूची में जगह बनाई है। मंजरी के पिता देवेंद्र सती रातीघाट में सस्ता गल्ला विक्रेता हैं। जबकि माता भावना सती गृहिणी हैं। मंजरी ने सफलता का श्रेय माता पिता को दिया है।



सार-संक्षेप

गांव के ऊपरी क्षेत्र में मलबा फेंकने से आक्रोश

नैनीताल : रूसी, सौलिया, बल्दिया खान गांव के ऊपरी क्षेत्र में डाले जा रहे मलबे से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि नैनीताल में हो रहे निर्माण कार्यों से निकलने वाले मलबे को शहर के बाहर गांव के ऊपरी क्षेत्र के जंगलों में डाला जा रहा है। जिससे बरसात के मौसम में गांव के सामने बड़ा खतरा मंडराएगा। स्थानीय निवासी रवि बिष्ट ने कहा कि नैनीताल-हल्द्वानी रोड में हनुमानगढ़ी के समीप सीवर प्लांट के ऊपरी क्षेत्र में ट्रकों से मलबा फेंका जा रहा है। जो गांव के अस्तित्व के लिए बेहद खतरनाक है। रवि ने मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है बीते लंबे समय से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और आसपास के जंगलों के ऊपरी क्षेत्र में ट्रक व पिकअप से मलबा फेंका जा रहा है। जो बरसात में बहकर नीचे सीवर प्लांट से होते हुए ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंच सकता है। जिससे रूसी बाईपास में बने पुल व ग्रामीण क्षेत्र को खतरा हो सकता है। रवि ने सड़क किनारे, जंगल व सीवर प्लांट के ऊपर मलबा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

भीमताल में चुनाव प्रचार करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील

भीमताल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार का शुभारंभ करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में घर-घर जाकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने निसोला मिनी स्टेडियम से ब्लॉक रोड मल्लीताल तक प्रचार किया और लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, देवेंद्र सिंह, नीरज कुमार, सूरज मेहरा, हेमा परगई, आशा आर्य, सतीश लाल वर्मा, सौरभ रौतेला, राकेश बृजवासी, कुमुद बृजवासी, सुजान सिंह रजवार, शुभम नैनवाल, इंद्रजीत बिष्ट, पवन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जौंस स्टेट के जंगल में लगी आग

भीमताल : जौंस स्टेट के जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। मंगलवार की सुबह जंगल से आग की लपटें उठती दिखाई दी। जिस पर पूर्व सरपंच प्रकाश हर्बोला ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। वन क्षेत्राधिकारी विजय मिलकानी ने बताया कि कर्मचारी आग बुझाने में लगे हुए हैं। हर्बोला ने बताया कि हवा चलने के कारण आग बुझाने में परेशानी आ रही है। बता दें कि जौंस स्टेट खासा घना है। इस जंगल में काफी संरक्षित प्रजाति के जानवर, पक्षी, तितली आदि भी निवास करते हैं।

आयशा को डीएसटी में मिली इंस्पायर फेलोशिप

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा आयशा सिद्दीकी को डीएसटी भारत सरकार की इंस्पायर फेलोशिप मिली है। आयशा प्रो. चित्रा पांडे और प्रो. गीता तिवारी के निर्देशन में पीएचडी कर रही है। जानकारी देते हुए प्रो. चित्रा पांडे ने बताया कि आयशा मेधावी छात्रा है और उन्हें बीएससी तथा एमएससी में भी इंस्पायर फेलोशिप मिली थी। आयशा वेरिएशन इन द फाइटोकेमिकल्स कांसटिट्यूंट एंड बायो एक्टिविटी एक्रॉस डिफरेंट ग्रोथ स्टेजेस ऑफ हिप्टिस सुआ बैलेंस पॉट एंड मेलिसा ऑफिसिनैलिस एल फ्रॉम उत्तराखंड विषय पर शोध करेंगी। आयशा मूल रूप से खटीमा की रहने वाली हैं। उनकी सफलता पर निदेशक प्रो. नीता बोरा, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी, प्रॉक्टर प्रो. हरीश बिष्ट, डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. गिरीश खर्कवाल ने शुभकामनाएं दी हैं।

निजी बसों के संचालन पर रोक जारी

हाईकोर्ट ने रोडवेज बसों के मामले में की सुनवाई, याचिकाकर्ता से शपथपत्र पेश करने को कहा

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट में रोडवेज बसों के लिए स्वीकृत रूटों पर निजी संस्थाओं की बसों के संचालन की अनुमति दिए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने रोडवेज बसों के लिए निर्धारित रूटों पर निजी बसों के संचालन पर लगी रोक को जारी रखते हुए याचिकाकर्ता से प्रति शपथपत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी।

उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि प्रदेश सरकार ने आचार संहिता लगने से कुछ दिन पहले रोडवेज बसों के संचालन के लिए नोटिफाइड रूटों को निजी बसों के लिए खोल दिया है। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच हुए समझौते के अनुसार इन रूटों पर निजी बसों के संचालन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से भी अनुमति लेनी आवश्यक है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उनकी आपत्तियों पर भी कोई सुनवाई नहीं की गई। इन रूटों पर निजी बसों के संचालन से निगम को करोड़ों का घाटा हो सकता है। सरकार का यह कदम उत्तर प्रदेश के साथ पूर्व में समझौते के विरुद्ध है, इसलिए इसपर रोक लगाई जाए।

जाम से निजात के लिए प्लान पेश करे जिला प्रशासन

नैनीताल : हाईकोर्ट ने नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान शहर के अंदर लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों व पर्यटकों को होने वाली दिक्कतों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन से समस्या के निवारण के लिए 4 सप्ताह में प्लान पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 4 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। आज मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी व एसएसपी ने न्यायालय को बताया कि बीते माह कोर्ट के निर्देशों पर नैनीताल के लिए बनाये गए वन वे ट्रायल ट्रैफिक प्लान को लागू करके देखा गया, जो असंभव था। रूट डायवर्जन के दौरान जहां स्थानीय लोगों व व्यपारियों को हल्द्वानी जाने के लिए एक से डेढ़ घंटे समय लगता था उन्हें कालाढूंगी से भेजने पर ढाई से तीन घंटे तक का समय लगा। इसकी वजह से प्रशासन, पुलिस सहित स्थानीय लोगों को भी कई समस्याओं से गुजरना पड़ा। नैनीताल निवासी प्रो. अजय रावत की जनहित याचिका में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दायर प्रार्थना पर खंडपीठ ने सुनवाई की। प्रार्थनापत्र में कहा गया कि नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान आये दिन लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर के अंदरूनी मार्गों में जाम लगने से स्कूली बच्चे व कर्मचारी तय समय में नहीं पहुंच पा रहे हैं। जाम से पैदल चलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जिला प्रशासन से कहा था कि नगर के लिए नया ट्रैफिक प्लान बनाएं। उसका ट्रायल करके रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें और जिलाधिकारी व एसएसपी भी सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहे। मंगलवार को दोनों अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए।

शिक्षक-छात्र विहीन और जर्जर स्कूलों पर रिपोर्ट दे सरकार

नैनीताल : हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ के 292 प्राइमरी स्कूलों में अध्यापकों की कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को शिक्षक विहीन, छात्र विहीन और जीर्णशीर्ण भवन वाले स्कूलों की संख्या, ब्योरा इत्यादि की रिपोर्ट चार सप्ताह में पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी राजेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि पिथौरागढ़ जनपद में 292 ऐसे प्राइमरी स्कूल हैं जिनमें एक-एक शिक्षक नियुक्त हैं। कुछ स्कूल ऐसे हैं जिनमे छात्रों की संख्या 11, 21, 24 है लेकिन उनमें अध्यापक नहीं हैं। कुछ स्कूलों के भवन खस्ताहाल हैं जो कभी भी गिर सकते हैं। सरकार बच्चों के भविष्य से खेल रही है। सरकार ने स्कूल तो खोल दिये, लेकिन अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की। याचिका में स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति और भवनों की मरम्मत की मांग की गई।

दुर्घटना को दावत दे रहा जर्जर विद्युत पोल

भीमताल, अमृत विचार

नगर के बाइपास मार्ग में विद्युत विभाग का एक पोल ऐसा है जो नीचे से पूरी तरह खोखला हो चुका है। इस पोल से विद्युत तार भी गुजर रही हैं। जर्जर हो चुके पोल के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जर्जर पोल से आगे भी कई पोल हैं जो झाड़ियों से पूरी तरह ढक चुके हैं। जिसके चलते समय-समय पर कटौती होती रहती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से सुरक्षित पोलों में ही विद्युत लाइन खींचने व समय-समय पर पोलों के आसपास लापिंग कराने की मांग की है।

बार-बार कटौती से लोग परेशान: नगर व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। बार-बार कटौती से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। नाम न छापने की शर्त पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि कई लोगों ने बिजली के बिलों का भुगतान नहीं किया है। जब तक विद्युत पोल से संयोजन नहीं काटा जा रहा है तब तक भुगतान नहीं मिल पा रहा है। इसके जिसके चलते व्यवधान हो रहा है।

जर्जर हालत में विद्युत पोल।

10 हेक्टेयर क्षेत्र में चाय बगान और बनाने का लक्ष्य

भीमताल : उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड अल्मोड़ा के अन्तर्गत नैनीताल जनपद के रामगढ़, धारी, बेतालघाट में वर्ष 2023-24 में 42 हजार किलो चाय का उत्पादन होने से इस बार चाय उत्पादक खासे उत्साहित हैं। घोड़ाखाल चाय बागान के प्रबंधक नवीन पांडे ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में उत्पादित चाय से लगभग 45 लाख रुपये की आमदनी हुई थी। इस वर्ष अभी तक बरसात न होने से थोड़ी चिंता है। जुलाई में नये प्लांटेशन तक बरसात होने की आस है। जिससे नए बगान लगाने में राहत मिलेगी। बताया कि वर्तमान में जिले में 204 हैक्टेयर में चाय बागान हैं। इस बार 10 हेक्टेयर चाय बगान और लगाने का लक्ष्य है।

सड़क किनारे प्रतिबंधित क्षेत्र में पार्क हो रहे वाहन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर में पर्यटन सीजन शुरू होते ही पर्यटकों की संख्या के साथ वाहनों का दबाव भी बढ़ने लगा है। संभागीय परिवहन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से कई स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। इसके बावजूद वाहन बेखौफ सड़कों के किनारे प्रतिबंधित जोन में पार्क किए जा रहे हैं। जिसके चलते कई बार सड़कों में वाहनों की लंबी कतार लग रही है। पुलिस सड़क किनारे पार्क वाहनों को नहीं हटा पा रही है।

बता दें कि होली के बाद नैनीताल में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। जिसके चलते शहर में वाहनों का भी दबाव बढ़ रहा है। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए हाईकोर्ट के दिशा निर्देश पर पुलिस ने 24 घंटे के लिए वन वे प्लान के तहत यातायात संचालित किया। वहीं पर्यटन सीजन को देखते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी ने नैनीताल शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए शहर में 17 स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित किया था। संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा था कि नो पार्किंग जोन में वाहन पार्किंग करने की स्थिति में वाहन स्वामियों पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, लेकिन होली व इस ईस्टर सप्ताहांत में वाहनों का दबाव बढ़ने के बावजूद सड़क किनारे पार्क वाहन नहीं हटाए गए हैं। जिससे पर्यटक परेशान रहे। एसपी यातायात व अपराध हरबंस सिंह ने बताया कि नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नो पार्किंग स्थलों व सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के लिए थाना व कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया जा चुका है।

सड़क किनारे पार्क किये गये वाहन।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

Queen's Sr. Sec. School
QUEEN'S Public School
Affiliated to CBSE (New Delhi)
Our Facilities :
- Experienced Chess Coach.
- Skilled Football Coach.
- State-of-the-art Digital Panels.
- Dedicated and Qualified Teaching Staff.
- Individualized Attention to Every Student.
- Well-equipped Science Laboratories.
- Comprehensive Library Resources.
- Technology Integration in Education.
- Safe and Secure Campus. Environment.
- Extra Curricular Activities.
- Sports Facilities.
ADMISSIONS OPEN
For Session 2024-25

ENROLL NOW
Civil Lines, Nainital Road, Haldwani
+91-7505437939
Extension Branch : Jawahar Jyoti, Malla Plot, Damuadunga, Haldwani
+91-7895809527, +91-9758516607
www.queenssrsecschool.edu.in
queensseniorsecondarys@gmail.com

एक नजर

चार लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

किच्छा : पुलिस ने जुआ खेल रहे चार लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने ताश के पत्तों के अलावा मौके से हजारों रुपये की नगदी भी बरामद कर ली। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना के आधार पर लालपुर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लालपुर क्षेत्र में अकील प्रधान के मैदान में जुआ खेल रहे कई लोगों को पकड़ लिया। साथ ही ताश के पत्ते व फड़ पर रखी 4720 रुपये की नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने ग्राम लालपुर निवासीगण रणजीत सिंह, कुलवंत सिंह, ग्राम मेहराया लालपुर निवासी चंद्रपाल एवं नेत्रपाल को पकड़ लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 13 –जुआ अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

कांग्रेस प्रत्याशी जोशी को जिताने का आह्वान

जसपुर : कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक आदेश चौहान व जिला अध्यक्ष सुशील गावा ने भूतपुरी रोड स्थित चुनाव कार्यालय में पूजा अर्चना की। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने लोकसभा चुनाव में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण बिष्ट, नगर अध्यक्ष इख्तियार बबलू, ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र चौहान, सुखेदव सिंह, आदित्य गहलौत, शैलेन्द्र गहलौत, सर्वेश चौहान, राहुल गहलौत, सुभाष शर्मा, मौ आरिफ, डॉ. शुभ चन्द्र, आफताब आलम, मो. नाजिम, नफीस कादरी, मतलूब हुसैन आबिद नूरी आदि मौजूद रहे।

संविदाकारों को कर कटौती के बारे में बताया

रामनगर : राज्य कर कार्यालय छोई में संविदाकारों को कर कटौती के साथ उन्हें विधिक कानूनों की जानकारी देने के लिए विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें सहायक आयुक्त मोहम्मद यासीर ने संविदाकारों की आय श्रोत पर कर कटौती के संदर्भ में विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही ठेकेदारों से कहा कि वह अपने अनुबंध के आधार पर खरीद के पर्चे संभाल कर रखें एवं अनुबंध के आधार पर ही खरीदारी करें। राज्य कर अधिकारी मितेशवर आनंद ने बताया कि सभी करदाता समय से अपना रिटर्न फाइल करें और लेट फीस और पेनल्टी से बचें। बैठक में ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरविंदर सिंह आनंद, प्रकाश नैनवाल, जगदीश छिमवाल, मोहन नेगी, शोभन सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चन्द्र पांडे, संजीव अग्रवाल, फैज़ूल हक आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों की बेंच पर बैठकर बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं जांच रहे शिक्षक

जिले के कई केंद्रों में मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों के बैठने के लिए कुर्सियां तक नहीं

▸▸ **बच्चों की सीटों पर बैठकर सात घंटे तक उत्तर पुस्तिकाओं को जांच रहे शिक्षक**

संवाददाता काशीपुर

अमृत विचार : जिले के बोर्ड मूल्यांकन केंद्रों में शिक्षकों के बैठने के लिए कई जगहों पर बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है। स्थिति यह है कि स्कूली बच्चों की बेंच पर बैठकर शिक्षक कई घंटे तक हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने का काम कर रहे हैं। ऐसे में रीढ़ की हड्डी संबंधित कई बीमारियों को लेकर शिक्षक चिंतित हैं।

जिले में काशीपुर, रुद्रपुर और खटीमा में बनाए गए केंद्रों में बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं चेक हो रही हैं। इसके लिए कई शिक्षिकाएं और शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। काशीपुर में हाईस्कूल में करीब 50 हजार व इंटरमीडिएट की 12 हजार उत्तरपुस्तिकाओं की जांच का काम चल रहा है। 10वीं के लिए 15 और इंटर के लिए सात टेबिल लगाई गई है। लेकिन सूत्रों की माने तो शिक्षकों के लिए बैठने की व्यवस्था तक नहीं की गई है। कुर्सियां उपलब्ध नहीं कराने से शिक्षक बेंच पर बैठ रहे हैं। बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक उत्तरपुस्तिकाएं चेक करने का काम चल रहा है। इससे शिक्षिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को शिक्षक बता चुके हैं। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। मूल्यांकन का काम अभी 10 अप्रैल तक चलेगा। वहीं सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अमरजीत सिंह साहनी ने बताया कि अधिक झुक कर बैठने से कमर और रीढ़ की हड्डी संबंधित दिक्कतें हो सकती है। लंबे समय तक बैठने के लिए आरामदायक कुर्सी होनी चाहिए।

अंदर ही छिप जा रहीं समस्याएं

काशीपुर : मूल्यांकन केंद्र में मीडिया को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। बीते सोमवार को मूल्यांकन केंद्र में हंगामा होने पर मीडिया को अंदर तक नहीं जाने दिया गया। स्थिति यह हो गई कि कमियां छिपाने के लिए गेट पर ताला लगा दिया गया है। इससे प्रभारी बीईओ भी गेट पर ही अंदर जाने के इंतजार में खड़े रहे। पद और नाम बताने पर उनके लिए गेट खुला। बताया कि शौचालय की सफाई नहीं होने से शिक्षक परेशान हैं। उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि सुविधा और सुरक्षा का जिम्मा सीईओ को दिया जाता है।

> मूल्यांकन में शिक्षकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। काशीपुर मूल्यांकन केंद्र में शिक्षकों के बैठने की व्यवस्था पर जानकारी ली जाएगी।
>
> –**केएस कुंवर**, जिला शिक्षा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

बाबा तरसेम के निधन के चलते नहीं मनेगी बैसाखी

खटीमा : उत्तरांचल पंजाबी महासभा की ब्लॉक ईकाई की बैठक में बैसाखी के आयोजन पर हुई चर्चा के बाद बाबा तरसेम सिंह के निधन के कारण इस वर्ष बैसाखी न मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक के बाद यह जानकारी अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने दी। उन्होंने कहा कि बाबा तरसेम सिंह पंजाबी महासभा के संरक्षक थे। इनके निधन के कारण इस वर्ष पंजाबी महासभा द्वारा बैसाखी कार्यक्रम नहीं मनाने का निर्णय लिया गाया है। बाबा तरसेम सिंह के निधन पर महासभा ने दुख प्रकट किया और उनके कातिलों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। इस अवसर पर संस्था के संरक्षण अनिल बत्रा, बाबूराम अरोड़ा, प्रदेश महामंत्री मनोज भाजपा, कोषाध्यक्ष जितिन ग्रोवर, महामंत्री हरीश बत्रा, जितेंद्र बत्रा, जसविंदर सिंह पप्पू, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, ललित मारवा, राहुल अरोड़ा, मानस बत्रा, सचिन बिज मौजूद रहे।

मोबाइल और लहसुन चुराते रंगे हाथ पकड़ा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : घर में चार्जिंग पर लगा फोन को चुराने के बाद सब्जी की दुकान से 15 किलो लहसुन चुरा रहे आरोपी को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने पकड़े गए आरोपी को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 6, पुरानी गल्ला मंडी निवासी जय सिंह ने बताया कि करीब 4 बजे वह अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाने के बाद घर पर सो रहा था। इसी दौरान किसी युवक ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार जब वह रेलवे फाटक के निकट सब्जी व्यापारी वार्ड नंबर 13 निवासी एजाज अहमद की दुकान पर पहुंचा तो मौके पर तमाम व्यापारियों ने चोरी के आरोप में एक युवक को पकड़ा था। पीड़ित ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर 6, किच्छा निवासी संजय कुमार बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पीड़ित का चोरी हुआ मोबाइल बरामद हो गया। सब्जी व्यापारी एजाज अहमद ने बताया कि उसने आरोपी संजय को दुकान से करीब 15 किलो लहसुन चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा है। मोबाइल स्वामी जय सिंह और सब्जी व्यापारी एजाज अहमद के साथ कोतवाली पहुंचे तमाम लोगों ने चोरी के आरोपी संजय को पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अपराध

- ▸▸ **सब्जी की दुकान से चोरी की कर रहा था कोशिश**
- ▸▸ **स्थानीय लोगों ने चोर को पुलिस के हवाले किया**

द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद आवंटित किए गए वीवीपैट

अधिकारियों के साथ बैठक करते सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग आफिसर उदयराज सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बीयू, सीयू, वीवीपैट (ईवीएम) का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम में किया गया। इस द्वितीय रेंडमाइजेशन से वीयू, सीयू एवं वीवीपैट का विधानसभाओं में बूथ आवंटित हो गए हैं। मंगलवार को रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के 14 विधानसभाओं में कुल 3212 बीयू, 3212 सीयू व 3427 वीवी पैटों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिन्हें अब बूथ आवंटित हो गए हैं।

उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को जनपद के 1901 बीयू, 1901 सीयू व 2047 वीवी पैट को वेयर हाउस से बगवाड़ा मंडी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किये जाएंगे। जहां पर सभी मशीनों को मतदान के लिए तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नैनीताल फिंचा राम चौहान, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, नोडल प्रेक्षक बीएस चलाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान सहित प्रत्याशी जीवन चन्द्र उप्रेती, भाजपा प्रतिनिधि प्रमोद मित्तल, कांग्रेस प्रतिनिधि संजय किरौला, महानगर महामंत्री कांग्रेस सुनिल आर्य, महानगर सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद थे व सीसी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना जुड़ी थी।

दो शराब तस्करों को पुलिस ने दबोचा

किच्छा : कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को कच्ची शराब के 90 पाउच तथा दूसरे आरोपी से 50 पाउच में रखी करीब 25 लीटर कच्ची शराब बरामद कर कब्जे में ले ली। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

एसआई धीरेंद्र पंत ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम भगवानपुर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब लेकर जाने की फिराक में सड़क किनारे खड़े एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम भगवानपुर बखपुर, थाना किच्छा निवासी गुरदेव सिंह के कब्जे से सफेद रंग के कट्टे में रखे अवैध शराब के 90 पाउच बरामद किए। दूसरे मामले में उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिसकर्मी उम्मेद गिरी एवं उमेश सिंह की टीम ने सूचना के आधार पर बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बेच रहे एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी वार्ड नंबर एक, चंदन नगर, मल्ली देवरिया, थाना किच्छा निवासी शंकर लाल की कब्जे से 50 पाउच में रखी करीब 25 लीटर अवैध शराब बरामद कर ली।

सरकारी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत

अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, हंगामा

▸▸ **प्रसव पीड़ा होने पर पीरूमदारा निवासी महिला को सरकारी अस्पताल लेकर आए थे परिजन**

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए लाई गई महिला की तबियत अचानक बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि संबंधित महिला डॉक्टर व स्टॉफ ने प्रसव कराने में देरी कर दी। इससे महिला का बच्चा पेट में ही मर गया। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

ग्राम सकनपुर पीरुमदारा निवासी सुषमा पत्नी आकाश को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन 108 एंबुलेंस की मदद से मंगलवार सुबह 8 बजे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि स्टाफ ने देखकर साधारण प्रसव होने की बात कही। हालत बिगड़ने पर ओटी में सीजर से प्रसव कर दिया। इस दौरान नवजात की मौत हो गई। इस पर समाजसेवी गगन कांबोज की मौजूदगी में परिजनों ने इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाकर खरीखोटी सुनाई। इस पर सीएमएस डॉ. खेमपाल सिंह ने प्रसव कक्ष पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इस बीच सीएमएस के कक्ष में बैठकर महिला चिकित्सक को बुलाकर जानकारी ली गई। पीड़िता की मां बसंती देवी ने बताया कि सोमवार की रात करीब आठ बजे बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। प्रसव कक्ष में स्टाफ ने जांच रिपोर्ट लाने का हवाला देते हुए वापस लौटा दिया। सुबह फिर से प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचे। आरोप लगाया कि स्टाफ ने नॉर्मल डिलीवरी होने की बात कही। दोपहर में हालत बिगड़ने पर ऑपरेशन करने को कहा। इस दौरान नवजात की मौत हो गई। सीएमएस डॉ. खेमपाल का कहना है कि रात की उन्हें जानकारी नहीं है। लापरवाही हुई होगी तो मामले की जांच बैठाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी अस्पताल में बच्चे की मौत के बाद सीएमएस से वार्ता करते परिजन।

मां-बेटी से मारपीट का आरोप लगाया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : मेहनत मजदूरी कर अपना तथा अपनी पुत्री का भरण पोषण कर रही महिला के साथ दबंग पति-पत्नी ने घर में घुसकर मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों पर मकान पर जबरन कब्जा करने की नीयत से परेशान करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 11, नई सुनेहरी निवासी नाजरीन पत्नी इसरार ने बताया कि वह अपनी 18 वर्षीय पुत्री के साथ घर पर अकेली रहती है तथा मेहनत मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करती है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वार्ड 11 निवासी असलम सैफी उसकी पत्नी शहनाज आए दिन पीड़िता तथा उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज कर उसके घर पर जबरन कब्जा करने की नीयत से परेशान करते हुए पुत्री को उठा ले जाने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने बताया कि रात्रि करीब 10:30 बजे वह अपनी पुत्री के साथ घर पर सोई हुई थी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए दरवाजा पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि पीड़िता के दरवाजा खोलते ही आरोपी असलम सैफी तथा उसकी पत्नी शहनाज जबरन घर में घुस आए। मां-बेटी के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

निर्माणाधीन मकान में करंट से मजदूर की मौत

काशीपुर : निर्माणाधीन मकान के लिंटर पर काम कर रहा ग्राम सुदासपुर डिलारी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी राकेश कुमार (33) पुत्र स्व. सतवीर की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। मृतक गड्ढा कॉलोनी में एक व्यक्ति के निर्माणाधीन काम कर रहा था। बताया कि मंगलवार को अपनी पत्नी को दवा दिलाकर वह देर से काम पर पहुंचा था। दोपहर बाद निर्माणाधीन मकान का लिंटर डाल जा रहा था।

राकेश कुमार।

वह लिंटर पर काम कर रहा था। इस दौरान वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और झुलस गया। आनन-फानन में श्रमिकों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। मृतक ने अपने पीछे पत्नी सुनीता, भाई कृष्ण पाल, लाल बहादुर पाल को छोड़ा है।

मां को थाने से छोड़ा बेटे को भेजा जेल

फॉलोअप

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : रामपुर (यूपी) के बिलासपुर थाने में दर्ज नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में जारी वारंट के चलते यूपी पुलिस ने पंतनगर में दबिश देकर विवि की महिला कर्मी और उसके बेटे को उठा लिया था। पुलिस ने आरोपी मां को सोमवार रात ही थाने से छोड़ दिया, जबकि बेटे को मंगलवार को जेल भेज दिया।

एसएचओ बिलासपुर बलवान सिंह ने बताया कि वारंटी अतुल सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। दरअसल विवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में कृषि श्रमिक के पद पर कार्यरत गुड्डी देवी परिसर के टा कालोनी में अपने दो पुत्रों के साथ रहती हैं।

लगभग छह वर्ष पूर्व उनके पति शिव मोहन (विवि कर्मी) की मृत्यु हो चुकी है। जिनके स्थान पर गुड्डी देवी को मृतक आश्रित कोटे में विवि में नियुक्ति मिली है। सोमवार सुबह बिलासपुर थाने की पुलिस टीम ने ऑफिस जा रही गुड्डी देवी को रास्ते से और उनके बालिग पुत्र अतुल सिंह को आवास पर दबिश देकर उठा लिया था और उन्हें अपने साथ ले गई।

पत्रकार वार्ता करते युकां के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर। ● अमृत विचार

जनता के सवालों का जवाब दे राज्य सरकार : सुमित्तर

रामनगर : युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर एवं जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुद्रपुर आगमन पर कहा कि आज प्रदेश की जनता कुछ सवालों का जवाब जानना चाहती है, लेकिन राज्य सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड, हेमा नेगी हत्याकांड, पिंकी हत्याकांड, जगदीश चंद्र हत्याकांड, विजय वात्सल्य हत्याकांड, केदार भंडारी हत्याकांड, विपिन रावत हत्याकांड पर किसी की जबावदेही सुनिश्चित नहीं हुई है। आस्था के केंद्र बाबा केदारनाथ से 230 किलो सोना गायब हो गया, इसका दोषी कौन है। उत्तराखंड में पेपर लीक और भर्ती घोटालों का दोषी कौन है। उन्होंने कहा कि जनता इन सवालों के जवाब मांग रही है। प्रधानमंत्री राज्य सरकार को निर्देशित करें कि जनता के सवालों का जवाब दे। इस दौरान अमित कुमार, सचिन कुमार आर्य, विकास कुमार, अब्दुल रहमान, नितिन शाह, दीपक राणा, सोनू करीम आदि मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं ने वन्य जीवों की जुटाई जानकारी

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ईको टूरिज्म के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के तहत कॉर्बेट पार्क की कई रोचक जानकारी जुटाई। शैक्षिक भ्रमण के तहत छात्रों ने जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला जोन का अध्ययन किया। जिसमें उन्होंने जैव विविधता, वन्य जीव जंतु, पारिस्थितिक पर्यटन आदि की जानकारी एकत्रित की। ईकोटूरिज्म की संयोजक डॉ. कृष्णा भारती ने छात्रों से पर्यटन व्यवसाय में रोजगार के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान प्रताप चमोला, दीपक जोशी, मुकेश, हरीश रौतेला, नीरज बिष्ट, ललित कडाकोटी, मनीष, गौरव मनराल मौजूद रहे।

1010 पोलिंग बूथों के लिए सौंपे ड्यूटी पत्र

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव- 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद के 1010 पोलिंग बूथों के लिए मतदान/पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नोडल अधिकारी मतदान/मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में जनपद के 6 विधानसभा सीटों पर कुल 1010 पोलिंग बूथों के लिए मतदान/पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय की नियुक्ति कर ड्यूटी पत्र वितरित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लालकुआं में 142 पोलिंग बूथ, भीमताल में 157, नैनीताल में 165, हल्द्वानी में 183, कालाढूंगी में 217 एवं रामनगर में 146 बूथ हैं।

एमसीएमसी कमेटी ने 7 आवेदनों का किया अनुमोदन

हल्द्वानी : जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी की ओर से 2 अप्रैल तक राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के 3 इलेक्ट्रॉनिक आवेदन एवं 4 सोशल मीडिया के आवेदनों को कमेटी की ओर से अनुमोदन किया गया। नोडल अधिकारी एमसीएमसी शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि राजनैतिक दलों के प्रत्याशी ने सोशल/इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापनों का मीडिया प्रमाणन एवं निरीक्षण समिति एमसीएमसी से प्रमाणित कराना अनिवार्य है। जनपद स्तरीय एमसीएमसी सोशल मीडिया की टीमें प्रत्याशियों के इंटरनेट मीडिया एकाउंट पर विशेष निगरानी कर रही हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रधानमंत्री मोदी को देखने के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

संबोधन के बाद लौटते वक्त रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

जाते-जाते जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर गए मोदी

वापसी के दौरान अचानक गाड़ी से निकले मोदी, एसपीजी भी हुई हैरान, प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो से किया लोगों का अभिवादन

रुद्रपुर में मोदी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद जाते-जाते पीएम मोदी जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर गए। सुबह से पीएम मोदी की एक झलक पाने को आतुर जनसैलाब ने नहीं सोचा था कि वापस जाते समय पीएम मोदी गाड़ी से बाहर निकलकर लोगों का अभिवादन करेंगे। यह देख एसपीजी भी हैरान रह गई और आनन-फानन में एसपीजी ने मोदी की कार को सुरक्षा घेरे में ले लिया।

मंगलवार की दोपहर 12 बजकर बीस मिनट पर पीएम मोदी का काफिला कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। उस वक्त तक भीड़ के आने का सिलसिला जारी था और जनसैलाब कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाया था। जब मोदी का भाषण प्रारंभ हुआ तो भीड़ भी आनी शुरू हो गई। इसके बाद लोग मोदी की एक झलक पाने को मार्ग पर बने डिवाइडर पर खड़े हो गए। अपने संबोधन के बाद पीएम मोदी का काफिला कार्यक्रम स्थल से बाहर निकला।

इस दौरान पहले पीएम ने गाड़ी में बैठे-बैठे ही हाथ हिलाकर लोगों को अभिनंदन किया। इसके बाद सौ मीटर दूर जाने के बाद अचानक गाड़ी का दरवाजा खोला तो गाड़ी की गति धीमी हो गई और मोदी ने खड़े होकर हाथ हिलाकर जनसैलाब का अभिवादन करना शुरू कर दिया। जिसे देखकर जहां भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेडिंग को तोड़ने की कोशिश करनी लगी। इसके बाद एसपीजी कमांडो ने गाड़ियों से कूदकर पीएम मोदी की गाड़ी को घेर लिया। पीएम मोदी ने डीडी चौक तक रोड शो कर सभी को हैरान कर दिया। बता दें कि पिछले चुनावी जनसभा के दौरान पीएम ने आने के दौरान रोड शो किया था।

12 बजे दोपहर बाद जब जनसैलाब के आने का दौर शुरू हुआ तो थमने का नाम नहीं लिया

30 से 40 हजार कुर्सियां रखी गईं थीं पीएम मोदी की सभा को लेकर कार्यक्रम स्थल पर

02 दिनों से भाजपा नेताओं ने चुनावी जनसभा को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी

दोपहर 12 बजे कार्यक्रम स्थल की ओर जाता जनसैलाब। ● अमृत विचार

सुरक्षा के मद्देनजर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

साढ़े 11 बजे बढ़ने लगी थीं भाजपा नेताओं की धड़कनें

रुद्रपुर : किच्छा बाईपास स्थित मैदान में पीएम मोदी की चुनावी जनसभा को पिछले दो दिनों से भाजपा नेताओं ने ऐतिहासिक बनाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे तक कार्यक्रम पंडाल में भीड़ नहीं जुटी तो भाजपा नेताओं के माथे पर पसीना आना शुरू हो गया, लेकिन दोपहर 12 बाद जब जनसैलाब के आने का दौर शुरू हुआ तो थमने का नाम नहीं लिया। बताते चलें कि पीएम मोदी की सभा को लेकर कार्यक्रम स्थल पर 30 से 40 हजार कुर्सियां रखी गई थीं। मंगलवार को साढ़े 11 बजे तक पंडाल में पड़ी ज्यादातर कुर्सियां खाली रहीं और पीएम मोदी के आने का समय भी नजदीक आने लगा। इसे देखकर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर सिकन आनी शुरू हो गई और इसके बाद अचानक जब भीड़ के आने का सिलसिला शुरू होने लगा तो साढ़े 12 बजे तक पंडाल खचाखच भर गया। तब जाकर भाजपा नेताओं के चेहरे पर मुस्कराहट आने लगी और भीड़ जुटने का दौर एक बजे तक चलता रहा। आलम यह था कि मोदी का भाषण समाप्त होने के बाद भीड़ डिवाइडर के किनारे खड़ी हो गई और पीएम का इंतजार करने लगी।

छावनी में तब्दील रहा रुद्रपुर शहर

रुद्रपुर : पीएम मोदी के आगमन को लेकर सुबह से ही पूरा शहर छावनी में तब्दील हो गया था। नैनीताल हाईवे से किच्छा बाईपास मार्ग, डीडी चौक से लेकर इंदिरा चौक, डीडी चौक से काशीपुर बाईपास मार्ग के अलावा किच्छा से आने वाले सभी मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात था। यह मुख्य चौराहे पर एसपी और सीओ कमान संभाले हुए थे और मोदी एंट्री पर भी भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिस कारण शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात देखा गया।

यह लोग रहे मौजूद

उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, संगठन मंत्री अजय, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, काशीपुर अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, नैनीताल जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, विधायक बंशीधर भगत, अरविंद पांडेय, सरिता आर्या, मोहन सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह चीमा, राम सिंह कैड़ा, पूर्व सांसद बलराज पासी, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, काशीपुर निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, अमित नारंग, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, प्रदीप बिष्ट, तरुण वंसल समेत कई भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झलकियां

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते थारू बुक्सा जनजाति के कलाकार।

थारू बुक्सा कलाकारों ने सड़क पर दी प्रस्तुति

रुद्रपुर : पीएम मोदी के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति नहीं होने पर खटीमा से आए थारू बुक्सा जनजाति के कलाकारों में इतना उत्साह था कि उन्होंने आवाजाही मार्ग पर ही अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उन्होंने थारू संस्कृति पर आधारित वेशभूषा पहनकर कार्यक्रमों की प्रस्तुति देनी शुरू कर दी। जिसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा और हर किसी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

और साहबजादे कह रहे कि आग लग जाएगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने इरादे दिखा दिए हैं। शाही परिवार के साहबजादे ने कहा कि यदि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो आग लग जाएगी। 60-65 साल तक देश पर राज करने वाले 10 सालों के लिए बाहर क्या हुए अब आग लगाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में जनता से पूछा कि आग लगाने की बात उचित है, ऐसे लोगों को सरकार में आने देंगे। इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का लोकतंत्र में भरोसा नहीं रह गया है। कांग्रेस देश को अस्थिरता और अराजकता की ओर ले जाना चाहती है। कांग्रेस ने देश के वीर सपूत स्व. विपिन रावत का अपमान किया था। ऐसी कांग्रेस से देशभक्ति की अपेक्षा नहीं की जा सकती। कांग्रेस,तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसी धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है लेकिन जब भाजपा सीएए से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। सभी जानते हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से जो शरणार्थी आए हैं, उनमें से अधिकतर दलित परिवार हैं, सिख परिवार हैं, बंगाली परिवार हैं लेकिन कांग्रेस इन लोगों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

मुफ्त मिलेगी बिजली और होगी कमाई भी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीसरे टर्म में और बड़े काम करने जा रहे हैं। मेरा लक्ष्य 24 घंटे बिजली, बिल शून्य और बिजली से कमाई कराना है। इसके लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। इसमें घर की छतों पर सोलर पैनल लगाने में सरकार मदद करेगी। एक मध्यम वर्गीय परिवार को 300 यूनिट बिजली की खपत के बाद जो बिजली बचेगी उसे सरकार खरीदेगी।

ठुकराल-मोदी की फ्लेक्सी लेकर प्रचार करते पूर्व विधायक ठुकराल के समर्थक।

'ठुकराल के बिना अधूरा भाजपा का परिवार' पोस्टर की चर्चा

रुद्रपुर : प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी जनसभा के दौरान जिस मार्ग पर भीड़ की आवाजाही थी। उस मार्ग पर पूर्व विधायक ठुकराल के समर्थक हाथों में 'ठुकराल के बिना अधूरा भाजपा का परिवार' लिखे फ्लेक्स लेकर पहुंच गए। उन्होंने इन पोस्टरों को प्रधानमंत्री मोदी को दिखाने की कोशिश भी की। इसे देखकर भाजपा कार्यकर्ता दंग रह गए। ठुकराल समर्थकों का यह तरीका भाजपा में चर्चा का विषय बन गया। इससे पूर्व विधायक ठुकराल की भाजपा में जाने की छटपटाहट को बल मिला। बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक के छोटे भाई संजय ठुकराल इस रणनीति को कामयाब करने में जुटे हुए थे।

कार्यकर्ता भूले अपनी मर्यादा, पड़े रहे झंडे

सड़क पर पड़े मुखौटे व झंडे।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पीएम मोदी की चुनावी सभा का कार्यक्रम स्थल हो या फिर बाहर का इलाका। चारों ओर भाजपा के झंडे और मोदी के मुखौटे सड़कों पर पड़े हुए देखे गए। हुआ यूं कि कार्यकर्ताओं और लोगों की भारी आवाजाही के दौरान प्रवेश द्वार पर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को झंडे और पटके वितरित कर रहे थे। वहीं बच्चों को मोदी का मुखौटा दिया जा रहा था। कार्यक्रम के कुछ देर बाद ही देखा कि कार्यकर्ता मर्यादा भूल कर झंडे और पटके को नीचे ही फेंक कर आगे बढ़ते रहे। जिस कारण जगह-जगह झंडे, पटके, टोपी और मोदी के मुखौटों की बेकद्री हो रही थी। जिसे देखकर भाजपा नेता सुशील गाबा ने हिम्मत जुटाई और झंडे, पटके, मुखौटा और टोपी को बटोरना शुरू कर दिया। मगर काफी मशक्कत के बाद आखिरकार वह भी हार गए।

पूर्व सैनिकों ने भाजपा को दिया समर्थन


दिनेशपुर के चक्कीमोड़ पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को समर्थन देते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

उत्साह

▸▸ रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महासभा में हुए शामिल

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठनों के सदस्यों ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को समर्थन दिया। तत्पश्चात रुद्रपुर मोदी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल सभा के लिए प्रस्थान किया।

मंगलवार को सैनिक भवन चक्कीमोड़ में पूर्व सैनिक संगठनों के पूर्व सैनिकों ने विधायक अरविंद पांडेय व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को अपना समर्थन दिया। भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश व भारतीय सेनाओं का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने बताया सभी पूर्व सैनिक एकजुट होकर नैनीताल- उधमसिंह नगर से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजेंगे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष कै. धन सिंह कोरंगा, महासचिव सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा व कन्हैया लाल स्वर्णकार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पुष्कर सिंह कोश्यारी, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह मेहरा, कैलाश पाठक, गोपाल सिंह ठठोला, दान सिंह बड़ती, विनोद भट्ट, नंदन सिंह कोश्यारी, राजेंद्र सिंह पानू, देव सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, महेश दानू मौजूद रहे।

हंगामा | पुलिस में मचा हड़कंप, दौड़कर पकड़ा, अंकिता भंडारी हत्याकांड का उठाया मुद्दा

विरोध करने जा रहीं कांग्रेस नेत्रियां गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का विरोध जताने जा रही तीन कांग्रेस नेत्रियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेत्रियों को देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पहले ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार की दोपहर 12 बजे के करीब जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी के आने की सुगबुगाहट हुई, वैसे ही अचानक महिला कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली और ज्योति रौतेला हाथ में तख्ती लेकर गोपनीय तरीके से पैदल कार्यक्रम स्थल की ओर जाने लगी। तभी वहां तैनात पुलिस की नजर कांग्रेस नेत्रियों पर पड़ी तो पुलिस ने रोकना चाहा तो तीनों कार्यकत्रियां दौड़कर डीडी चौक से कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ने लगीं। इस पर महिला पुलिस ने उन्हें जद्दोजहद के बाद पकड़ लिया।

कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा का आरोप था कि पिछले डेढ़ साल में प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड का दौरा कर चुके हैं लेकिन अभी तक पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को सजा नहीं दिलाई, जबकि पीड़िता का परिवार संघर्ष कर रहा है। धामी सरकार ने अभी तक उस वीआईपी के नाम का खुलासा तक नहीं किया है। कांग्रेस नेत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार उत्तराखंड के मुद्दों को पहले हल करे।

विरोध करने जा रही कांग्रेस नेत्रियों को गिरफ्तार करती महिला पुलिस।

मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष कहता है कि मोदी थकता नहीं, रुकता नहीं है। मेरी जगह कोई और होता तो मौज करता मैं जनता के लिए मेहनत करने को पैदा हुआ हूं। बीते 10 सालों में जो विकास हुआ सब जानते मानते हैं लेकिन मोदी नहीं मानता है। जो 10 सालों में हुआ ट्रेलर था, अभी बहुत कुछ बाकी है। उत्तराखंड को बहुत आगे लेकर जाना है।

कांग्रेस ने कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का संबंध गुरुनानक देव, गुरु गोविंद सिंह और गुरु रामराय से है। कांग्रेस ने देश का ऐसा बंटवारा किया कि गुरुनानक की जन्म स्थली छिन गई, कई दशकों तक दूरबीन लगाकर देखी। तमिलनाडु के पास कच्चाथीवू द्वीप जो भारत का हिस्सा था लेकिन कांग्रेस ने उसको श्रीलंका को दे दिया।

परिजनों से जिदकर मोदी को देखने पहुंचे 98 साल के बुजुर्ग

प्रशंसक

▸▸ परिजनों ने टीवी पर सजीव प्रसारण देखने को कहा लेकिन नहीं माने बुजुर्ग

राजू वर्मा, काशीपुर

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रुद्रपुर में रैली शामिल होने के लिए 98 वर्षीय लाल सिंह निवासी भीम नगर परिवार से जिद करके पहुंचे। वह प्रधानमंत्री की नीतियों से बेहद प्रभावित है। उनका कहना है कि उनका पहला वोट कांग्रेस को ही गया। तब नेता घर-घर आकर परेशानियां पूछते थे लेकिन अब नेताओं में वो बात नहीं रही। अभी तक टीवी पर पीएम नरेंद्र मोदी को देखते ही वह पूरा भाषण सुनते रहे।

पीएम के संबोधन में विकास से लेकर आम जनता की बाते होती हैं। लंबे समय से पीएम नरेंद्र मोदी को करीब से देखने का मन था। जब लाल सिंह को पता चला कि प्रधानमंत्री रुद्रपुर आ रहे हैं तो उन्होंने भी रुद्रपुर जाने का फैसला किया। परिवार ने रैली में जाने से मना किया लेकिन वह नहीं माने। वह अड़ गए कि प्रधानमंत्री को पहली बार नजदीक से देखने का मौका है इसे वह किसी भी हाल में नहीं जाने देंगे। घर से रुद्रपुर की बस में सवार हुए और 60 किमी का सफर तय कर पहुंचे।

रैली में प्रधानमंत्री को सुनने के बाद फिर इतनी ही दूरी कर लौटे। हां सफर में बस पर चढ़ने उतरने के लिए सहयात्रियों की मदद जरूर ली।

रैली से लौटे 98 साल के बुजुर्ग।

ट्रेन के आगे कूदकर अधेड़ ने की खुदकुशी

सिर धड़ से हुआ अलग, जेब में मिले आधार कार्ड से हुई शिनाख्त, संभल का रहने वाला था मृतक, जाम लगा

आत्महत्या

संवाददाता, काशीपुर

10.45 बजे सुबह स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी कि दढ़ियाल रोड स्थित रेलवे फाटक के पास एक अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है तथा अधेड़ का कटा शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है

काशीपुर में मौके पर छानबीन करती रेलवे पुलिस। ● अमृत विचार

मोहन सिंह।

अमृत विचार : अज्ञात कारणों के चलते दढ़ियाल रोड स्थित रेलवे फाटक के पास एक अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मंगलवार सुबह 10.45 बजे स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी कि दढ़ियाल रोड स्थित रेलवे फाटक के पास एक अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है तथा अधेड़ का कटा शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पुलिस के एसएसआई सतीश शर्मा, एसआई भुपाल पौरी, एएसआई अजीत सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त मोहन सिंह (57) पुत्र रामलाल सिंह निवासी मऊ भरथल मधापुर जिला संभल, यूपी के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के पुत्र को सूचना दी। पुत्र गौरव ने बताया कि उसके पिता उसके साथ यहां रहते थे। आज सुबह वह घर से टहलने की बात कहते हुए घर से निकले थे। उसके पिता पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। जिसको लेकर वह काफी टेंशन में थे। उधर ट्रेन के ट्रैक पर अधिक समय तक रुकने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। जिसे पुलिस व सीपीयू के द्वारा खुलवा यातायात सुचारू कराया।

बानूसा गांव में मिला युवक का शव

खटीमा : बानूसा गांव में कूड़ा बीनने वाली महिलाओं द्वारा एक शव के देखे जाने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में शव की शिनाख्त हो गई। कूड़ा बीनने जा रही महिलाओं ने गांव में एक शव पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना झनकट पुलिस चौकी को दी। मृतक की शिनाख्त प्रतापपुर नंबर सात निवासी चंद्र प्रकाश उर्फ शिवा पुत्र त्रिभुवन सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि मृतक दो भाई हैं जिसमें वह बड़ा था और मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता था।

युवती की आत्महत्या मामले में रिपोर्ट दर्ज

किच्छा : आपत्तिजनक फोटो खींचकर शादी का दबाव बनाने से परेशान युवती के आत्महत्या मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कोतवाली अंतर्गत ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी पुत्री को ग्राम भूडा गौरी, थाना किच्छा निवासी आरोपी राजदेव ने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा इस कृत्य में ग्राम निवासी शंकर नाम के युवक ने भी सहयोग किया। आरोपी राजदेव उसकी पुत्री के आपत्तिजनक फोटो तथा वीडियो के नाम पर पुत्री पर विवाह करने का दबाव बना रहा था। बताया कि पुत्री द्वारा बताए जाने के बाद उसने आरोपी राजदेव तथा शंकर को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन दोनों पुत्री को परेशान करते रहे। अत्यधिक मानसिक तनाव के चलते उसकी पुत्री ने गत दिवस फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुत्री की आत्महत्या के लिए दोनों आरोपियों को जिम्मेदार ठहराते हुए पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

साइकिल और बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल

घायल लक्ष्मी सिंह।

बाजपुर: साइकिल-बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर एक युवक को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

मंगलवार की सुबह ग्राम मडैया हट्टू निवासी गुरमीत सिंह (27) पुत्र हरदेव सिंह बाइक पर गांव से बेरिया दौलत की ओर जा रहा था। इसी बीच बेरिया दौलत के समीप स्थित पीएनबी बैंक से घर की ओर जा रहे बेरिया दौलत मजरा पच्चू निवासी लक्ष्मी सिंह (60) की साइकिल से गुरमीत सिंह की बाइक टकरा गई। दोनों वाहन समेत काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने ई-रिक्शा से घायलों को उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने लक्ष्मी सिंह की गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

सार-संक्षेप

इफ्तार पार्टी में शामिल विभिन्न दलों के नेता। ● अमृत विचार

भाजपा नेता ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

काशीपुर : युवा भाजपा नेता हबीबुर्रहमान बबलू ने एक होटल में रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इसमें भाजपा के कई नेता शामिल हुए। सोमवार को एक पैलेस में आयोजित इफ्तार पार्टी में भाजपा नेता राजेश कुमार, दर्जा राज्यमंत्री मजहर नईम नवाब और डॉ. युनूस चौधरी ने संयुक्त रूप से शिरकत कर रोजदारों को आगामी ईद की बधाई दी। इस मौके पर गुलाम मुस्तफा, यासीन अंसारी, प्रियंका अग्रवाल, यशवीर सिंह राठी, चौधरी कुमार पाल, जगत सिंह चौधरी, रईस अहमद, रईस सैफी, सगीर अहमद आदि मौजूद रहे।

खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव में खुशी मनाते शिक्षक और बच्चे।

धूमधाम से मना सिटी कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव

खटीमा : सिटी कॉन्वेंट स्कूल का 17वां स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में आयोजित समारोह का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके किया। एजुकेशनल डायरेक्टर उपाध्याय ने अपने समय की परिस्थितियों व संसाधनों की वर्तमान से तुलना करते हुए बताया कि आज सभी विद्यार्थियों के सामने आगे बढ़ने के सभी अनुकूल संसाधन हैं। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडेय, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी आदि मौजूद रहे।

सितारगंज में बच्चों को स्कूल बैग बांटते ट्रस्ट के सदस्य। ● अमृत विचार

स्कूल बैग से बच्चों के चेहरे पर आई रौनक

सितारगंज : श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी अमरजीत कौर के जन्मदिन पर श्रीरामलीला मैदान में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग व अन्य पाठन सामग्री बांटी। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर जो खुशी देखने को मिल रही है वह अतुलनीय है। वरिष्ठ समाज सेवक महेश मित्तल ने कहा कि हर वर्ष ट्रस्ट द्वारा समाजहित में बहुत ही नेक कार्य किये जाते हैं। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, महेश मित्तल, सुखवीर सिंह बेदी, रमेश गोयल, गुरदयाल सिंह, सोप्रीत भाटिया, बलविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री अमित रस्तोगी, मक्खन सिंह आदि मौजूद रहे।

सुल्तानपुर पट्टी में शिविर का शुभारंभ करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

सिलाई प्रशिक्षण के लिए 30 दिवसीय शिविर शुरू

सुल्तानपुर पट्टी : स्वरोजगार योजना के तहत नगर में सैनी धर्मशाला में सिलाई/ब्यूटीशन प्रशिक्षण के 30 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ समाजसेवी राजीव सैनी की धर्मपत्नी गीता सैनी ने फीता काटकर किया। कैंप में पहुंचे बिजनेस डिप्लोमेट मैनेजर गुरदीप सिंह व संगीता ने बताया कि स्वरोजगार योजना के तहत महिलाओं को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। कैंप में सुंदरी देवी, रितु अग्रवाल, किरन मौर्य, राधा मौर्य, मिथलेश, पवन, अनीता, शोभा, दीपमाला, रीना, काजल आदि मौजूद थे।

हथियारों के बल पर जबरन जमीन जोतने का आरोप

किच्छा : हथियारबंद दबंगों ने किसान की भूमि को जबरन जोतकर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित किसान ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में ग्राम बंडिया निवासी पपिंदर सिंह ने बताया कि उनकी संयुक्त कृषि भूमि ग्राम बंडिया में है। इसकी पैमाइश राजस्व विभाग द्वारा कराए जाने के बाद उन्होंने भूमि पर खूंटे लगा दिए थे। पीड़ित के अनुसार बेदी मोहल्ला निवासी अजीत सिंह बेदी, रघुवीर सिंह बेदी, राजेंद्र सिंह बेदी, सुखबीर सिंह द्वारा अपने साथियों अमरजीत सिंह, आशु तथा सिमरन सहित कुछ अन्य हथियारबंद दबंगों के साथ मौके पर पहुंचकर खूंटे तोड़ दिए और कृषि भूमि को जबरन जोतना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पूर्व दर्जा राज्यमंत्री चितरंजन राहा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते जनप्रतिनिधि।

पूर्व दर्जा राज्यमंत्री चितरंजन राहा को किया याद

दिनेशपुर : पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व नगर के प्रथम नपं अध्यक्ष चितरंजन राहा की 19 वीं पुण्यतिथि पर सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने उन्हें याद किया। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार व पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि स्व. राहा ने हमेशा बंगाली विस्थापितों व अन्य वर्गों के लोगों की समस्याओं के लिए संघर्ष किया। मधुर भाषी व मिलनसार होने पर नगर पंचायत के प्रथम व दूसरी बार लगातार अध्यक्ष चुने गए। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने उन्हें दर्जा राज्य मंत्री बनाया था। क्षेत्र की जनता उनके योगदान को कभी नहीं भुला सकती। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, बड़े भाई सुधारंजन राहा, कांग्रेस नेता केके गावा, जिला उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, वीरेंद्र चंद्र हालदार, रमेश बैरागी, कालीपद विश्वास, नारायण हालदार, विकास अरोरा, अमित राहा, राकेश बाठला, प्रमित राहा, काशीनाथ गुप्ता, ललित खोलिया, प्रमोद अरोरा, चंचल सिंह देऊपा, मनोज आर्य आदि मौजूद थे।

राजनेताओं ने समाज को भ्रष्ट करने का काम किया

संवाददाता, काशीपुर

राजीव नयन बहुगुणा।

अमृत विचार : चिपको आंदोलन के प्रेरणा सुंदर लाल बहुगुणा के पुत्र साहित्यकार व पर्यावरणविद् राजीव नयन बहुगुणा ने कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के नेताओं पर चुनाव में असल मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राजनेताओं ने समाज को भ्रष्ट करने का काम किया है और जनता क्षणिक लाभ देखकर वोट डाल रही है।

मंगलवार को पर्यावरणविद् राजीव नयन बहुगुणा ने गिरिताल के पास प्रेसवार्ता की। लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि नेताओं ने खुद को भ्रष्ट करने के साथ ही समाज को भी भ्रष्ट कर दिया है। आरोप लगाया कि चुनाव में नोट और मुर्गा पर बिकने की बात होती है। समाज अपना क्षणिक लाभ देख रहा है। इसके लिए एक सप्ताह, एक माह और पांच साल का लाभ देखा जा रहा है। उत्तराखंड में चुनाव का असली मुद्दा नदियां, जलस्रोत के संरक्षण का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जलस्रोत ही समाप्त हो जाएंगे तो कितना भी पैसे खर्च कर लिया जाए, इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा। अंकिता भंडारी मुद्दा हमारी अस्मिता का प्रश्न है और भू- कानून उत्तराखंड में रहने का मुद्दा है।

झोपड़ी व गौशाला में लगी आग, मवेशी की मौत

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अज्ञात कारणों से लगी आग में दो लोगों की झोपड़ी व गौशाला जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गई, जबकि दो बुरी तरह से झुलसे हुए हैं। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

विकासखंड के ग्राम पहाड़पुर के अंतर्गत वेदप्रकाश की झोपड़ी में आग लग गई जिसने नजदीक में स्थित भूरा यादव के आवास को भी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के बाद घर में मौजूद परिजनों ने किसी तरह बाहर भागकर जान बचाई। बताया जाता है कि आग की चपेट में आकर वेदप्रकाश की एक मवेशी की मौत हो गई है, जबकि दो मवेशी बुरी तरह से झुलस गए। वहीं भूरा यादव के घर में रखा भूसा व अन्य घेरलू सामान जलकर राख हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड यूनिट प्रभारी चंदन सिंह की अगुवाई में दमकल कर्मी मनोज पांडेय, बलवंत तोमक्याल, दीपक चंद आदि तत्काल मौके पर पहुंच गए और बमुश्किल आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि वेदप्रकाश के घर के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। आशंका जताई जा रही है कि तेज हवा के कारण तारों से निकली चिंगारी से आग लगी है।

बाजपुर में लगी आग से जली झोपड़ी व सामान। ● अमृत विचार

गैस सिलेंडर में लगी आग

बाजपुर : नगरपालिका के वार्ड नंबर-एक मोहल्ला बांकेनगर में मंगलवार को प्रतीक गंगवार के घर में उसके पिता खाना बना रहे थे। इस दौरान अचानक पाइप में लीकेज होने से गैस सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे वहां अफरातफरी मच गई। दौड़कर पहुंचे राजमिस्त्री ने सरिये से सिलेंडर को किसी तरह खींचकर रसोई से बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

मरूं जब मैं, चिता पर हिन्दुस्तान लिख देना...

आयोजन

- स्व. अनिल सारस्वत की याद में हुआ कवि संध्या का आयोजन
- श्री श्याम मॉडर्न स्कूल में कवियों ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, काशीपुर

दीप प्रज्ज्वलन कर काव्य संध्या का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मोहल्ला कानूनगोयान स्थित श्री श्याम मॉडर्न पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में ओजकवि स्व. अनिल सारस्वत की जयंती पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट चौधरी विजेन्द्र सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता समाजसेविका सरोज ठाकुर ने की।

कवि सोमपाल सिंह प्रजापति ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और फिर ओज कवि स्व. अनिल सारस्वत की रचना मरूं जब मैं चिता पर मेरी हिन्दुस्तान लिख देना, गर संभव हो तो तिरंगे का कफन भी देना, का पाठ किया। कवि प्रतोष मिश्रा ने सुनाया-तुमको तो बस एक कहानी लगती है, सारी बातों में आसानी लगती है। कवि कैलाश यादव, शकुन सक्सेना, सुरेन्द्र भारद्वाज ने भी काव्य पाठ किया। इस दौरान ब्राह्मण सभा समिति काशीपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शर्मा, प्रधानाध्यापिका शालिनी शर्मा, अमित कुमार शर्मा, अक्षत सक्सेना, तेजस्व गौड़, मनोज शर्मा, कर्तव्य गौड़ आदि उपस्थित रहे।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट में युवक घायल

बाजपुर: पारिवारिक भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में युवक घायल हो गया। वहीं एक महिला ने अपनी विधवा बहू पर जमीन पर जबरन कब्जा करने तथा गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। ग्राम धनसारा मोड़ नया गांव निवासी मुन्नी पत्नी घासीराम ने पुलिस को बताया कि उसकी विधवा बहू जमीन पर जबरन कब्जा कर रही है और जब उसे समझाया तो उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं बेटे राजन ने बचाने की कोशिश की तो उसके साथ भी मारपीट की गई। जान से मारने की नीयत से पाटल से सिर पर वार कर दिया जिसमें राजन घायल हो गया।

खटीमा अधिवक्ता एसो. के लिए मतदान आज

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान बुधवार प्रातः 10 बजे से होगा और आज ही शाम को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। आठ पदों के लिए 17 प्रत्याशी मैदान में हैं।

एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंवर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि बुधवार को प्रातः 10 बजे से तीन बजे तक बार भवन में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के पर्यवेक्षक महेंद्र पाल और मेहरबान सिंह कोरंगा की देखरेख में चुनाव अधिकारियों द्वारा संपन्न कराई जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सूरज प्रकाश और हरजिंदर सिंह कलसी, उपाध्यक्ष पद पर मनोहर लाल विश्वकर्मा और मलकीत सिंह, महिला उपाध्यक्ष पद पर ममता शर्मा और स्नेह लता राणा, सचिव पद पर साबिर हुसैन और हरजीत सिंह, उपसचिव पद पर अनिकेत पंत, आशीष मेहरोत्रा और सतीश चौहान, कोषाध्यक्ष पद पर लखविंदर सिंह और शहाना बेगम, लेखा परीक्षक पद पर मनोज और शहनवाज सिद्दीकी तथा पुस्तकालय पद पर अब्दुल मजीद और मधु राणा के बीच मुकाबला है।

हादसा

छोई रोड पर तेंदुआ खेत से सड़क पार करके दूसरी ओर जा रहा था, वन विभाग ने कराया पोस्टमार्टम

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

संवाददाता, बाजपुर

सड़क हादसे में मारा गया तेंदुआ। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ग्राम रतनपुरा में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया, वहीं वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है। ग्राम रतनपुरा स्थित एक फार्म के समीप छोई रोड पर सड़क पार कर रहा तेंदुआ तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। मंगलवार को मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए का शव अपने कब्जे में ले लिया, जिसे पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि छोई रोड पर तेंदुआ खेत से सड़क पार करके दूसरी ओर जा रहा था कि इसी बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। उधर, वन विभाग तेंदुए की मौत की सही वजह तलाशने में जुटा है।

तेंदुए से हुआ सामना, बाल-बाल बचा विवि कर्मी

पंतनगर : कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र में ड्यूटी कर रहे एक ठेका कर्मी का हल्दी रोड रेलवे स्टेशन मार्ग पर तेंदुए से सामना हो गया। गनीमत रही कि तेंदुआ भाग निकला, वरना कोई अनहोनी हो सकती थी। पंतनगर एयरपोर्ट व हल्दी रोड रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक नर व मादा तेंदुए सहित उनके दो बच्चों की उपस्थिति निरंतर दर्ज की जा रही है। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र में ठेका कर्मी पवन दूबे केंद्र के पास हल्दी रेलवे स्टेशन के प्रक्षेत्र में दो कर्मियों महेंद्र पासवान और रवि मंडल के साथ अनुसंधान संबंधी डाटा एकत्र कर रहे थे। वहीं कुछ दूरी पर अन्य कर्मी केंद्र पर लाने के लिए सूखे पेड़ ट्रैक्टर में लोड कर रहे थे। पवन ने बताया कि उन्होंने पहले भैंस की अजीब तरह से चिल्लाने की आवाज सुनी। कुछ देर में भैंस पवन के बगल से दौड़ती हुई निकली। शक होने पर उन्होंने अपनी बाइक स्टार्ट की और प्रक्षेत्र से बाहर निकल कर रेलवे स्टेशन की सड़क पर आ गए। इसी दौरान एक तेंदुआ तेजी से दौड़ता हुआ पवन के पैरों के पास तक आया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही वह घूम कर वापस केंद्र के अंदर चला गया। इसी बीच पवन ने देखा कि दो कर्मी सत्येंद्र व सुभाष, जो सूखे पेड़ लाने गए थे, वह सड़क पर पैदल आ रहे हैं। पवन ने बाइक वापस घुमाई और उनको बैठाकर केंद्र के पास ले आए और केंद्र के अन्य कर्मचारियों को फोन कर जानकारी दी। इतने में तेंदुआ फिर आया और एयरपोर्ट की दीवार पर एक छलांग में चढ़कर उसके अंदर कूद गया। पवन ने इसकी सूचना वन महकमे के अधिकारी राजू दास और केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ. आशुतोष दुबे को दी है।

काशीपुर के प्रोफेसर की पुस्तक जर्मनी में प्रकाशित

काशीपुर : खोखराताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के फार्मेसी विभाग के निदेशक डॉ. कपिल कुमार एवं फार्मेसी के विभागाध्यक्ष अमित कुमार सेन की पुस्तक नोबेल इमलजेल फॉर्मूलेशन फॉर टॉपिकल डिलीवरी जर्मनी में प्रकाशित हुई है।

डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि यह पुस्तक जर्मनी के लैंबर्ट एकेडमिक पब्लिशिंग की ओर से प्रकाशित की गई है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 43.90 यूरो एवं भारतीय मूल्य 3943 रूपये है। यह ऑनलाइन उपलब्ध है। विभागाध्यक्ष अमित सेन ने बताया कि यह पुस्तक उनके एवं डॉ. कपिल कुमार द्वारा किए गए शोध पर आधारित है। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान ने दोनों की उपलब्धि पर उनको बधाई दी है।

जाखन देवी मार्ग का निर्माण न होने से भड़के व्यापारी

गुस्साए व्यापारियों ने कार्यदायी संस्था पर लगाया लापरवाही का आरोप, शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर लोस चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आश्वासनों के बाद भी शिखर तिराहे से जाखन देवी तक के मार्ग का निर्माण न होने से अब नगर के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। नगर के व्यापारियों ने कार्यदायी संस्था पर अपने कार्य में लापरवाही का आरोप बरतते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण ना होने पर लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

नगर के शिखर तिराहे से जाखन देवी तक पिछले कई महीनों से बिछाई जा रही सीवर लाइन के कारण इस मार्ग खस्ता हालत में पहुंच चुका है। नगर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों समेत अनेक राजनीतिक संगठनों के लोग इस मार्ग की दशा को शीघ्र सुधारने की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी यह मार्ग अभी तक दुरुस्त नहीं हो पाया है। बीते दिनों अधिकारियों ने व्यापारियों को एक सप्ताह के अंदर इस मार्ग को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था। लेकिन इसके बाद भी इस मार्ग को अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। व्यापारियों का कहना है कि मार्ग के दुरुस्त ना होने के कारण स्थानीय लोगों समेत नगर के स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को इस मार्ग से आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि व्यापारी भी बदहाल मार्ग के कारण काफी दिक्कतों का सामना करने को मजबूर हैं। व्यापारियों ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया को ज्ञापन सौंपा है और इस मार्ग को शीघ्र दुरुस्त ना करने पर लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। एडीएम को दिए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष सुशील साह, भैरव गोस्वामी, अजय वर्मा, जया साह, मुकुल जोशी, नरेंद्र साह, वकुल साह, अश्विनी नेगी, आशीष कुमार, कुनाल नयाल, मनोज जोशी, संजय पाल, हेमंत पांडे, भुवन तिवारी, दीव बिष्ट, संतोष जोशी समेत अनेक व्यापारियों ने हस्ताक्षर किए हैं।

अल्मोड़ा में एडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों की चुनाव बहिष्कार की चेतावनी से फूले प्रशासन के हाथ पांव

अल्मोड़ा : पिछले पांच सालों से आधार केंद्र खोलने की मांग कर रहे ग्रामीणों की अनदेखी ऐन लोकसभा चुनावों के वक्त प्रशासन को भारी पड़ गई। भनोली तहसील के ढाई सौ से अधिक ग्रामीणों और युवाओं ने उनकी इस मांग पर कोई कार्रवाई ना होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजकर लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दे डाली। जिससे प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में एसडीएम और तहसीलदार मंगलवार को संबंधित गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को दो दिनों में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भनोली तहसील के दन्या क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा था कि वह जनपद के इस दूरस्थ क्षेत्र में आधार कार्ड बनने की कोई व्यवस्था ना होने के कारण लोगों को आधार कार्ड बनाने, उसमें संशोधन व अन्य संबंधित कार्यों के लिए सौ किलोमीटर दूर अल्मोड़ा के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों की मांग के बाद औपचारिकता के लिए दन्या डाकघर में आधार कार्ड बनाने की मशीनें स्थापित की गई। लेकिन ऑपरेटर ना होने के कारण वह भी सफेद हाथी साबित हुई। ग्रामीणों ने ज्ञापन में अपनी मांग पर कोई कार्रवाई ना होने पर इस बार लोकसभा और उसके बाद होने वाले सभी चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दी थी। जिसके बाद प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में मंगलवार को एसडीएम नागेंद्र कुमार और तहसीलदार बरखा जलाल मंगलवार को दन्या पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें दो दिनों में उनकी मांग पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश सिंह दरम्वाल ने इस दौरान कहा कि अपनी इस मांग को लेकर क्षेत्र के लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए अगर प्रशासन के दावे हवाई साबित हुए तो गांव गांव जाकर लोगों से चुनाव बहिष्कार की अपील की जाएगी। वार्ता के दौरान बसंत बल्लभ जोशी, महेश चंद्र भट्ट, खजान जोशी, ललित सिंह गैड़ा, नीरज पंत, निशा पांडे, मीना आर्या, अंजलि गुरुरानी, मेघा जोशी, राजन जोशी, भूमिका पंत, शेखर जोशी समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

दन्या में ग्रामीणों को समझाते अधिकारी।

ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान लिया वापस

संवाददाता टनकपुर

▸▸ प्रशासन के आश्वासन पर माने नौलापानी और तालियाबांज के ग्रामीण

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा वार्ता के माध्यम से समझाने पर आखिरकार ग्रामीण लोकसभा चुनाव बहिष्कार के ऐलान को वापस ले लिया है अब ग्रामीणों ने कहा है कि वह अब लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि पिछले दिनों जिले के उपेक्षित गांव नौलापानी और तालियाबांज के ग्रामीणों ने पानी, सड़क और विद्यालय की दुर्दशा को लेकर आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने का ऐलान किया था।

ग्रामीणों की इस घोषणा से जिला प्रशासन आखिरकार हरकत में आया। इस मसले को लेकर जिला प्रशासन व जिला निर्वाचन अधिकारी ने चम्पावत में ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामले को सुलझा दिया गया है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि चुनाव में मतदान का सभी को अधिकार है इससे कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए उनके समझाने पर आखिरकार ग्रामीण मान गए और उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान करने का निर्णय लिया।ग्रामीणों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई पहल को सकारात्मक रूप से लेते हुए चुनाव बहिष्कार की घोषणा को वापस लेते हुए कहा कि वह लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य ही उपयोग करेंगे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान चुनाव बहिष्कार नहीं है। बैठक में सभी ग्रामीणों द्वारा सकारात्मकता दिखाते हुए लोकसभा निर्वाचन में मतदान किए जाने के लिए आश्वस्त किया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट आदि रहे।

सार-संक्षेप

चार छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन

रानीखेत : विकासखंड ताड़ीखेत के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ताड़ीखेत के चार छात्रों तनीषा रौतेला पूजा गोस्वामी, सहजेब व ईशा का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। उनकी इस सफलता पर कॉलेज के प्रधानाचार्य निरंजन सिंह चौहान, ज्योति रावत, कुंदन रावत, माया रावत तथा विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जगदीश चंद्र व बिशन सिंह रौतेला सहित कालेज के समस्त स्टाफ ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की नियुक्ति

बनबसा : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ता संवाद बैठक का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री नरेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि अहिप की केंद्रीय उपाध्यक्ष सावित्री चंद ने बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में नवीन दायित्व की घोषणा के साथ नगर, तहसील व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में संरक्षक ओमप्रकाश अग्रवाल सहित तमाम वक्ताओं ने विचार रखे। निर्मल थ्वाल के संचालन में हुई बैठक में केंद्रीय संगठन मंत्री अहीप ईश्वरी प्रसाद, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद सुभाष जोशी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित मुरारी, महामंत्री ब्लॉक चंपावत नरेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष अनिल शर्मा, अध्यक्ष राष्ट्रीय छात्र परिषद अर्पित ठाकुर, अशोक ठाकुर, रघुवर दत्त भट्ट, रामेश्वर प्रजापति, विनोद त्रिवेदी, गीता देवी, पार्वती गुप्ता, उषा शर्मा, कृष्ण कुमार आदि रहे।

मेले में बिछड़ी बालिका पुलिस ने परिजनों को सौंपी

बनबसा : शारदा पुलिस ने बनबसा कैनाल मेला क्षेत्र में परिजनों से बिछड़ी नाबालिग बालिका को ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि मां पूर्णागिरि के दर्शनों को परिजनो के साथ कैनाल मेला क्षेत्र में पहुंची सिया कुमारी निवासी लखनऊ मेले में अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। इसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए बच्ची की खोजबीन कर उसे परिजनों के सुपुर्द किया।

फायर यूनिट ने घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

बनबसा : पुलिस ने सड़क दुर्घटना में घायल महिला को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जानकारी के अनुसार निर्मला देवी पत्नी शिव कुमार, निवासी रामनगर, जगतपुर, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश जो कि अपनी मोटरसाइकिल से पूर्णागिरी दर्शन के लिए जा रहे थे। आर्मी कैंट के पास ब्रेकर में मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होने से बाइक के पीछे बैठी महिला गिर गई थी। इसी दौरान पीछे से टनकपुर की ओर जा रही फायर यूनिट की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल महिला को अपने सरकारी वाहन में बैठाकर उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय टनकपुर मे भर्ती कराया।

ओपन टेनिस कुमाऊं 2024 का शुभारंभ 6 से

रानीखेत : रानीखेत ओपन टेनिस कुमाऊं कप 2024 का आयोजन पहली बार रानीखेत क्लब में फल्डलाइट युक्त नवनिर्मित सिंथेटिक टेनिस कोर्ट में किया जाएगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर तथा वर्तमान में उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन देहरादून के उपाध्यक्ष सुमित गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में कुमाऊं क्षेत्र की कुल 5 टीमें रानीखेत गुलदार, नैनीताल पीक्स, रामनगर किलर, हिमालयन स्पोर्टस विलेज, रुद्रपुर व द सेवन वंडर्स हल्द्वानी भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम में अधिकतम 9 प्लेइंग व नान प्लेइंग खिलाड़ी होंगे। यह डबल्स इवेंट प्रतियोगिता राउंड राबिन आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 अप्रैल प्रात : 10 बजे मुख्य अथिति संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। दो दिवसीय इस टीम चैम्पियनशिप के समस्त फाइनल मैच 7 अप्रैल को खेले जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह सायं 5 बजे से प्रारंभ होगा। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अमित कुमार आईजी एसएसबी व कमांडेंट केआरसी कार्यवाहक कर्नल विक्रम जीत सिंह होंगे। प्रतियोगिता में सचिव गौरव पांडेय व अरविंद साह द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एसएसबी रानीखेत व सह प्रायोजक देव भूमि कंसलटेंट, रानीखेत क्लब, सेवरन, होटल रिसोर्ट, रोज माउंट, संगरीला रिसोर्ट एंड रेस्टोरेंट हरतोला हैं। प्रेस वार्ता में एसएसबी के कमांडेंट राजेश ठाकुर, अरविंद साह, प्रभात माहरा, गोविंद सिंह बिष्ट, गौरव पांडेय आदि मौजूद थे।

पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

अल्मोड़ा : मंगलवार को थाना देघाट पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जहां वाहनों की तलाशी ली गई।

थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी ने बताया कि उप निरीक्षक हरविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देघाट बाजार समेत स्याल्दे, चंपानगर, वल्मरा आदि क्षेत्रों में अभियान चलाया और पच्चीस बाहरी लोगों का सत्यापन भी किया। पुलिस टीम ने भवन मालिकों को बिना सत्यापन के अपना कमरा किराए में ना देने की हिदायत भी दी।

सल्ट में पेयजल किल्लत बरकरार, आक्रोश

▸▸ टैंकर की भी नहीं व्यवस्था छोटे वाहनों से मिल रहा पानी अपर्याप्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पिछले एक सप्ताह से पेयजल संकट का सामना कर रहे सल्ट विकास खंड ग्रामीणों को राहत देने में पेयजल महकमा लगातार नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण अब यहां के लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

स्थानीय लोगों ने कहा है कि एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी जहां विभाग लाइनों में आए फाल्ट को दूर नहीं कर पाया है। वहीं विभाग टैंकरों तक से लोगों को पेयजल मुहैया कराने में नाकाम साबित हो रहा है। सल्ट विकास के सैंकडों गांवों को पेयजल मुहैया कराने वाली कोटेश्वर शशीखाल पेयजल योजना पिछले एक सप्ताह से ठप पड़ी है और लोगों के घरों में पानी की एक बूंद नहीं टपक रही है। ऐसे में क्षेत्र के लोग दूरदराज के नदी धारों से जैसे तैसे पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक ओर जहां विभाग के अधिकारी शिकायत के बाद भी लाइनों में आई खामी ठीक नहीं कर पाए हैं। वहीं विभाग पेजल मुहैया कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं कर पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है विभाग के पास पानी की आपूर्ति के लिए टेंकर तक की व्यवस्था नहीं है। छोटे वाहनों से दिन में एक बार दो चार हजार लीटर पानी वितरित कर विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।

सल्ट में छोटे वाहन से पानी के लिए मशक्कत करते लोग। ● अमृत विचार

शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया तेज

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनावों को देखते हुए पिथौरागढ़ पुलिस ने निजी लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिले भर के पुलिस कर्मी अपने अपने थाना क्षेत्रों में संबंधित लोगों के पास जाकर शस्त्रों का सत्यापन कराने के साथ ही उन्हें जमा कराने की हिदायत दे रहे हैं। एसएसपी रेखा यादव ने बताया कि अब 1814 लोगों के निजी शस्त्र लोकसभा चुनावों को देखते हुए जमा करा लिए गए हैं। जबकि अन्य शस्त्र धारियों को भी तीन दिनों में अपने अपने शस्त्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

चुनाव खर्च की सही जानकारी दें

▸▸ दस हजार से अधिक का नगद भुगतान नहीं कर सकते उम्मीदवार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा निर्वाचन के लिए चुनाव आयोग द्वारा तैनात व्यय प्रेक्षक अंकिता पांडे ने निर्वाचन व्यय मॉनीटरिंग दलों की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के खर्च पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

यदि उम्मीदवार द्वारा कहीं खर्च की राशि से कम खर्च दिखाया गया है तो उसे तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी को नोटिस जारी करने के अधिकार प्राप्त हैं। चुनाव व्यय प्रेक्षक ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय लेखा को लेकर कडे.निर्देश दिए हैं। इसलिए व्यय लेखा रजिस्टर को सही तरीके से व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन भरने की तारीख से प्रतिदिन के लेखा, कैश बुक और बैंक बुक का नियमित रूप से रख रखाव करना और नाम निर्देशन भरने की तारीख से उपगत सभी खर्चों को उसमें शामिल किया जाना है। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई रैली, उसमें प्रदर्शित व संस्तुत नाम पर किए गए सभी व्यय लेखा में जोड़े गए हों। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण तंत्र के अंतर्गत गठित टीम द्वारा हर एक निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रखी जाए।

कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेतीं चुनाव व्यय प्रेक्षक। ● अमृत विचार

चिनौना में शिक्षक नियुक्त करने की मांग

अल्मोड़ा : विकास खंड हवालबाग के ग्रामीणों ने क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती किए जाने की मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से की है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय सिंह बिष्ट ने कहा है कि हवालबाग विकास खंड के इस विद्यालय में आसपास के गांवों और तोकों के दर्जनों बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। लेकिन वर्तमान में यहां केवल एक शिक्षक तैनात है। जिस कारण नौनिहालों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। बिष्ट ने एक बार फिर ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुख्य शिक्षा अधिकारी एबी बलौदी को सौंपा है। ज्ञापन में अभिभावकों ने कहा है कि अगर विद्यालय में शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो वह आंदोलन करेंगे।

सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

अल्मोड़ा : जिले के एसएसपी व पुलिस परिवार ने अल्मोड़ा में कार्यरत दो अपर उप निरीक्षकों और एक हेड कांस्टेबल को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान एसएसपी ने तीनों कार्मिकों के सेवाकाल की प्रशंसा की और अन्य कार्मिकों से उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हुए अपर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, देवी दत्त तथा हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह नेगी को भावभीनी विदाई दी गई। अपर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह 41 वर्ष, 04 माह, 10 दिन की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

वर्ग पहेली-28

बाएं से दाएं

1. गजपिप्पली की जाति का एक पौधा जिसकी लकड़ी और जड़ औषधि के काम में आती है।
2. 1. बुद्धि 2. सोचने-समझने की शक्ति, समझदारी।
5. 1. शिक्षित 2. जिसे पढ़ना-लिखना आता हो 3. पढ़ने-लिखने में सक्षम।
6. 1. आलोचना के रूप में व्यक्त संक्षिप्त विचार 2. टिप्पणी, उपकथन।
10. 1. अनेक लोगों का बोलना

ऊपर से नीचे

3. हवा का झोंका, तेज़ हवा का झटका या धक्का, हल्की नींद।
4. किसी कार्य या वस्तु को अस्त-व्यस्त या उलट-पुलट करने की क्रिया या भाव।
7. 1. जो चिकना तथा फिसलनदार हो 2. कीचड़ आदि के कारण रपटनवाला, पिच्छल।
8. 1. कथरी, पुराने वस्त्रों को सिलकर बनाई गई ओढ़ने की चादर, गुदड़ी 2. योगियों का परिधान।
9. 1. मिथिला का निवासी 2. राजा जनक।



वर्ग पहेली -27 का हल

			1 फं	की		
	2 झु	र	ना			3 बा
	ल			4 अ	पो	लो
	5 स	मी	ची	न		चि
	न			हो		त
6 भा		7 ज़	बा	नी		
लू		माँ			8 चि	ड़ा

सुडोकू-107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	4	1		8				
3			2		7			5
	5					4		6
		7		2		9		
	9		3		1		2	
		5		6		8		
6							3	
			4		2			9
				3		7	1	

सुडोकू -106 का हल

6	4	9	3	1	7	5	2	8
2	8	1	6	5	9	7	3	4
3	7	5	8	4	2	1	9	6
9	3	4	5	7	6	8	1	2
1	2	7	9	8	4	6	5	3
5	6	8	1	2	3	4	7	9
4	1	3	7	9	8	2	6	5
7	9	2	4	6	5	3	8	1
8	5	6	2	3	1	9	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अप्रैल,बुधवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-नवमी 18.29 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 21.47 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। विदेशी भूमि पर रहे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिनचर्या को संतुलित रखने से मन प्रसन्न रहेगा। निर्माण कार्यों के लिए दिन विशेष शुभ है।

वृष — आज विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होगी। अधिकारी वर्ग आपसे संतुष्ट रहेंगे,लेकिन फिर भी आपको सबसे समन्वय बनाने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे।

मिथुन — आज लोग आपकी उदारता का गलत प्रयोग करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। अपने काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। उपयुक्त पोषण की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

कर्क — आज आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा।

सिंह — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। आध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

कन्या — आज लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। समाज में आपका नाम ऊंचा होगा। अनुसंधान कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

तुला — आज शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा। बॉस का भरोसा आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

वृश्चिक — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकारात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक को विवाह की चिंता रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें।

धनु — आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमीजन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी। जॉब इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है।

मकर — आज व्यापार में अपेक्षानुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अचानक यात्रा की योजना बन सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है।

कुंभ — आज कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। किसी नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मीन — आज पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण काफी सुखमय रहेगा। किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
फतेह — सुबह : 11.00
दानवीर — रात : 07.00

&pictures
बच्चन पांडे — सुबह : 11.11
उड़ता पंजाब — रात : 08.00

SONY PIX
द मैन फ्रॉम टोरंटो — सुबह : 10.55
रैम पेज — रात : 07.07

ZEE CINEMA
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 11.05
हम पांच — शाम : 04.45

colors CINEPLEX
दो रास्ते — दोपहर : 12.27
विश्वासघात — रात : 09.01

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपत्ति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

संपादकीय

युवा रोजगार की स्थिति

भारत में युवा रोजगार की वर्तमान स्थिति निराशाजनक है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के साथ मिलकर 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' जारी की है। चिंताजनक है कि पढ़े-लिखे बेरोजगारों जिन्होंने कम से कम दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की है, की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी 2000 के मुकाबले दोगुनी हुई है। बेरोजगारों में, शिक्षित युवाओं का अनुपात 2022 तक लगभग दोगुना होकर 65.7 प्रतिशत हो गया है, जो 2000 में 35.2 प्रतिशत था। यानि अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। ये निराशाजनक आंकड़े बेहतर भुगतान वाली नौकरियों की इच्छा रखने वाले शिक्षित युवाओं को शामिल करने में सक्षम नौकरियों की अनुपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता में कमियों को रेखांकित करते हैं जिसके कारण बड़ी संख्या में शिक्षित युवा अभी भी नौकरी के मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखने के बाद मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या उसमें गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में लोगों का वेतन ज्यादातर एक जैसा रहा है या ये घटा है। नियमित श्रमिकों और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वेतन में साल 2019 के बाद नकारात्मक प्रवृत्ति देखी गई है। इतना ही नहीं अकुशल श्रमिकों को साल 2022 में न्यूनतम वेतन तक नहीं मिला है। तकनीक से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। युवाओं में बुनियादी डिजिटल साक्षरता की कमी की वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। 90 प्रतिशत भारतीय युवा स्प्रेडशीट में गणित के फॉर्मूला लगाने में असमर्थ हैं। 60 प्रतिशत युवा फाइलें कॉपी और पेस्ट नहीं कर सकते हैं। वहीं 75 प्रतिशत युवा किसी अटैचमेंट के साथ ईमेल भेजने में असमर्थ हैं।

हालांकि उच्च और मध्यम स्किल वाली नौकरियों में युवाओं का बेहतर प्रदर्शन है। इन क्षेत्रों में नौकरी की असुरक्षा अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। अब आम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ, राजनेताओं ने नौकरियां सुनिश्चित करने और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को न केवल उनके अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति निर्माण में भी प्राथमिकता दी है। श्रम संगठन की रिपोर्ट में सभी के लिए बेहतर नौकरियां सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस व्यापक नीतिगत दृष्टिकोण की कमी पर जोर दिया गया है। इसलिए तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

कौन चुन-चुनकर मार रहा है पाक में चीनियों को

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है, पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है।

पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिकों पर एक के बाद हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हमले पाकिस्तान में चीन की मदद से तैयार हो रही बहुत सारी विद्युत और अन्य विकास परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी इंजीनियरों पर हो रहे हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बीते हफ्ते एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया है। ये परियोजनाए हैं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। बता दें कि एक दौर में खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है, पर अब यह जल रहा है।

चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे हैं। चीनियों पर हमले बलूचिस्तान में भी नियमित रूप से हो रहे हैं। पाकिस्तान के मशहूर अखबार द डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। अखबार ने सेंट फॉर रिसर्ट एंड सिक्युरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) के हवाले से उपर्युक्त जानकारी दी है। जाहिर है कि चीनी नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है।

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। चीनी नागरिकों में हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन पाकिस्तान के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। चीनियों पर हाल हाल ही में हुए हमले के तुरंत बाद इन तीनों संगठनों के नाम सामने आए। माना जाता है कि टीटीपी चीनियों के पीछे हाथ धोकर पड़ा है। इसके कमांडरों में से एक को 2021 में चीनियों पर हालिया हमले की तरह से हुए हमले के पीछे का मास्टरमाइंड घोषित किया गया था।

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान गित क्षेत्र को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये 'सम्मान' हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण अक्सर खबरों में रहा है। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में चल विकास परियोजनाओं में सैकड़ों चीनी नागरिक काम करते हैं। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार हमजा हबीब ने इस लेखक को बताया कि खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने नतमस्तक रहते हैं। इस स्थिति के कारण इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकी संगठनों ने बीते अक्टूबर 2022 में राज्य के एक मंत्री को बंधक बना लिया था। उन्होंने आतंकवादियों की रिहाई की मांग की थी। इन्होंने सन् 2013 में नंगा पर्वत बेस कैंप पर विदेशी पर्वतारोहियों को निशाना बनाया था। इन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं को समाप्त करने की मांग की थी। ये अंधकार युग में जीते हैं। सवाल ये है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो ये वहां पर विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं।

एक बात गौर करने लायक यह है कि चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे। चीनियों पर हमले पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में भी होते रहे हैं। आमतौर पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) चीनियों पर हमलों की जिम्मेदारी लेता रहा है। पिछले साल के मार्च महीने में बलूचिस्तान ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर आतंकियों ने हमला किया था। उस हमले में पाकिस्तान सेना के कई जवान मारे गए थे। इस बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के केंद्र बिंदुओं में से एक बना हुआ है। दरअसल ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों ने पहले भी 60 अरब अमेरिकी डॉलर की सीपीईसी परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

एक बात और, अशांत बलूचिस्तान में अज्ञात बंदूकधारी राजमार्गों पर चलने वाली बसों में सवार पंजाबी यात्रियों को गोली मार रहे हैं। सेना जैसी वर्दी पहने बंदूकधारियों ने कराची और ग्वादर के बीच चलने वाली कई बसों के यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और फिर अपना खूनी खेल चालू कर दिया। मारे गए सभी अभागे बस यात्री पंजाबी थे। हत्यारे बस को रोककर मुसाफिरों से उनके पहचान पत्र मांगते हैं। वे गैर-पंजाबियों को छोड़ देते हैं। पाकिस्तान सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से छुपाना चाहती है, पर ये सोशल मीडिया के दौर में हो नहीं पाता। खबरें जैसे-तैसे दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। जानकार कहते हैं कि पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है, पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है। प्राकृतिक संसाधनों के भी अपनी सरकार से तमाम गिले-शिकवे हैं। खैबर और बलूचिस्तान में चीनियों पर हमलों की एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि इन प्रदेशों में सक्रिय आतंकी संगठनों को लगता है कि अब जो विकास परियोजनाएं चीन की मदद से उनके यहां चल रही हैं, उसका लाभ उनकी बजाय शेष पाकिस्तान को ही होगा।

अब सवाल ये है कि पंजाबियों को बलूचिस्तान में किस कारण से निशाना बनाया जा रहा है? जाहिर है कि पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। हालांकि हिंसा को सही तो नहीं माना जा सकता। तो जान लीजिए कि सारा पाकिस्तान नफरत करता है पंजाब और पंजाबियों से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है, उनके हकों को मार रहा है।

प्रसंगवश

शहादत का फलसफा

जिन्हें लगता था कि उनको जहर बुझे खंजर से खत्म कर देंगे। आज वह कहां हैं? किसी को नहीं पता, जो यह समझते हैं कि किसी को धोखे से कत्ल करके, वह जीत जाएंगे। असलियत में वह हार ही रहे होते हैं। एक मजबूत विचार वाले व्यक्ति का कत्ल उसे और ज्यादा दिलों में बिखेर देता है। एक बार दिलों में बिखरते ही, वह पुश्त दर पुश्त नीचे जिंदा होता चला जाता है।

19 वीं रमजान में हजरत अली की पीठ में धोखे से जो जहर बुझा खंजर घोपा गया, उसने जिस्म को भले ही नुकसान पहुंचाया हो मगर रूह को इतना आजाद कर दिया कि वह जमीन के हर हिस्से में बिखर गई। उन्हें शहीद करने वालों को लगा था कि चलो आज से इनका किस्सा खत्म हुआ, मगर बदबख्तों ने यह नहीं सोचा की आज से वह हर तरफ सूरज की तरह चमकेंगे। उनकी चमक इन जुल्मियों को अंधा कर देगी। पीठ पर उनके जख्म हुआ, मगर वह ज़ख्म देने वालो के लिए ही नासूर बन गया।

हफीज किदवई
लेखक

21 वीं रमजान के रोज हजरत अली की शहादत यकीनन दिलों में रंज पैदा करती है। तकलीफ होती है कि भला वह कैसे लोग थे, जो हजरत अली जैसी शख्सियत को बर्दाश्त नहीं कर सके। मुझे लगता था कि आखिर क्यों नहीं उस वक्त मस्जिद की दीवारें दरक गईं। जब हजरत अली जहर के असर से तकलीफ में दांत कसते होंगे। तब क्यों नहीं मस्जिद की मीनारें ढह गईं? लोगों ने जनाजे में तो भीड़ बनकर जाना मुनासिब समझा, मगर उनके हाथ क्यों नहीं नोच डाले, जिन्होंने यह गुस्ताखी की थी। आखिर अरब कैसे यह सब बर्दाश्त कर गया? तब मुझे शहादत का फलसफा समझ आया। बहुत बार हां बहुत बार खुदा जब अपने किसी महबूब के जिंदा जिस्म से काम ले चुकता है और उसका काम जमीन पर पूरा नही हुआ होता, तब वह ऐसे जिस्म को शहीद करता है।

यह शहादत फिर हजारों साल तक जुल्म, बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की रौशनी बनती है। हजरत अली की शहादत ने मक्के, मदीने, बसरा, दमिश्क सबकी गलियों में जुल्म के खिलाफ लोगों को एक कर दिया। उनके खून का एक-एक कतरा खुदा के इंसाफ की गवाही बनने को बेताब हो गया। हजरत अली उस माटी से निकल कर दुनियाभर में बस गए। सबने इल्म के बादशाह के सामने सर झुका लिया।

इल्म के बादशाह, शेरे खुदा, सूफीजम के बादशाह हजरत अली को जब पीठ में जहर बुझा खंजर लगा। मौत सामने देख अपनी प्यारी औलाद को उन्होंने पास बुलाया। आखिरी वसीयत करते हुए कहा, देखो जिसने मुझ पर खंजर चलाया है, उसके साथ ज्यादती मत करना। सजा उसे उतनी ही देना जितनी उसने गलती की है। उसे मेरी पीठ पर लगे जख्म से ज्यादा गहरा जख्म न लगे। मेरी तकलीफ से ज्यादा तकलीफ न हो, तुम उस पर जुल्म मत करना।

उनकी शहादत पर इतनी तो गांठ बांध लो की कल भी जुल्म से लड़ने के लिए शहीद होना पड़ता था, आज भी शहीद होना है। कल भी चालबाज लोग कत्ल को आखिरी हथियार समझते थे, आज भी समझते हैं। कल भी इंसाफ पसंद को धोखे से, मक्कारी से बदनाम करने का चलन था, आज भी है। कल भी बादशाही मशीनरी अवाम की आवाज को दबाने उठती थी, आज भी सरकारी मशीनरी अवाम की आवाज को कुचलती है। कल से आज सिर्फ आबादी की गिनती बढ़ी है, वरना हालात वैसे ही आते-जाते रहें हैं, जिन्हें आज जुल्म से लड़ना है, अवाम की आवाज बनना है। बेइंसाफी को जमीदोज करना है वह हजरत अली से सीखें। अपना दिल बड़ा करें, किरदार की बुलंदी को समझें और बेखौफ सीना तानकर, जुल्म की आंख में आंख डालकर मुकाबला करें। शहादत अगर आ भी गई तो शाही तख्त पर बैठे खास लोगों की ही चूले हिलेंगी। उनकी दीवारें चिटखेंगी। वह तुम्हारे बहते खून में हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे।

हजरत अली की शहादत पर उन्हें याद करने का वक्त 21 वीं रमजान हमें एक सबक देता है, उस सबक को याद रखिए। जुल्मी कितनी ही लालच दे, कितना ही डर बढ़ाए, डिगना मत और अपनी आखिरी सांस तक सच-इंसाफ के रास्ते पर चलते रहना, भले हाथ खाली हों या सर ओर छत न हो या फिर सर ही न रह जाए...

कैसे हो पहाड़ की महिलाओं का उत्थान

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है।

समाज में तेजी से हो रहे परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मौजूदा दौर में भी पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की दैनिक स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। पहाड़ की रीढ़ कही जाने वाली पहाड़ की नारी मुसीबतों के कई पहाड़ लांघकर और पहाड़ जैसी जिंदगी ढोकर पहाड़ के लिए ही मर-मिट जाती हैं। वस्तुतः पहाड़ से भी विकट जिंदगी जी रहीं पहाड़ी महिलाओं के उत्थान की बात करना तब तक गलत होगा, जब तक उनके सिर और पीठ के भारी बोझ को हल्का करने के प्रयास नहीं किए जाते।

यह कहना गलत न होगा कि पहाड़ की पूरी अर्थव्यवस्था महिलाओं पर टिकी है। उत्तराखंड के संदर्भ में यहां के अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में शहरों की ओर कूच कर गए हैं। यहां अकेली महिला ही अपनी पहाड़ सी जिंदगी से जूझती मिलेंगी। आज अगर चंद महिलाओं को लेकर हम यह दावा करे कि यहां की महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है तो यह सरासर नाइंसाफी होगी उन हजारों महिलाओं के साथ जो खेती बाड़ी और पशुपालन के काम में अपना शरीर तिल-तिल कर होम कर रही है। यहां की प्रकृति भी अपना क्रूर चाबुक इन्हीं महिलाओं पर चलाती है। इनकी दिनचर्या पौ फटने से पहले कब शुरू होकर देर रात के किस प्रहरी समाप्त होती हैं, यह बता पाना मुश्किल है। पहाड़ियों की चोटी पर से सिर में घास व लकड़ी का गट्ठर ढोते हुए घर आना बहुत जोखिम भरा काम है।

पहाड़ में गर्भवती महिलाओं को सिर पर भारी बोझ लादे खतरनाक रास्तों पर चलते हुए देखा जा सकता है। इस कारण कई बार गर्भपात तक हो जाता है। शिशु को जन्म देने के बाद जब वे काम पर जाती है तो नवजात को पीठ पर बांधकर अपने साथ ले जाती है, क्योंकि घर पर शिशु की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता।

इसके अलावा मातृत्व सहने का कष्ट भी उनके लिए कम दुखदाई नहीं है। यहां के समाज में आज भी अंधविश्वास गहरे तक पैठ बनाए हुए हैं। कई गांवों में आज भी प्रसूति महिला को 21 दिनों तक अछूत समझा जाता है। यह इक्कीस दिन उसे एक छोटी सी कोठरीनुमा कमरे में काटने पड़ते हैं। उसका छुआ पानी तक कोई नहीं पीता पर वह जंगल जाकर घास व लकड़ी ला सकती है। इसमें कोई मनाही नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण प्रसव के समय कई महिलाओं की जान तक चली जाती है।

पहाड़ के सीढ़ीदार खेतों में फसल बोने और काटने के समय महिलाओं को देर शाम तक काम करते हुए देखा जा सकता है। कुछ जगहों पर तो महिलाएं हल भी चलाती हैं। गर्मी की चिलचिलाती धूप, बरसात में खेतों से उठती असहनीय उमस और ऊपर से गिरता बारिश का पानी जहां पहाड़ी महिला के बदन के वस्त्र को सूखने नहीं देता, वहीं जाड़ों की कड़ाके की ठंड भी उसके हाथ पैरों को ठिठुरा पाने में असफल रहती हैं। खेती के अतिरिक्त रोजमर्रा के सभी कार्य महिला ही करती है। बचपन से ही पराया धन का कलंक माथे पर लिए यहां की बेटियों को पढ़ाई से अधिक चौका चूल्हा करना सिखाया जाता है।

स्कूल जाने की उम्र में उनकी नाजुक पीठ पर गोबर की टोकरी और हाथों में दरांती सौंप दी जाती है। आज भी विकास से कटे दूर दराज के गांवों मे लड़कियां कक्षा पांच या आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देती है। ज्यादातर परिवारों में लड़कियों को स्कूल भेजना परिवार की प्राथमिकता में शामिल नहीं होता। वह तो महज एक श्रमिक बनकर रह गई है। कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है और शादी के बाद उसे एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ पर कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है। यानी एक दिन में पहाड़ी रास्तों पर 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। अध्ययन में देखा गया कि पहाड़ी महिला प्रतिदिन 19 घंटे काम करती है। सुबह पांच बजे से काम शुरू करने वाली महिला दिनभर वयस्त रहकर रात ग्यारह बजे के बाद ही बिस्तर पर आराम करने जा पाती है। इतनी मेहनत के बाद भी उसे भोजन में पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल पाती है। कई बार उसके हिस्से में आधा पेट भोजन ही आता है। कुल जमा अर्थ यह कि उसके जीवन में अत्यधिक श्रम, तनाव, बीमारी और उसकी खर्च हुई तथा उसे प्राप्त ऊर्जा का असंतुलन अंततः उसकी उम्र पर प्रभाव डालता है और उसे 35 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बूढ़ा व कमजोर कर देता है। जहां तक महिला स्वास्थ्य का सवाल है तो स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कुछ महिला संगठनों ने पाया कि अधिकांश महिलाएं कुपोषण का शिकार है।

सोशल फोरम

बौरा गए

आम और भौंरे तो साल भर में एक ही बार बौराते हैं, लेकिन...साधो, देखो जग बौराना! कबीर कहते हैं... अरे भाई! बौरा न वंदे, मत बौराओ, लेकिन संसार है कि बिना बौराए मानता ही नहीं है। वसंत में सबके सब बहक करके बौरा गए। तभी तो सांच कहो तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।

डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

संसार को चिकनी-चुपड़ी झूठी चापलूसी अधिक पसंद है और उसी पर विश्वास भी करता है। सच्चरित्र व्यक्ति के सही बात को नकारता-अस्वीकार करता है। विश्वास से विरत रहता है, क्योंकि वह अनैतिक अर्थोपार्जन से दूर रहता है। वह अर्थ-सुलभ जगत के भौतिक सुख-सुविधा, चांचिक्य से बेफिक्र- विलग रहता है, कहें कबीर सुनो भाई साधू! ई सब भरम भुलाना। यह संसार भूल-भुलैया है। सभी दिग्भ्रमित हैं। कबीर की बानी में स्पष्ट-साफगोई, बेधड़क-बेलौस, बेफिक्र-बेखौफ अदम्य साहस की झलक है। उनकी बोली-बानी, साखी-सबद तिलमिला देने वाले हैं। चुभ जाने वाले व्यंजनाओं-प्रतीकों से परिपूर्ण हैं। ऊपर की पंक्तियां इस बात की सबूत हैं कि दूसरों की दृष्टि-भाव में कबीर बौराहा थे, लेकिन सच यह है कि वह बौराहा नहीं थे, बल्कि ऐसी दोषदृष्टि रखने वाले छिद्रान्वेषी ही बाउर थे, बौराए हुए थे, जो केवल झूठ ही बतियाते-पतियाते और पचाते थे। तथा सांच कहौं तो मारन धावै। भव-भयाकुल भरमे-भरमाए भोग-विलास में भटके, भूले-भुलाए ये द्वंद्वी-पाखंडी घमंडी लोग थे। शास्त्रोक्ति है कि अपूज्य की पूजा या पूज्य की अवहेलना-तिरस्कार करने-कराने के लिए, अपूज्य को पूज्य से अर्थात् सत् को असत् से आगे बढ़ाने का कुप्रयास, अपूज्य-पूजक और सहयोगी तीनों का कालांतर में विनाश कर ही देता है।

यह श्रीमद्भगवद्गीता की इस सूक्ति की ओर भी संकेत है। अव्यवस्थित चित्तानां प्रसादोऽपि भयंकरः। अव्यवस्थित द्वंद्व में रहने-जीने वाले के चित्त का परिणाम बहुत भयंकर होता है। लगातार कबीर के साथ भी ऐसी घटनाएं घटती रहीं फिर भी सच से विचलित नहीं हुए। झूठे जग को और झूठ को पतियाने वाले जगत के तिरस्कार-अपमान से बिना विचलित हुए दहाड़ते-पछाड़ते रहे। कबीर को अपने इष्ट पर पूरा भरोसा था, इसलिए बड़े निडर थे।

-फेसबुक वॉल से

धरती ही नहीं, समुद्र की सतह भी गर्म

ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का चक्र बिगाड़ दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान संगठन की यह आशंका काफी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है कि इस बार अप्रैल से लेकर जून तक देश को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ सकता है तो दूसरी ओर विश्व बैंक के अनुमानों से पता चलता है कि 2030 तक, भारत में 200 मिलियन से अधिक लोगों को अत्यधिक तापमान का सामना करना पड़ेगा। साथ ही गर्मी से संबंधित तनावों के चलते उत्पादकता में कमी के कारण 34 मिलियन लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी।

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर-पश्चिमी भारत में असामान्य तापमान जलवायु पैटर्न की एक ऐसी अप्रत्याशित प्रकृति है, जो हाल के वर्षों में पहले कभी नहीं देखी गई थी। इस साल मार्च के अंतिम दिनों में ही भारत के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री से पार कर गया। देश के कई हिस्सों में अभी से ही लू चलने लगी है। गर्मी को लेकर यह भयावह पहलू है। चिलचिलाती गर्मी दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरे का सबब तो बनती है। साथ ही कृषि और स्वास्थ्य जोखिमों को भी बढ़ाती है। ग्रामीण आबादी, विशेषकर बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इसका खामियाजा असामयिक मृत्यु के रूप में भुगतते हैं। पर्यावरण पर नजर रखने वाली यूरोपीय संघ की एक एजेंसी कॉपरनिक्स क्लाइमेट सर्विस के अनुमानों और आंकलन के अनुसार अब मैदानी इलाकों की तरह ही समुद्र की सतह पर भी लू चलने लगी है। सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान और भारत के मध्य और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हीटवेव की संभावनाएं अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए एक 'वेकअप कॉल' के रूप में होनी चाहिए। पश्चिमी विक्षोभ जैसे कारक असामान्य तापमान वृद्धि के मूल में हैं। यह कहा जा सकता है कि छिटपुट बारिश से थोड़ी-बहुत राहत मिल सकती है, लेकिन यह जान लेना भी जरूरी है कि प्रकृति की ऐसी राहत अल्पकालिक होती है। बादलों के हट जाने पर गर्मी फिर अपनी प्रकोर दिखाना शुरू कर देती है। पर्यावरणीय बदलाव से न सिर्फ हमारी धरती गर्म हो रही है, बल्कि समुद्र की सतह का पारा भी बढ़ता जा रहा है। लंबे समय तक चलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं तथा बढ़ते तापमान के असर को कम करने के लिए बेहतर जल प्रबंधन समेत हरित उपायों जैसे स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने जल प्रबंधन के जो उपाय अपनाए थे, वे आज भी उतने ही लाभकारी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि उन पर ध्यान दिया जाए। जरूरी हो गया है कि हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएं। इस दृष्टिकोण में टिकाऊ बुनियादी ढांचे में निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को लागू करना शामिल है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणियां जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की तरफ ध्यान आकर्षित कराती हैं। हालांकि हम मौसम को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, लेकिन हम बदलते जलवायु पैटर्न के अपने अनुकूल करने की दिशा में निश्चित रूप से सक्रिय कदम उठा सकते हैं। नवीन समाधानों को अपनाकर, हम जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक लचीला और उनके समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। ये ऐसे सत्य हैं जिनका ध्यान हमारी पहले की पीढ़ियों ने रखा है और हमें भी उनके लिए ऐसी ही विरासत छोड़कर जाना चाहिए। लू की स्थिति को देखते हुए, अब समय आ गया है कि हम आने वाली चुनौतीपूर्ण गर्मी से निपटने और तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए खुद को तैयार करें। मौसम विज्ञानिकों की ऐसी चेतावनियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में उभरने की तैयारी

भारत की फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) नीति एक एशियाई विनिर्माण केंद्र और वैश्विक उद्योगों के लिए चीन के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एफएएमई नीति भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने पर केंद्रित है। सब्सिडी और अन्य सहायता उपायों के माध्यम से ईवी के उत्पादन और खरीद को प्रोत्साहित करके, नीति का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देना है। यह स्वच्छ ऊर्जा के प्रति वैश्विक रुझानों के अनुरूप है और भारत को विद्युत गतिशीलता क्षेत्र में एक प्रगतिशील खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। एफएएमई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर ने ईवी से संबंधित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा दिया है। एफएएमई जैसी नीतियों के माध्यम से विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है। कंपनियां भारत को ईवी और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिए एक आकर्षक बाजार के रूप में देखती हैं जिससे साझेदारी, संयुक्त उद्यम और विनिर्माण सुविधाओं में निवेश होता है। निवेश का यह प्रवाह रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण क्षेत्र की समग्र वृद्धि में योगदान देता है। भारत की महत्वाकांक्षाएं ईवी की घरेलू मांग को पूरा करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। एफएएमई नीति, अन्य निर्यात उन्मुख पहलों के साथ मिलकर भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों और घटकों के लिए एक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखती है। इसमें यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य क्षेत्रों के बाजारों को लक्षित करना शामिल है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की मांग बढ़ रही है। एफएएमई के तहत निर्यात प्रोत्साहन से भारत को अपने व्यापार को संतुलित करने और इसे वैश्विक विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने में मदद मिलती है। एफएएमई नीति पश्चिम के लिए विनिर्माण की एशियाई फैक्ट्री बनने के देश के दृष्टिकोण में एक प्रमुख चालक है। भारत वैश्विक विनिर्माण की बदलती गतिशीलता का लाभ उठाने और इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

सार-संक्षेप

खिलाड़ियों को दिलाई मतदान की शपथ

हल्द्वानी : युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से खेल विभाग हल्द्वानी-नैनीताल की ओर से मंगलवार को डीएसए फ्लैट्स मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बास्केबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आईएएस राहुल आनंद ने सभी खिलाड़ियों व मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलववाल, हरीश जोशी, अंकुश रौतेला, गोविंद लटवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

राम जन्म व ताड़का वध का मंचन किया

हल्द्वानी : हीरानगर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रही रामलीला में मंगलवार को राम जन्म और ताड़िका वध का मंचन किया गया। पुनर्नवा समिति की ओर से महिलाओं की रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में वैष्णवी, रीवा ,चित्रांशी, हर्षाली, मानसी, लक्षिता, तेजस्विनी, दिव्यांशी, सिद्धि आदि ने विभिन्न पात्रों का मंचन किया। इस दौरान गोविंद दास भाईजी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरम्वाल, प्रमोद तोलिया, पुनर्नवा समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, प्रेमा बृजवासी, अंजना बोरा, मंजू बनकोटी आदि उपस्थित रहे।

बिजली की खपत बढ़ने के साथ कटौती शुरू

हल्द्वानी : गर्मी में बढ़ोत्तरी से बिजली की खपत में वृद्धि हो रही है। इसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कटौती शुरू हो गई है। नियमित तौर पर 2 से 3 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। सबसे अधिक बिजली कटौती दमुवाढूंगा व हीरानगर में हो रही है। मार्च माह में ही बिजली की करीब 10 फीसदी तक खपत बढ़ गई है। हल्द्वानी में 16 मिलियन यूनिट तक दर्ज की गई है। जबकि प्रचंड गर्मी के समय में 22 मिलियन तक बिजली की खपत पहुंच जाती है। ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बिजली की व्यवस्था सुचारू रहेगी। मांग बढ़ने पर बिजली खरीदने के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। मांग के अनरूप ही आपूर्ति भी दुरूस्त की जाएगी।

अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

बनबसा : बनबसा पुलिस व एसओजी की संयुक्त चेकिंग के दौरान रघुवीर कश्यप पुत्र राजेंद्र कश्यप निवासी धर्मशाला के पीछे ग्राम भजनपुर को 96 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ़्तार किया। पुलिस टीम हेड कांस्टेबल एसओजी मतलूब खान, कांस्टेबल सूरज कुमार, ललित चौधरी शामिल थे।

शीतला माता मंदिर में हुआ भंडारा

हल्द्वानी : शीतला माता मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। शीतलाष्टमी पर्व के मौके पर मंगलवार को रानीबाग स्थित शीतला माता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस दौरान भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पहले हवन यज्ञ हुआ, जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए।

चुनाव बहिष्कार को लेकर चलेगा जागरूकता अभियान

रानीखेत : विकास संघर्ष समिति ने संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से चुनाव आयोग के नाम का ज्ञापन सौपा। जिसमें संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को नगर पालिका में सम्मिलित किए जाने को लिए लगभग 1 साल तक धरना-प्रदर्शन किया गया। लेकिन इसके बावजूद सरकार ने सार्थक पहल नहीं की। जिसके विरोध स्वरूप आगामी लोकसभा व सभी चुनावों का छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया के लोग पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। समिति के पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव बहिष्कार को लेकर नगर में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार को विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा चुनाव आयोग के नाम का ज्ञापन संयुक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें कहा गया कि रानीखेत नगर की जनता की मांग वर्षों से नगर पालिका बनाए जाने को लेकर चली आ रही है। जिसके चलते संघर्ष समिति द्वारा 1 वर्ष तक धरना-प्रर्दशन कर सरकार को चेताने का काम किया। लेकिन इसके बावजूद भी छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को नगर पालिका में सम्मिलित किए जाने की मांग को दरकिनार कर दिया गया। कहां की विभिन्न समस्याओं से जूझते रानीखेत के लोगो का साहस टूट चुका है। उन्होंने कहा कि समिति ने निर्णय लिया है कि छावनी क्षेत्र के लोग आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर विरोध दर्ज करेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि चुनाव बहिष्कार को लेकर समिति के लोग घर-घर जाकर चुनाव बहिष्कार को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। ज्ञापन देने वालों में कैलाश पांडे, गिरीश भगत, उमेश भट्ट, खजान पांडे, एमसी शाह, बसंत आर्य, हरीश अग्रवाल, चारू पंत आदि शामिल थे।

वोटिंग के दौरान ईवीएम कक्ष में नहीं होगी कवरेज

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी जोगदंडे ने की प्रेस ब्रीफिंग

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया के सबंध में दिये गए निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान और मतगणना केन्द्र पर केवल प्राधिकृत पासधारक मीडिया प्रतिनिधि को ही प्रवेश की अनुमति होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराया गया प्राधिकार पत्र ही प्रवेश के लिए मान्य होगा।

प्राधिकार पत्र धारक मीडिया प्रतिनिधियों को बूथ में कवरेज के लिए पीठासीन अधिकारी से अनुमति लेनी जरूरी होगी। यही पास मतगणना केन्द्र में उपयोग के लिए लाया जा सकता है। मतगणना केन्द्र

प्रेस ब्रीफिंग करते जोगदंडे।

में प्रवेश की अनुमति की व्यवस्था संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी। मतगणना केन्द्र पर एक मीडिया कक्ष की व्यवस्था होगी, जहां पर मीडिया की सुविधा के लिए प्रिंटर, लैपटॉप, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर वोटिंग कंपार्टमेंट की कवरेज करना प्रतिबंधित है। मतदान के दौरान ईवीएम की कवरेज करना भी प्रतिबंधित है, ताकि किसी की मतदान की गोपनीयता बाधित न हो। मतगणना केन्द्र में नोडल अधिकारी मीडिया को छोटे ग्रुप में मतगणना हॉल में लेकर जा सकते हैं, मतगणना हॉल के अन्दर स्टैटिक कैमरा या वीडियो कैमरा की अनुमति नहीं होती है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक्जिट पोल के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सख्त निर्देश दिये गये हैं कि प्रथम चरण के मतदान प्रारम्भ होने के समय से अन्तिम चरण के मतदान समाप्त होने के आधे घण्टे बाद तक एक्जिट पोल करना और एक्जिट पोल के नतीजों का प्रकाशन या प्रसारण करना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान के दिवस से 48 घण्टे पूर्व के समय पर ओपिनियन पोल करना प्रतिबंधित है।

शोध की विधि अर्थ और महत्व की जानकारी दी

हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश परीक्षा के बाद पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए 6 माह का कोर्स पाठ्यक्रम शुरू हो गया है। शोध पाठ्यक्रम की कक्षाओं के तहत पहले दिन विश्वविद्यालय के शोध एवं नवाचार निदेशालय के निदेशक प्रो. गिरिजा पांडेय ने शोध का अर्थ, अवधारणा तथा शोध दर्शन विषयों पर शोध शिक्षार्थियों को व्याख्यान दिया। उन्होंने शोध की बारीकियां समझा कर शिक्षार्थियों की शोध संकल्पना को पूरा किया। शोध का अर्थ, शोध अवधारणा, शोध विधियों और शोध के महत्व आदि पहलुओं पर व्याख्यान दिया। विश्वविद्यालय व वाह्य विशेषज्ञों ने विभिन्न संबंधित विषयों के अंतर्गत पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए व्याख्यान कार्यक्रम विश्वविद्यालय ने शुरू कर दिए हैं। इस साल विभिन्न विषयों में कुल 43 शिक्षार्थियों ने पीएचडी उपाधि के लिए पंजीकरण करवाया है।

नीरज और लखपत बने कांग्रेस के मीडिया प्रभारी

ब्यूरो, देहरादून

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने तैनात किए मीडिया कोऑर्डिनेटर
- जिलेवार मीडिया कोऑर्डिनेटर भी बनाए गए

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रचार अभियान तेज करने, मीडिया में अपनी बात मजबूती से रखने के लिए कांग्रेस ने मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए मंडल, लोकसभा क्षेत्र और जिलेवार मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए गए हैं।

यह नियुक्तियां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति और उत्तराखंड कांग्रेस मीडिया विभाग की प्रभारी डॉ. चयनिका उनियाल के निर्देशन में की गईं हैं।

यह जानकारी देते हुए मुख्य प्रवक्ता गरिमा महरा दसौनी ने बताया कि गढ़वाल मंडल के मीडिया प्रभारी का दायित्व लखपत बुटोला तथा कुमाऊं मंडल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नीरज तिवारी को दी गई है। लोकसभा मीडिया समन्वयक के रूप में अल्मोड़ा में तारू तिवारी, नैनीताल में एडवोकेट कमलेश तिवारी, हरिद्वार में महेश प्रताप राणा, टिहरी में शांति प्रसाद भट्ट, पौड़ी में अद्वैत बहुगुणा को जिम्मेदारी दी गई है।

जिला स्तर पर अल्मोड़ा में दिनेश पिलखवाल, पिथौरागढ़ में खीमराज जोशी, चम्पावत में अशोक वर्मा, बागेश्वर में हरीश ऐठानी, नैनीताल में मनोज शर्मा, उधमसिंह नगर में अरविन्द आर्य, हरिद्वार में शुभम जोशी, टिहरी में जयवीर सिंह रावत, उत्तरकाशी में पवित्रा राणा, रुद्रप्रयाग में नरेन्द्र सिंह बिष्ट, पौड़ी में लाल सिंह नेगी, चमोली में मनोज रावत तथा देहरादून में शीशपाल सिंह बिष्ट को समन्वयक बनाया गया है।

निवर्तमान पार्षद मुकेश बिष्ट भाजपा में शामिल

निवर्तमान पार्षद मुकेश बिष्ट का स्वागत करते विधायक बंशीधर भगत व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत एवं निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला ने निवर्तमान पार्षद मुकेश बिष्ट को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। विधायक भगत एवं निवर्तमान मेयर रौतेला ने नगर निगम के वार्ड संख्या 51 के पार्षद रहे मुकेश बिष्ट को भाजपा परिवार में शामिल किया। गौरतलब है मुकेश बिष्ट ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पार्षद का चुनाव जीता था। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए श्री बिष्ट ने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। स्थानीय विधायक भगत एवं निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में शामिल होकर वह भी अपने वार्ड में गिलहरी प्रयास करेंगे। इस दौरान निर्मल बिष्ट, कमल पंत, गणेश शाह, देवकी नंदन जोशी, अरविंद डंगवाल, भुवन पांडे एवं कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वनाग्नि से बचाव को आगे आईं महिलाएं

अल्मोड़ा : जिले के चौखुटिया विकास खंड में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए अब क्षेत्र की महिलाओं ने जंगलों को आग से बचाने का बीढ़ा उठाया है। गांवों की महिलाओं ने इसके लिए जंगलों की सफाई की और वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प भी लिया।

जंगलों में आग लगने से वन संपदा को नुकसान के साथ जंगली जानवरों के वास स्थल भी खत्म हो जाते हैं। जिस कारण जंगली जानवर आबादी वाले इलाकों का रुख करने लगते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए ग्राम सभा चांदीखेत और उसके तोकों की महिलाओं ने क्षेत्र के जंगलों में चीड़ और बांज के सूखे पत्तों और ज्वलनशील खरपतवार की साफ सफाई की। जंगलों में सफाई अभियान चलाने के बाद महिलाओं ने एक गोष्ठी का आयोजन भी किया। जिसमें उन्होंने क्षेत्र के लोगों को जंगलों की आग से बचाने के लिए जागरूक किया।

अव्वल छात्रों को किया सम्मानित

एस्पायर संस्थान की ओर से सम्मानित किए मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र सिंह रौतेला व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एस्पायर संस्थान ने ब्रेन ऑफ उत्तराखंड परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया।

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान एस्पायर ने उत्तराखंड में अपने पहले कोचिंग संस्थान की शुरुआत की है। निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। परीक्षा का आयोजन 7वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए किया गया था। जिसमें 3 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। एस्पायर संस्थान नीट व जेई की कोचिंग देता है।

पिछले 10 सालों से इस क्षेत्र में युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने का काम कर रहा है। पहली बार हल्द्वानी में एस्पायर ने अपना संस्थान खोला है। मुखानी में भाजपा कार्यालय के पास कोचिंग संस्थान स्थित है। संस्थान के सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नए बैचों की शुरूआत हो गई है। जिसमें मेडिकल व इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान ने डेमो कक्षाओं की सुविधाएं भी दी हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर योगेंद्र कुमार मीना ने बताया कि हिमाचल की तरह उत्तराखंड में भी बच्चों में कई प्रतिभाएं हैं, लेकिन अच्छे कोचिंग संस्थान न होने के कारण वह आईआईटी व एम्स जैसे संस्थानों में प्रवेश नहीं ले पाते हैं।

लोहाघाट में प्रशासन ने ढहाया अतिक्रमण

लोहाघाट में प्रशासन के निर्देश पर ढहाया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : लोहाघाट की वीआईपी डाकबंगला रोड में आरा मशीन के पास देवदार बनी में बीम कॉलम डालकर बनाए गए टिन शेड को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण की सूचना पर राजस्व उप निरीक्षक पगरिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण को ढहा दिया। वहीं दिनदहाड़े अतिक्रमण से लोगों में आक्रोश है। लोगों ने कहा कि अतिक्रमणकारी लोहाघाट के एक असरदार जनप्रतिनिधि का करीबी है जिसमें हाथ डालने में प्रशासन भी घबरा रहा है। लोगों ने प्रशासन से नगर में अतिक्रमण पर लगाम लगाने की मांग की है। वहीं राजस्व उप निरीक्षक राकेश पगरिया ने बताया एसडीएम लोहाघाट के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को पूरी तरह तोड़ दिया गया।

स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने से लोगों में आक्रोश

अल्मोड़ा : सल्ट विधानसभा में करीब दस साल पहले स्वीकृत मंगरूखाल-तनशालीसैंण-कालिंका मोटर मार्ग का अब तक निर्माण ना होने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वह इस सड़क मार्ग के निर्माण के लिए पिछले दस सालों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी सरकार और सरकारी तंत्र उनकी मांग पर कोई गौर नहीं कर रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा है कि अगर इस मार्ग का निर्माण शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता फिर से उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। क्षेत्र के सराईखेत में उत्तराखंड जन कल्याण समिति की एक बैठक के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुनील टम्टा ने कहा कि इस मार्ग को वर्ष 2014 में स्वीकृति मिल गई थी। लेकिन सरकारी हीलहवाली के कारण इसका निर्माण नहीं हो पाया। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कई बार लंबे आंदोलन और धरना प्रदर्शन भी किए।

सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने की तैयारियों की समीक्षा

बागेश्वर : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक वरिष्ठ आईएएस सत्यप्रकाश एवं प्रेक्षक पुलिस वरिष्ठ आईपीएस शिव कुमार वर्मा ने जनपद का दौरा किया तथा चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक वरिष्ठ आईएएस सत्यप्रकाश ने निर्वाचन में लगे अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मतदान बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाए। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि जिले के दूरस्थ पोलिंग बूथ पर मशीन के खराब होने पर बेकअप के रूप में भी रिजर्व मशीन रखी जाय,ताकि मतदान प्रभावित न हो सके। प्रेक्षक पुलिस ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन को निर्विघ्न, स्वतन्त्र,पारदर्शिता और सुरक्षित सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में धन व अवैध मदिरा के लाने व ले जाने पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश

अखिलेश ने सरकार को घेरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सपा अध्यक्ष बोले ईडी, सीबीआई से वसूली करा रही केंद्र सरकार
- सत्ताधारी दल ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ का चंदा वसूला

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मुफ्त राशन देकर भाजपा सरकार जनता के सभी अधिकार छीन रही है। ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग के जरिए सरकार वसूली करा रही है। इसके अलावा चुनावी चंदा के नाम पर भाजपा ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ रुपये की वसूली की है।

मंगलवार को दोपहर सपा के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की सरकार के 10 और उत्तर प्रदेश के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, लेकिन कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। जो विकास कार्य होने चाहिए थे, लेकिन हुए। उन्होंने कहा कि 10 साल में केंद्र सरकार के इतने झूठ हैं कि गिना नहीं पाऊंगा। सपा मुखिया ने यह भी कहा कि ऐसी वसूली कभी नहीं देखी गई जो वर्तमान में पुलिस ने की है। भाजपा के लोग अंग्रेजी में जीरो टॉलरेंस इसलिए बोलते हैं कि गरीब लोग इसका मतलब न समझ सकें। उन्होंने मंच से सवाल दागे कि बुलंदशहर में डबल मर्डर, गाड़ी पलट जाने के बाद हत्या करना, जेल में जहर देना, तालग्राम में दंगे की साजिश व सपाइयों को फंसाना, क्या यही जीरो टॉलरेंस नीति है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले तक विकसित भारत... कार्यक्रम के लिए शायद ही कोई ऐसा प्रधान बचा हो, जिससे 20-30 हजार रुपये न लिया गया हो। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के नाम पर की गई वसूली की वजह से महंगाई बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ज्यादा मुनाफा लेना भी भ्रष्टाचार है। केंद्र सरकार डरा-धमकाकर रुपया वसूल रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजने का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलश यादव ने कहा कि इन कामों से दिल्ली में भाजपा की थू-थू हो रही है। महंगाई व बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए ही केजरीवाल का प्रकरण आगे कर दिया गया। चंदा वसूली के नाम पर खबरें न चलाने का आरोप लगाकर उन्होंने इलेक्ट्रानिक मीडिया को भी आड़े हाथों लिया।

व्हाट्सएप पर सिपाही ने की आपत्तिजनक पोस्ट

बरेली, अमृत विचार : एसएसपी कार्यालय में तैनात सिपाही ने व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट की है। इससे एक समुदाय विशेष में नाराजगी है।

दरगाह आला हजरत से जुड़े संगठन के लोगों ने सीओ प्रथम से मामले की शिकायत की है। शिकायतकर्ता के अनुसार सिपाही अजय गोस्वामी ने व्हाट्सएप ग्रुप में एक पोस्ट डाली, जिसमें अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और सपा नेता आजम खां का फोटो लगा है। इसमें अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की फोटो पर डन लिखा है, जबकि सपा नेता आजम खां के फोटो पर लोडिंग लिखा है।

उसने फोटो के नीचे कैप्शन में लिखा है कि मार्च क्लोजिंग कैसे की जाती है, यह सीखने के लिए आप पधारिए।

आज से प्रभावित होगा 16 ट्रेनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चार ट्रेनें निरस्त और सात को रिशेड्यूल किया गया
- टोडरपुर स्टेशन पर होंगे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

अमृत विचार : आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड के बीच टोडरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य बुधवार से शुरू होंगे। इसकी वजह से मुरादाबाद मंडल की 16 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इनमें चार ट्रेनों को रेलवे ने निरस्त, दो को शॉर्ट टर्मिनेट, सात को रिशेड्यूल और तीन को रेग्युलेट किया है।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 14235 वाराणसी बरेली एक्सप्रेस मंगलवार को वाराणसी से नहीं चलाई गई, इसलिए ट्रेन बुधवार को स्टेशन नहीं पहुंचेगी और चार अप्रैल तक निरस्त रहेगी। तीन से पांच अप्रैल तक 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी 90 मिनट टनकपुर से, 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस मेरठ से 120 मिनट , तीन अप्रैल को 15652 जम्मूतवी गुवाहटी लोहित जम्मूतवी से 65 मिनट, चार अप्रैल को 15076 टनकपुर-शक्तिनगर 90 मिनट, 12332 जम्मूतवी हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 65 मिनट, चार और पांच अप्रैल को 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस काठगोदाम से 65 मिनट देरी से चलाई जाएगी।

अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आएं श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

- डीएम ने की अपील, 17 को मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

अमृत विचार : चैत्रराम नवमी मेले में भारी भीड़ आने की उम्मीद है। अयोध्या में भीड़ के ठहराव की एक क्षमता है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि अलग-अलग तिथियों में अयोध्या आएं। जिससे उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जा सकें।

सुलभदर्शन हो सके। कुछ ऐसी ही अपील राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भी की गई थी। डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को बातचीत में बताया कि चैत्र राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होगा। 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मेले में बेहतर सुविधा की व्यवस्था की गई है।

मेले को लेकर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से भी बातचीत की गई। रामनवमी के पर्व पर ज्यादा से ज्यादा समय राम मंदिर खोलने के लिए अनुरोध किया गया है, लेकिन दर्शन कराने की भी एक क्षमता है। इसलिए श्रद्धालु अपने गांव व घर में राम नवमी मनाएं। कहा कि दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आएं।

कोर्ट में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी

सुलतानपुर, अमृत विचारः विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने वायनाड में राहुल गांधी के पर्चा दाखिला कार्यक्रम को लेकर मौके का प्रार्थना पत्र विशेष अदालत में दिया। विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव के अवकाश के होने के कारण सुनवाई के लिए 12 अप्रैल की तारीख तय की है।

मुख्तार मौत मामले में बांदा के जेल अधिकारी तलब

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूछा- ज्यूडिशियल कस्टडी में कैसे हुई मुख्तार की मौत

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बांदा जेल के अधिकारी को तलब कर किया है। अब जेल अधिकारी कोर्ट को यह बताएंगे कि ज्यूडीशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई।

मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन की ओर से बाराबंकी की कोर्ट में वाद दाखिल करने को लेकर अपील की गई थी। जिस पर सरकार बनाम डॉ. अलका राय चर्चित फर्जी एंबुलेंस की पेशी के दौरान मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह ने कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत की वजह जानने के लिए जेल अधिकारियों को तलब करने की मांग की। जिस पर बाराबंकी एमपी-एमएलए कोर्ट एसीजेएम-19 विपिन यादव ने मुख्तार की मृत्यु की खबर देने वाले बांदा जेल अधिकारी को 6 अप्रैल को तलब किया है। वह बताएंगे कि न्यायिक अभिरक्षा में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई। मामले में जज ने अगली तारीख 4 अप्रैल लगाई थी। बीते गुरुवार को बांदा जेल में मुख्तार की तबीयत बिगड़ी थी। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हुई थी।

जयाप्रदा के मामलों में सुनवाई 10 अप्रैल को

रामपुर, अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के केस दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई हो रही है। मंगलवार को केमरी के मामले में जयाप्रदा को बयान कराने आना था। लेकिन वह नहीं आ सकीं। इसके अलावा स्वार के मामले में भी पेश होना था। जयाप्रदा के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं।

चुनावी चक्रव्यूह के बीच कुनबा बचाना है बड़ी चुनौती

लगातार दो बार हार का सामना कर चुकी कांग्रेस की बढ़ रही मुश्किलें, प्रचार तंत्र और प्रबंधन में भी पिछड़ रही

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का रण कांग्रेस पार्टी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण साबित होता जा रहा है। पार्टी उम्मीदवारों के सामने जहां प्रतिद्वंदी पार्टी के चुनावी चक्रव्यूह को भेदने की कड़ी चुनौती है। वहीं पार्टी का लगातार टूट रहा कुनबा अब पार्टी की चुनावी रणनीति को लगातार कमजोर कर रहा है। जिसका सीधा असर कांग्रेस के प्रचार तंत्र और प्रबंधन पर भी दिखाई देने लगा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के लिए जीत हार की खाई को पाटना बहुत आसान नहीं दीख रहा है।

अल्मोड़ा सीट पर कांग्रेस पार्टी के कई धुरंधरों ने लगातार दशकों तक अपना सिक्का काबिज रखा। लेकिन नब्बे के दशक के बाद से कांग्रेस के हाथ से यह सीट छिन गई और इस सीट पर लगातार भाजपा उम्मीदवार जीतते रहे। वर्ष 1991 से 2009 तक भाजपा ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाए रखा। वर्ष 2009 के चुनावों में लंबे समय बाद कांग्रेस के प्रदीप टम्टा भाजपा का मिथक तोड़ने में कामयाब रहे और उन्होंने जीत हासिल की। लेकिन जीत की यह खुशी लंबे समय तक कायम नहीं रह पाई। 2014 में भाजपा ने कांग्रेस से यह सीट छीन ली और अजय टम्टा यहां के सांसद बने। 2019 के चुनाव में भी अजय टम्टा ने कांग्रेस के प्रदीप टम्टा को भारी मतों से पटखनी दे डाली। इस बार भी दोनों मुख्य पार्टियों ने इन्ही दोनों उम्मीदवारों पर दांव खेला और फिर से अजय टम्टा और प्रदीप टम्टा मैदान में आमने-सामने हैं।

इस बार कांग्रेस पार्टी को उम्मीद थी कि पार्टी संगठन अपने मुद्दों के जरिए लोकसभा क्षेत्र की जनता को प्रभावित करने में कामयाब होगी और हार की इस खाई को पाटने में कामयाब हो जाएगी। लेकिन पार्टी का लगातार टूट रहा कुनबा अब कांग्रेस की इस उम्मीद को चकनाचूर करता दीख रहा है। लोकसभा के चारों जिलों से कई कद्दवार कांग्रेसी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। ऐसी स्थिति में जहां कांग्रेस संगठन लगातार कमजोर हो रहा है। वहीं पार्टी के आकाओं के सामने चुनावी चक्रव्यूह तोड़ने के साथ-साथ अपना कुनबा बचाने की चुनौती भी एक साथ आकर खड़ी हो गई है। ऐसे में दो बार हार का सामना कर चुकी कांग्रेस पार्टी अल्मोड़ा सीट पर जीत हार की इस गहरी खाई को कैसे पाट पाएगी, यह तो वक्त ही बताएगा।

कुछ और नेताओं के पार्टी छोड़ने की चर्चा

कांग्रेसी कुनबे में पड़ी यह दरार अब यहीं खत्म होती नहीं दिख रही है। चुनाव प्रचार के लिए एक पखवाड़े का समय है। लेकिन कांग्रेस का चुनाव प्रचार तेज होने के बजाय पार्टी के कई और दिग्गजों के पार्टी छोड़ने की चर्चाएं ज्यादा जोरों पर हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा की आगामी बड़ी सभाओं में कई और कद्दावर नेता कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ सकते हैं।

अपने भी कन्नी काटते नजर आ रहे

अल्मोड़ा लोकसभा चुनाव की चौदह विधानसभाओं में से पांच विधानसभाओं में कांग्रेस के विधायक हैं। नामांकन के बाद संबंधित विधानसभाओं में चुनाव प्रचार के दौरान तो वह पार्टी प्रत्याशी के साथ नजर आ रहे हैं। लेकिन अन्य समय वह अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र के बजाय दूसरी सीटों पर प्रचार करते हैं। ऐसे में अपनों के साथ बिना कांग्रेस के लिए यह जंग लड़ना आसान साबित होने वाला नहीं है।

पिछले तीन चुनावों में किसको कितने वोट मिले

वर्ष	प्रदीप टम्टा	अजय टम्टा	अंतर
2009	200824	193874	6,950
2014	252496	348186	95,690
2019	211665	444651	2,32,986

प्रचार अभियान में पिछड़ने लगी कांग्रेस

उम्मीदवार घोषित होने के बाद अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा के अलावा अभी तक कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाई दिया। न ही लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अभी तक किसी बड़ी सभा का आयोजन कर पाई है। जबकि भाजपा सुनियोजित तरीके से अपने प्रबंध और प्रचार तंत्र को संभाले हुए है। खुद सीएम पुष्कर सिंह धामी अल्मोड़ा सीट पर नामांकन के बाद अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ के नाचनी, चंपावत, रानीखेत, देघाट समेत अनेक जगहों पर चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं।

राजनीति में पैसा व स्वार्थ हावी होने से बढ़ी निराशा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

95 साल के पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कैसी थी पहले की राजनीति

अमृत विचार : 95 साल के हो चुके पंडित बनवारी लाल शर्मा ने राजनीति के हर बदलते स्वरूप को देखा है। पंडित गोविंद बल्लभ पंत और एनडी तिवारी से पारिवारिक संबंध रखने वाले पंडित बनवारी लाल शर्मा ताजा राजनीति से नाराज हैं।

अमृत विचार से हुई खास बातचीत में दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले पंडित बनवारी लाल शर्मा ने राजनीति के बदलाव और नेताओं के व्यवहार के बारे में खुलकर चर्चा की। उनका कहना है कि आज तो सब कुछ बदल गया है, अब पैसे और स्वार्थ की राजनीति हावी हो गई है।

राजनीति में प्रतिद्वंदिता पहले भी थी, विरोध मुद्दों और विचारधारा तक सीमित था लेकिन आज व्यक्तिगत आरोप और रंजिश तक बात पहुंच जाती है। नेता पहले खुद को जनता का सेवक समझते थे और उनमें समर्पण का भाव था। वर्तमान की राजनीति में रूखापन है, समाज के प्रति उदारता कम हो गई है। पैसे का बोलबाला है, चुनाव में धनबल का जमकर प्रयोग किया जाता है।

पंडित गोविंद बल्लभ पंत और नारायण दत्त तिवारी को याद करते हुए बनवारी लाल कहते हैं कि बड़ी शख्सियत होने के बाद भी दोनों नेता बेहद सरल थे। जब दोनों नेता आते थे तो विरोधी भी उनसे मिलते थे। किसी तरह का कोई मनमुटाव नहीं होता था।

आज छुटभैय्ये भी दबंगता का प्रदर्शन करते देखे जा सकते हैं। बताते हैं कि पहले नेता जनता का और जनता नेता का सम्मान करती थी। आज हालात यह हैं कि नेताजी जब चुनाव लड़ते हैं तभी वह जनता के बीच दिखाई देते हैं। अब तो प्रचार के तमाम संसाधन उपलब्ध हैं लेकिन तब प्रचार कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाता था। लोकगीतों के माध्यम से भी प्रचार होता था। जब बडे.नेता की सभा होती थी तब उन्हें सुनने लोग कई-कई किमी पैदल चलकर आते थे।

मतदान में पुरुषों से आगे महिलाएं

राजू वर्मा, काशीपुर

2019 के चुनाव में भी अव्वल रहीं महिलाएं विधानसभा चुनावों में भी मतदान करने में मारती रहीं बाजी

अमृत विचार: राज्य में मतदान को लेकर महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा अधिक जागरूक हैं। विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा, अधिकांश चुनाव में वोट डालने के मामले में महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ा है। हर बार मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। इसके बावजूद पुरुषों का मतदान प्रतिशत बढ़ने की जगह घटा है।

प्रदेश में 83 लाख 37 हजार 914 वोटर अल्मोड़ा, गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर व हरिद्वार लोकसभा संसदीय सीट पर अपना सांसद चुनेंगे। 19 अप्रैल को नए व पुराने वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। प्रदेश में वोट देने वाले पुरुषों की संख्या 4317579 और महिलाओं की संख्या 4020038 है। जेंडर वोटर 297 हैं। यानी महिलाओं से अधिक पुरुष मतदाताओं की संख्या है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में महिलाएं मतदान करने में पुरुषों से आगे रही हैं। 2014 में 63.05 और 2019 में 64.38 प्रतिशत महिलाओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में 61.34 प्रतिशत पुरुष और 2019 में 58.86 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने वोट डाला है।

विधानसभा चुनाव में महिला वोटरों का जलवा रहा

काशीपुर : विधानसभा चुनावों में भी महिला मतदाताओं ने मतदान को लेकर अधिक रुचि दिखाई है। 2007 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं का मत प्रतिशत 59 .45 तथा पुरुष मतदाताओं का 58 .95 फीसदी रहा। 2012 के चुनाव में भी महिलाएं आगे रहीं। तब महिलाओं का मतदान प्रतिशत 68 .84 और पुरुषों का 64 .74 प्रतिशत रहा। 2017 में 69 .30 और 2022 में महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 67 .20 रहा। जबकि पुरुषों का मत प्रतिशत 2017 में 62 .15 और 2022 के चुनाव में 62 .60 प्रतिशत रहा।

बज्यूटिया में सबसे ज्यादा युवा मतदाता

हल्द्वानी, अमृत विचार: नैनीताल जिले में पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं की संख्या 12 हजार से ज्यादा है। इनमें भीमताल ब्लॉक के बज्यूटिया में सबसे ज्यादा पहली बार वोट देने वाले मतदाता हैं।

नैनीताल जिले में 18 से 39 साल के मतदाताओं की संख्या 388377 है। इन युवा मतदाताओं पर हर प्रत्याशी की नजर है। इनमें 12957 मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल जिले में बज्यूटिया में सबसे ज्यादा मतदाता हैं। मतदान केंद्र नंबर 97 में सबसे ज्यादा 45 ऐसे मतदाता हैं जो पहली बार वोट डालेंगे। इसके बाद मतदान केंद्र नंबर 120 नथुवाखान, मतदान केंद्र नंबर 58 छोई और मतदान केंद्र नंबर 65 धारी में 43-43 नवयुवा मतदाता हैं। 20 से 25 साल के मतदाताओं में नंबर 5 बेतालघाट में सर्वाधिक 310 मतदाता हैं।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जुटी बैणी सेना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अब बैणी सेना की भी मदद ली जा रही है। नगर निगम सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बैणी सेना की दर्जनों सदस्यों को मतदान का महत्व बताया गया और उन्हें भी उनके क्षेत्रों के बीएजी (बूथ अवेयरनेस ग्रुप) के साथ जोड़ा गया।

स्वीप की ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान हुआ, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम की बैणी सेना की मदद ली जा रही है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी ब्लॉक के कुल 183 में से कम मतदान वाले 76 बूथों को चिन्हित किया गया, जहां बैंणी सेना को बूथ स्तरीय अधिकारी के नेतृत्व में गठित बीएजी टीम में शामिल किया गया है। कहा कि बैणी सेना के सदस्यों को स्थानीय लोगों के बारे में अधिक जानकारी होती है, इसलिए उन्हें इस कार्य के लिए चुना गया है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। उम्मीद है कि इसका निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, तहसीलदार सचिन कुमार, बैणी सेना के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी, रेनू वैरागी, जानकी, पुष्पा अधिकारी, कंचन रौतेला, मीना जीना, बबीता जोशी, कविता जीना, पुष्पा देवी, रेनू पाल आदि उपस्थित रहे।

हल्द्वानी नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जागरूकता सामग्री लेतीं बैणी सेना की सदस्य। ● अमृत विचार

पांच सीटों पर 93187 सर्विस मतदाता

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राज्य की पांच लोकसभा सीटों पर सर्विस वोटरों की कुल संख्या 93 हजार 187 है। जिसमें टिहरी लोकसभा सीट पर 12 हजार 862, गढ़वाल लोकसभा सीट पर 34 हजार 845, अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर 29 हजार 105, नैनीताल लोकसभा पर 10 हजार 629 एवं हरिद्वार लोक सभा सीट पर 05 हजार 746 सर्विस वोटर चिन्हित किए गए हैं। सभी सर्विस वोटरों के लिए ई-पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सर्विस वोटरों के यूनिट कार्यालयों के सैन्य अधिकारियों से सक्षम स्तर पर सर्विस वोटरों को पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराने और पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर तक पहुंचाने के लिए अनुरोध किया गया है। प्रयास किए जा रहे हैं कि सर्विस वोटरों का मतदान शत प्रतिशत हो। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के 90 हजार 845 सर्विस वोटरों में से 63 हजार 222 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए थे, जो कुल सर्विस वोटरों का लगभग 70 प्रतिशत था। डाक मतपत्र मतगणना दिवस तक सुबह 08 बजे तक आरओ के पास पहुंच जाने चाहिए। राज्य में बनाए गए 11 हजार 729 पोलिंग बूथों में चुनावी पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी। राज्य के 5898 पोलिंग बूथों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। कुछ पोलिंग बूथों पर माइक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की जाएगी।

5898 पोलिंग बूथों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था, कुछ केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था

16 दिनों में 10.71 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती

देहरादून : इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के माध्यम से विभिन्न विभागों ने आचार संहिता के बाद से अब तक 10 .71 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती की है। अभी तक कम्पोनेंट वाइज सीजर में 3 .59 करोड़ रुपये नकद, नारकोटिक्स, ड्रग्स और एनडीपीएस के तहत 2 .55 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती, आबकारी के मामले में 1.86 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती एवं 2 .70 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य सामग्रियों की जब्ती हुई है। हरिद्वार जनपद में सबसे अधिक 6 .80 करोड़ रुपये मूल्य की, नैनीताल जनपद में 1 . 01 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती की गई है।

लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर जागरूक हो रहा है राज्य

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य गठन के बाद उत्तराखंड में हुए लोकसभा चुनाव में साल 2004 के बाद लगातार उछाल आया है। साल 2004 में महज 48.07 मत प्रतिशत के बाद साल 2009 से लेकर साल 2019 के लोकसभा चुनाव तक हर बार मतदान प्रतिशत में उछाल आया है। पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 61.88 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

राज्य गठन के बाद साल 2004 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा को तीन, कांग्रेस को एक और समाजवादी पार्टी को एक सीट मिली थी। पूरे राज्य में 48.07 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। उत्तराखंड में यही अकेला लोकसभा चुनाव था, जब यहां की जनता ने मिलाजुला नतीजा दिया था। तीन दलों में राज्य की पांच सीटें बंट गईं। इसके बाद हर चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ता ही चला गया है।

राज्य में साल 2009 में मत प्रतिशत बढ़ गया और 5.36 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ कुल 53.43 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में आधे से ज्यादा मतदाताओं से सरकार बनाने में अपनी भागीदारी निभाई। नतीजों में कांग्रेस ने पांचों सीटें जीत ली थीं। कांग्रेस को 43.14 प्रतिशत मत मिले। साल 2014 से राज्य के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत में जबरदस्त उछाल आया।

लोकसभा चुनाव में राज्य में कुल मत प्रतिशत 61.67 प्रतिशत पहुंच गया। साल 2009 के लोकसभा चुनावों की अपेक्षा आठ प्रतिशत ज्यादा मतदाताओं ने वोट दिया। भाजपा को कुल 55.30 प्रतिशत मत और पांचों सीटें मिलीं। यही सिलसिला साल 2019 के लोकसभा चुनाव में रहा। राज्य में कुल मतदान 61.88 प्रतिशत तक पहुंच गया।

नतीजों में भाजपा को फिर से पांचों सीटें मिलीं। साल 2019 में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत राज्य गठन के बाद अभी तक सबसे ज्यादा है। हालांकि पूरे देश में मत प्रतिशत 67.11 प्रतिशत रहा था।

भाजपा का मत प्रतिशत 22 प्रतिशत तक बढ़ा

उत्तराखंड में साल 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 40 .98 प्रतिशत वोट मिले थे और साल 2019 के चुनाव में भाजपा को 61 .01 प्रतिशत मत मिले हैं। मोदी युग में भाजपा का उत्तराखंड में मत प्रतिशत 22 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

61.88 प्रतिशत तक रहा है राज्य में वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत

निर्वाचन आयोग ने लगातार चलाए अभियान

पिछले एक दशक में निर्वाचन आयोग ने कई अभियान चलाए हैं। जिसके बाद लोगों की मतदान में दिलचस्पी बढ़ी है। साथ ही साल 2014 के बाद से सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल हुआ है। समाजिक संस्थाओं ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने से संबंधित प्रचार के लिए सोशल मीडिया में भागीदारी बढ़ाई है।

जागरूकता — महंगाई को भी मुद्दा मानती हैं महिलाएं, राजनीति में महिला आरक्षण को बढ़ाने और इसे शीघ्र लागू करने पर दे रहीं जोर

महिलाओं के लिए सुरक्षा व राजनीतिक भागीदारी बड़े मुद्दे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : महिलाओं के लिए महंगाई का मुद्दा जरूर है, लेकिन उनकी सुरक्षा भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह राजनीति में महिलाओं के लिए आरक्षण को जायज मानती हैं और इसे जल्द लागू करने व बढ़ाने की भी वकालत करती हैं। हालांकि, लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में राज्य की प्रमुख दलों की ओर से महिलाओं की उपेक्षा से उनमें नाराजगी है।

महिलाओं का कहना है कि महंगाई का असर है, लेकिन वर्तमान में अधिकतर महिलाएं किसी न किसी रोजगार से जुड़कर घर चलाने में मदद कर रही हैं। समाजसेवी कल्पना रावत का कहना है कि आज आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन आदि सुविधाएं मुफ्त में मिल रही हैं। ज्यादातर कार्य ऑललाइन होने से भ्रष्टाचार कम हुआ है। लोगों को देखना चाहिए कि उन्हें यह सुविधाएं भी मिल रही हैं।

गृहणी कमला रौतेला कहती हैं कि सबसे बड़ा मुद्दा महिलाओं की सुरक्षा का है। आज हर जगह महिलाओं का शारीरिक शोषण हो रहा है, लेकिन कोई आवाज उठाने वाला नहीं हैं। महिलाएं राजनीति में भी बहुत अच्छा कर सकती हैं, लेकिन उन्हें इस ओर कम मौके मिलते हैं। कमला ने कहा कि राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा व कांग्रेस ने सिर्फ एक महिला (टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह, भाजपा प्रत्याशी) को टिकट दिया। महिलाएं ग्राम प्रधान, पार्षद आदि बन जाती हैं तो भी पर्दे के पीछे से उनके पति सारे दायित्व निभाते हैं। जिन महिलाओं को राजनीति में मौका मिला, उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी है।

घर-परिवार व समाज के दबाव में महिलाओं को राजनीति में नहीं आने दिया जाता है। मौका मिलने पर वह राजनीति में भी बेहतर कर सकती हैं। राजनीति में भी बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। – **विद्या महतोलिया**, समाजसेवी

महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं, लेकिन उनके शारीरिक शोषण के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को महिलाओं का सम्मान करना सीखाना चाहिए। – **यशोदा रावत**, गृहणी

महंगाई जरूर बढ़ी है, लेकिन इसके विपरीत वर्तमान में अनेक सुविधाएं भी लोगों को मिल रही हैं। दिव्यांग महिलाओं को मतदान में कोई सहयोग नहीं मिलता, उनका मन भी वोट करने का करता है। – **हेमा हर्बोला**, कलाकार

सुरक्षा का मुद्दा अहम हैं। देश की महिला पहलवानों, असम की महिलाओं, अंकिता भंडारी आदि को आज तक न्याय नहीं मिला। आप बराबरी का दर्जा नहीं दे पाए, सुरक्षा की गारंटी तो दीजिए। – **अमनदीप कौर**, अधिवक्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 और 19 की ही तरह लगातार तीसरी बार क्रांतिकारियों की धरती मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकने आए तो अपने चिरपरिचित अंदाज और तेवर में विपक्ष पर गरजते हुए विकसित भारत का सपना दिखाकर लोगों में जोश भरने के साथ भाजपा प्रत्याशी टीवी धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका निभाकर विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल की जीत का माहौल भी बना गए। लेकिन मोदी की सभा के 48 घंटे के भीतर सपा ने मेरठ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदलकर चुनाव को नई धार दे दी। सपा ने अब सरधना से विधायक गुर्जर समाज के अतुल प्रधान पर दांव लगाया है।

क्रांति की धरा पर 'राम बाण' करेगा बेड़ा पार

- इस बार सपा-बसपा से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं, एआईएमआईएम प्रत्याशी आया तो भाजपा की राह होगी आसान

मेरठ-हापुड़ लोस सीट

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। सपा ने बदायूं, नोएडा व मुरादाबाद के बाद मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भी अपना प्रत्याशी बदल दिया है। यहां से घोषित प्रत्याशी अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का पार्टी में विरोध था, कार्यकर्ता स्थानीय नेता को टिकट देने का मांग कर रहे थे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी प्रत्याशी की कार्यशैली से खुश नहीं थे। वैसे भी पॉलिटिकल एक्टिविस्ट भानु प्रताप का मेरठ से कोई वास्ता नहीं था। क्रांति भूमि कही जाने वाली मेरठ की लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की झोली में है। पिछले तीन चुनावों से भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल जीत रहे हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा के हाजी याकूब को मात देकर उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई थी। लेकिन इस बार राम मंदिर से बने माहौल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फायदा उठाने के लिए भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल पर दांव लगाया है। सपाई उन्हें मुंबई में रहने के कारण बाहरी बता रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि अरुण गोविल मेरठ के मूल निवासी हैं। उनका जन्म यहां 12 जनवरी 1958 को हुआ था। उन्होंने कक्षा पांच तक की पढ़ाई यहीं शिशु मंदिर में की थी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ नामांकन करने के बाद अरुण गोविल ने उनके साथ सीधे आंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दलित मतदाताओं को साधने की कोशिश की। दरअसल, दलित-मुस्लिम वोट बैंक की बदौलत ही पिछले चुनाव में बसपा ने भाजपा को नाको चने चबवा दिए थे। भाजपा प्रत्याशी बमुश्किल 2379 वोटों से जीत सके थे। इस बार बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी बाहरी हैं। वह बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य साथ में मौजूदा सांसद राजेंद्र अग्रवाल।

ध्रुवीकरण की बयार में भाजपा का गढ़ बनी

1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद 1980 और 1984 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस काबिज रही। 1989 और 1991 में यह सीट जनता दल के पास रही। लेकिन 1990 के दौर में राम मंदिर आंदोलन का मेरठ में भी व्यापक असर हुआ और यह सीट भाजपा का गढ़ बन गई। 1991, 1996 और फिर 1998 में यहां से लगातार भाजपा के अमरपाल सिंह ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में यहां से बसपा ने बाजी मारी। लेकिन 2009 के बाद से भाजपा का कमल खिल रहा है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने सवा दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में भाजपा से राजेंद्र अग्रवाल, बसपा से शाहिद अखलाक और सपा से शाहिद मंजूर मैदान में थे। मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा के बीच बंटने से भाजपा की जीत आसान हो गई। 2024 के चुनाव में कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं है। ऐसे में सबकी निगाहें असदुद्दीन ओवैसी पर टिकी हुई हैं। एआईएमआईएम का प्रत्याशी आने से भाजपा की राह काफी आसान हो जाएगी, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है।

2019 में सांसें थाम देने वाला मुकाबले में कैंट विस ने बचाई थी भाजपा की लाज

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब प्रत्याशी थे। उनका सीधा मुकाबला जीत की हैट्रिक लगाने उतरे भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल से था। कांग्रेस से हरेंद्र अग्रवाल मैदान में थे। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान सभा सीटों में चार हापुड़, किठौर, मेरठ सिटी और मेरठ दक्षिण में बसपा प्रत्याशी ने लीड बनाई। भाजपा करीब एक लाख से ज्यादा वोटों से पीछे थी, लेकिन मेरठ कैंट सीट ने भाजपा के लिए बाजी पलट दी। इस विधानसभा क्षेत्र ने न सिर्फ भाजपा और बसपा के बीच के वोटों के अंतर को खत्म किया, बल्कि 4729 वोटों से जीत दिलाने मे भी कामयाबी दिलाई। भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल को 5,86,184 वोट तो बसपा के हाजी याकूब को 5,81,455 वोट मिले थे।

2019 चुनाव में विधानसभा वार परिणाम

विस	भाजपा	बसपा	कांग्रेस
किठौर	109222	131039	3407
मेरठ	79241	109637	5427
मेरठ (दक्षिण)	123496	152210	6775
हापुड़ (एससी)	106151	122389	6602
मेरठ कैंट	168074	66180	12090

प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2019 लोस	48.4	----	48.1	2.8
2014 लोस	47.9	19.0	27.0	3.9
2009 लोस	31.9	25.2	25.4	8.4
2022 विस	46.2	26.9	12.5	1.5

- सपा ने मोदी की रैली के बाद बदला प्रत्याशी भाजपा के अरुण गोविल का मुकाबला करेंगे अब विधायक अतुल प्रधान
- दलित वोट साधने के लिए भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने के बाद सीधे पहुंचे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने

तेजतर्रार नेता की छवि, संगीत सोम को हराकर चर्चा में आए

मेरठ जिले की मवाना तहसील के निवासी अतुल प्रधान ने छात्र नेता के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें सपा छात्र सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। गुर्जर समाज से आने वाले अतुल प्रधान तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था। भाजपा के संगीत सिंह सोम ने यह चुनाव जीता था और अतुल तीसरे नंबर पर रहे थे। 2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर अतुल प्रधान पर भरोसा जताया। लेकिन इस बार भी वह भाजपा के संगीत सिंह सोम से हार गए। हालांकि, इस बार उनका स्थान दूसरा रहा। 2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को सरधना सीट से फिर मौका मिला और इस बार उन्होंने भाजपा के दो बार के विधायक संगीत सिंह सोम को 18 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया।

2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था।

2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर जताया भरोसा

2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को तीसरा मौका मिला

प्रधान की पत्नी ने सपा से लड़ा था मेयर का चुनाव

- अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान मेरठ में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। 2023 में सपा ने सीमा प्रधान को मेयर का टिकट दिया था। लेकिन वह भाजपा के मुकाबले तीसरे नंबर पर पिछड़ गई थीं। दरअसल मेयर चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने के प्रत्याशी ने दूसरे नंबर पर आकर उनका खेल बिगाड़ दिया था।

मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व

- मेरठ लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व है। मुसलमानों की आबादी यहां लगभग पौने छह लाख गिनी जाती है। दूसरे नंबर दलितों में जाटव समुदाय की आबादी करीब साढ़े तीन लाख और वाल्मीकि समाज 80 हजार के आसपास है। ब्राह्मण सवा लाख तो वैश्य दो लाख के आसपास और त्यागी समुदाय 50 हजार तथा जाट एक लाख 40 हजार और गुर्जर आबादी 60 हजार से ज्यादा है। इनके बाद सैनी, प्रजापति, पाल और कश्यप समाज की आबादी सवा लाख से ज्यादा है।

एमपी में कांग्रेसियों की भाजपा में शामिल होने की लाइन लगी

भोपाल। लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर दल-बदल की राजनीति चल रही है। कांग्रेस में भगदड़ जैसी हालत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक कमलेश शाह, मेयर विक्रम अहाके, जगत बहादुर सिंह, समेत आधा दर्जन से ज्यादा पूर्व विधायक और पदाधिकारी कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का पटका पहन चुके हैं। इन हालात में विधानसभा चुनाव में करारी हार से उबरने की कोशिश में लगी कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की राह और कठिन हो गई है।

हरियाणा में कांग्रेस की सूची लटकने से दावेदारों में बेचैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के लिए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं होने से दावेदारों में बेचैनी है। भाजपा राज्य में अपने सभी दस उम्मीदवार उतार चुकी है तो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार बहुत पहले उतार दिया है। लेकिन हरियाणा में दस में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर पाई है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अब एक या दो दिन में होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि तीन अप्रैल को राहुल गांधी वायनाड से नामांकन दाखिल करेंगे, इसके बाद चार अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी हरियाणा की सभी 9 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर सकती है। हरियाणा में कांग्रेस सियासी समीकरणों और भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देने के लिए दिग्गज और जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में है, जिसमें हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा को अंबाला या सिरसा से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा को भी मैदान में उतारने की चर्चा है। रोहतक सीट पर दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संभवतः लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

हम भी साथ बालुरघाट में टीएमसी प्रत्याशी बिप्लब मित्रा के नामांकन जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और जमकर जोश दिखाया।

दो सीएम के जेल जाने से अब घोषणा पत्र में भी होगा बदलाव

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- भाजपा करेगी हर स्तर पर भ्रष्टाचार मिटाने का वायदा तो कांग्रेस एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव पर देगी जोर

अमृत विचार : 31 मार्च को दिल्ली में इंडिया गठबंधन एवं मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्रों में कुछ बदलाव के संकेत मिले हैं। भाजपा भ्रष्टाचार और कांग्रेस सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव का वायदा करेगी। दोनों दल अपने-अपने घोषणा पत्र पांच अप्रैल को जारी करने की तैयारी में हैं।

माना जा रहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में राजनीति एवं सरकार में किसी भी स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को साफ करने की गारंटी मुख्य वायदा रहेगा। युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिए कई वायदे प्रस्तावित हैं। महिला कल्याण एवं बेरोजगारी मिटाने की गारंटी दी जाएगी और किसानों की वर्तमान स्थिति को और बेहतर करने के लिए कई योजनाएं शुरू करने के भी संकेत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के घोषणा पत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से किसी भी स्तर के भ्रष्टाचार को रोकने का वादा किया जाएगा। भाजपा की तीसरी बार सत्ता में वापसी के बाद आम जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों के साथ सबसे बड़ा वादा भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना होगा। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता की नब्ज टटोलने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में कई वीडियो वैन भी देश भर में रवाना की थी, ताकि एक करोड़ से ज्यादा लोगों की राय को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके।

उधर, कांग्रेस के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के नाम पर बेकसूरों को फंसाने की कार्रवाई को रोकने के लिए वायदे होंगे। सूत्रों के मुताबिक चुनाव घोषणा पत्र में जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों को शामिल किया गया है। लेकिन सबसे बड़ा वायदा केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यदि किसी के साथ बेजा कार्रवाई होती है, तो उसे रोकने के लिए वर्तमान कानून में बदलाव करने के वायदे का संकेत मिला है। कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव संयोजक है। इसमें महासचिव प्रियंका गांधी सहित कुल 16 सदस्य हैं।

आजादी के बाद 90 के दशक तक टिहरी लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही। यही वजह है कि बीते तीन चुनावों में हार के बाद भी कांग्रेस का वोट बैंक यहां 30 फीसदी से नीचे नहीं गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में गंगा का उद्गम स्थल गोमुख, लाख मंडल, गंगोत्री, यमुनोत्री और विशाल टिहरी बांध स्थित है।

राजशाही परिवार का वर्चस्व तोड़ने की चुनौती

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों में टिहरी लोकसभा सीट का खास महत्व है। आजादी के बाद से आज तक इस सीट पर टिहरी राजघराने का वर्चस्व बरकरार है। पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी लेकिन राम लहर के बाद भाजपा ने यहां मजबूत कब्जा जमा लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार फिर से वर्तमान सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर विश्वास जताया है, तो कांग्रेस ने मसूरी से दो बार विधायक रहे जोत सिंह गुनसोला को चुनाव मैदान में उतारा है। बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार ने चुनावी ताल ठोक कर दोनों दलों की मुश्किल बढ़ा दी है। राजशाही परिवार की वजह से टिहरी क्षेत्र वीआईपी सीट रहा है। टिहरी की राजशाही के साथ ही एशिया के सबसे बड़े बांधों में से एक टिहरी बांध की वजह से इलाके की खास पहचान है। एक अगस्त 1949 को टिहरी रियासत भारत के अधीन आ गई थी, लेकिन टिहरी में राजशाही बरकरार रही।

माला राज्य लक्ष्मी शाह।



जोत सिंह गुनसोला।

- टिहरी में राजशाही परिवार के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं आसान
- पहले कांग्रेस का था गढ़ राम लहर के बाद भाजपा ने किया कब्जा

08 बार भाजपा ने राज परिवार के सहारे जीत दर्ज की

30% लगातार हार के बाद भी कांग्रेस का बचा है वोट बैंक

तीन जिलों की 14 विस सीटें लोस क्षेत्र में शामिल

देहरादन जिले के कैंट, चकराता, मसूरी, रायपुर, राजपुर रोड, सहसपुर, विकासनगर विधानसभा क्षेत्र, टिहरी जिले के टिहरी, धनौल्टी, घनसाली और प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र,उत्तरकाशी जिले के पुरोला, गंगोत्री और यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र हैं।

कभी कांग्रेस का गढ़ थी सीट अब यहां खिल रहा कमल

- राजनीति में राजशाही परिवार के सदस्य सक्रिय रहे। वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी राजशाही परिवार से हैं। आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव में राजमाता कमलेंदुमति शाह निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। जिसमें उनकी बड़ी जीत हुई थी। इसके बाद 1957 में हुए चुनाव में टिहरी रियासत के अंतिम राजा मानवेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और सांसद बने। 1962 व 67 के चुनाव भी कांग्रेस ने जीते और जीत की हैट्रिक बनाई।
- वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से परिपूर्णानंद पैन्यूली टिहरी विजयी हुए। 1977 के चुनाव में देश भर में चली बदलाव की बयार के साथ ही त्रेपन सिंह नेगी जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। 1980 के चुनाव में त्रेपन सिंह नेगी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। 1984 व 89 में कांग्रेस से ब्रहमदत्त लगातार निर्वाचित हुए। इसके बाद फिर से राजशाही परिवार ने चुनाव लड़ने का मन बनाया। भाजपा ने 1991 में परिवार के मानवेंद्र शाह को चुनाव मैदान में उतारा। उनकी बड़ी जीत से भाजपा का खाता खुला। इसके बाद मानवेंद्र शाह 96,98, 99 और 2004 के चुनाव में लगातार विजयी हुए।
- साल 2007 में इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के विजय बहुगुणा सांसद बने। 2009 में भी विजय बहुगुणा जीते। उनके मुख्यमंत्री बनने पर इस सीट पर 2012 में उपचुनाव हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजशाही परिवार की माला राज्य लक्ष्मी शाह पहली बार सांसद निर्वाचित हुईं।

2009 में हुए चुनाव की स्थिति

प्रत्याशी	पार्टी	वोट	प्रतिशत
विजय बहुगुणा	कांग्रेस	263083	44.97
जसपाल राणा	भाजपा	210144	35.92

2012 में हुए उपचुनाव की स्थिति

प्रत्याशी	पार्टी	वोट	प्रतिशत
माला राज्य लक्ष्मी शाह	भाजपा	245835	48.11
साकेत बहुगुणा	कांग्रेस	223141	43.67

1991 से 2004 के बाद बीते तीन चुनावों से भाजपा का कब्जा

- 1952 के पहले चुनाव में जब कांग्रेस का डंका बज रहा था निर्दलीयकमलेंदुमति शाह ने जीत हासिल की थी। 1957,62 व 67 में कांग्रेस के मानवेंद्र शाह तीन बार लगातार जीते। 1971 में कांग्रेस के परिपूर्णानंद पैन्यूली विजई रहे।
- 1977 में त्रेपन सिंह नेगी ने यहां जनता पार्टीका झंडा फहराया लेकिन 1980 में कांग्रेस के त्रेपन सिंह नेगी के बाद 1984 व 89 में ब्रहम दत्त जीते।
- 1991, 96, 98, 99 व 2004 में भाजपा के मानवेंद्र शाह ने लगातार कमल खिलाया। 2007 के उपचुनाव के बाद 2009 में भी कांग्रेस के विजय बहुगुणा ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2012 उपचुनाव, 2014 और 2019 में भाजपा की माला राज्य लक्ष्मी शाह जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं।

2019 में चुनाव की स्थिति



माला राज्य लक्ष्मी शाह	565333 वोट
प्रीतम सिंह	264747 वोट

2014 में हुए चुनाव की स्थिति



माला राज्य लक्ष्मी शाह	446733 वोट
साकेत बहुगुणा	254230 वोट

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73903.91	22453.30
बढ़त	110.64	8.70
प्रतिशत में	0.15	0.04

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

लखनऊ मंडी

किराना भाव : (अनाज प्रति कुन्तल) गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000। **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500। **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800 9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 3000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000। **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200। **आटा मैदा :** मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050। **किराना :** नारियल120-140 हल्दी175-225 लाल मिर्च225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौंफ 180-300 सोंठ 350-380

विस्तारा उड़ान रद्द होने और देरी पर दैनिक रूप से जानकारी दे : डीजीसीए

विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रखी जा रही

नयी दिल्ली, दो अप्रैल (भाषा)

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। साथ ही नियामक ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखने की बात भी कही। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रख रहा है।

एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन ने मंगलवार को 50 से अधिक उड़ाने रद्द की हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया

कि कुछ कमांडर के साथ-साथ इसके ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारी भी नए अनुबंधों में वेतन संशोधन की मांग को लेकर विरोध जताते हुए बीमार होने की सूचना दे रहे हैं। चालक दल की अनुपलब्धता और अन्य परिचालन कारणों के कारण एयरलाइन द्वारा परिचालन कम करने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात सामने आई है। डीजीसीए ने मंगलवार को बयान में कहा कि विस्तारा की विभिन्न उड़ान बाधाओं के मद्देनजर उसने एयरलाइन को रद्द की जा रही और विलंबित उड़ानों की दैनिक जानकारी तथा विवरण देने को कहा है।

डीजीसीए के अधिकारी उड़ान रद्द होने और देरी की स्थिति में यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए जरूरी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। नियामक ने कहा, यह यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए है। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह विस्तारा की उड़ानें रद्द होने की स्थिति पर नजर रख रहा है।

पीपलको ने नए निवेशकों के लिए 'लेमन' ऐप पेश किया

नयी दिल्ली। उद्यमी आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी की कंपनी पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है। इसका मकसद नए निवेशकों के लिए प्रक्रिया को सरल करना है। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि 'लेमन' शेयर ब्रोकिंग में पीपलको के विस्तार का प्रतीक है। इसका स्वयं का प्रबंधन और संचालन दल के साथ एक अलग व्यापार प्रभाग होगा। देवम सरदाना 'लेमन' में दल का नेतृत्व करेंगे। बयान में कहा गया, ...सफल उद्यमियों आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी के मंच पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है।'' पीपलको समूह के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष सिंघल ने कहा, लाखों भारतीयों को आज भी शेयर बाजार जटिल लगता है।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने 40,314 करोड़ जुटाए

नयी दिल्ली, एजेंसी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये कुल 40,314 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंत्रालय ने टोल वसूली-परिचालन- हस्तांतरण (टीओटी) समूहों के मौद्रीकरण के जरिये समाप्त वित्त वर्ष में 15,968 करोड़ रुपये जुटाए जबकि अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) के माध्यम से 15,700 करोड़ रुपये और प्रतिभूतियों की बिक्री के जरिये 8,646 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये जुटाई गई राशि 28,968 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से आगे निकल गई। मंत्रालय ने संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये वित्त वर्ष 2022-23 में 32,855 करोड़ रुपये जुटाए थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय फिलहाल अपनी परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण तीन तरीकों से करता है जिसमें टीओटी मॉडल, इनविट और परियोजना-आधारित वित्तपोषण शामिल है। इस तरह सभी श्रेणियों के निवेशकों को संबंधित परिसंपत्तियों में निवेश करने का अवसर दिया जाता है। इनविट म्यूचुअल फंड की तर्ज पर एक निवेश साधन है, जिसे निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने और परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिए बनाया है।

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	68,750
सोना रवा	68,600
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	76,300
चांदी (999)	76,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

लखनऊ मंडी

अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90। **मेवा :** चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 मखाना 750-900 किशमिश 180-225 काजू 600-1100 बादाम 450-920 छोटी इलाइची 1900-2200 बड़ी इलाइची 1300-1500 लौंग 940-1000 कत्था 1400-1600 कपूर 500-650 गोलाकश 130-140।

बायजू 500 कर्मियों की छंटनी करेगी, ट्यूशन सेंटर होंगे प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

नौकरी में कटौती का नवीनतम दौर बिक्री कार्यों, शिक्षकों और कुछ ट्यूशन केंद्रों को प्रभावित करेगा। हालांकि सूत्रों ने कहा कि बायजू को बेहद खराब स्थिति में ही आगे चीजों को सुसंगत करने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी सूचना है कि कुछ प्रभावित कर्मचारियों को फोन पर छंटनी की सूचना दे दी गई है। लेकिन छंटनी के संबंध में बायजू ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। बायजू के प्रवक्ता ने एक ईमेल प्रतिक्रिया में कहा, ''हम परिचालन ढांचे को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए अक्टूबर, 2023 में घोषित कारोबार पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में हैं।''

रुपया तीन पैसे फिसला

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.39 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे को बढ़त लेकर 83.37 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई बिकवाली की बदौलत 83.34 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.43 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। पिछले दिवस के 83.39 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

भीषण गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पहुंचने के आसार

नयी दिल्ली, एजेंसी

इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पर पहुंच जाने के अनुमान के बीच कोयले से पैदा होने वाली बिजली पर भारत की अत्यधिक निर्भरता बने रहने के आसार हैं। बिजली मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस साल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान बिजली की मांग भी काफी बढ़ जाएगी और मंत्रालय इसे ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि नवीकरणीय क्षमताओं में वृद्धि जारी होने के बीच चरम मांग को पूरा करने के लिए बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा भी मांग को पूरा करने में काफी मदद करेगी। मंत्रालय ने सभी बिजली उत्पादक कंपनियों, खासकर कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्रों को अपनी रखरखाव योजनाओं को टालने का निर्देश दिया है। इसके अलावा गैस-आधारित बिजली संयंत्रों को बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया है। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अनुमान जताया कि भारत में अप्रैल-जून की अवधि में भीषण गर्मी का सामना करना होगा। इसकी सबसे ज्यादा मार देश के मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सों पर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा, अधिकांश मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10-20 दिन तक लू चल सकती है। बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि देश में अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले साल सितंबर के रिकॉर्ड 243 गीगावाट से अधिक है।

एक नजर

आबकारी विभाग ने 32 हजार बल्क लीटर अवैध शराब की जब्त

शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान आरम्भ किया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त डॉ. यूनुस ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग ने एक सघन अभियान के दौरान जिला बिलासपुर जिला के दबट व माजरी इत्यादि क्षेत्रों में तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब की 10 भट्ठियों पर कार्रवाई की। पंजाब के आबकारी विभाग के साथ की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 18000 बल्क लीटर लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग : पेमा खांडू

ईटानगर। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग है। उन्होंने बीजिंग द्वारा राज्य में 30 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा को ''एक और नौटंकी'' करार दिया। खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के गौरवान्वित नागरिक और देशभक्त लोग चीन की ऐसी हरकतों को खारिज कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, भारत का एक गौरवान्वित नागरिक और अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी होने के नाते, मैं अरुणाचल प्रदेश के आंतरिक स्थानों के (चीनी) नामकरण के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।

पूर्व भाजपा विधायक की पत्नी फिर पार्टी में शामिल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार विधायक रहे राकेश वर्मा की पत्नी इंदु वर्मा मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हिमाचल विधानसभा के लिए 2022 में हुए चुनाव से ठीक पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं, लेकिन ठियोग सीट से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने ठियोग सीट से पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख कुलदीप राठौर को मैदान में उतारा था।

मोदी से राहुल का कोई मुकाबला नहीं: शाह

इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांधी का कोई मुकाबला नहीं है।

शाह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आगामी आम चुनावों में एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भाजपा है, वहीं दूसरी ओर 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का यह द इंडिया समूह है। '' उन्होंने दावा किया कि राजग राज्य की सभी

28 सीटें जीतेगी। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मोदी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके (मोदी) के नेतृत्व में भाजपा ने पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। गृह मंत्री ने कहा, "लोगों के पास स्पष्ट विकल्प है। एक ओर जहां मोदी ने एक पैसे के भ्रष्टाचार के बिना 23 वर्षों तक शासन किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। ये लोग जहां कहीं भी सत्ता में आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। इनका दिमाग कभी भी लोगों की सेवा करने पर केंद्रित नहीं होता है।" उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की भी निंदा की। उन्होंने इसकी तुलना मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के रिकॉर्ड से की। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी के अपने कार्यकाल के दौरान कोई छुट्टी न लेने की उनकी कार्य नीति का उल्लेख करके उनके (मोदी के) समर्पण का उल्लेख किया। शाह ने कहा, " प्रधानमंत्री हमेशा भारत के लिए काम करते हैं। वह एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेते हैं, जबकि राहुल 'बाबा' गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए विदेश जाते हैं। प्रत्येक छह महीने में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें ढूंढने लगते हैं। पूरा देश इस समय मोदी के साथ खड़ा है।" इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा, प्रह्लाद जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए सेना और पुलिस अलर्ट पर हैं। वहीं जम्मू संभाग के पुंछ जिले के मेंढर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने संक्त टीम के साथ संवेदनशील स्थानों का दौरा किया। ● एजेंसी

महाराष्ट्र सदन घोटाला मामले में भुजबल को जारी किया नोटिस

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल और उनके परिवार के सदस्यों को एक याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किये हैं। इस याचिका में भुजबल और उनके परिजनों को नयी दिल्ली के महाराष्ट्र के सदन के निर्माण में कथित घोटाले से संबधित एक मामले में सत्र न्यायालय द्वारा आरोप मुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी है। न्यायमूर्ति एस एम मोदक की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो (एसीबी) के माध्यम से भुजबल, उनके पुत्र पंकज, भतीजा समीर और छह अन्य को नोटिस भेजे हैं। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करेगी।

फर्जी खबरों के विरुद्ध ऑनलाइन रजिस्टर

नयी दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने नयी लोकसभा चुनने के लिए इस समय जारी प्रक्रिया में फर्जी खबरों और सूचनाओं से निपटने के लिए मंगलवार को 'कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' नाम से एक नया सावर्जजनिक ऑनलाइन रजिस्टर शुरू किया है। इस रजिस्टर को अद्यतन फैक्ट-चेक (तथ्यों की जांच) में उजागर नकली सूचनाओं और आयोग द्वारा चुनाव संबंधी विषयों में समय-समय पर जारी की जाने वाली सामान्य प्रश्नोत्तरी (एफएक्यू) को शामिल करने के लिए नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने साथी दोनों चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में आयोजित एक समारोह में चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर इस रजिस्टर का उद्घाटन किया। आयोग ने कहा है कि ' कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

अरविंद केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाजपा

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए। भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधा।

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में दो आईजी, आठ डीएम, 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी ''नियमित समीक्षा'' के तहत मंगलवार को पांच राज्यों में दो पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी), आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया।

आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की 16 मार्च को घोषणा की थी। ये चुनाव सात चरणों में, 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। मतगणना चार जून को होगी। साथ ही, जिन अधिकारियों को मौजूदा पदस्थापन से हटा दिया गया है, उन्हें लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं दी जाए। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के नामों की एक सूची आयोग को भेजें तथा 'शॉर्टलिस्ट' किए गए अधिकारियों को स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर नियुक्त किया जाए। स्थानांतरित किये गए पुलिस महानिरीक्षकों में आंध्र प्रदेश के गुंटुर क्षेत्र और ओडिशा में मध्य क्षेत्र के आईजी शामिल हैं। स्थानांतरित किये गए अन्य अधिकारियों में बिहार के भोजपुर जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, नवादा जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा असम में उदलगिरि के जिलाधिकारी शामिल हैं। वहीं, आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, पुलिस उपमहानिरीक्षक (पलामू) और पुलिस महानिरीक्षक (दुमका) के पदों पर रिक्तियों को भरने के लिए अधिकारियों के नाम की एक सूची भेजने को कहा है।

ओडिशा विस चुनाव के लिए भाजपा की सूची जारी

नयी दिल्ली/भुवनेश्वर, दो अप्रैल (भाषा)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 21 पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। भाजपा का टिकट नहीं पाने वाले एकमात्र विधायक पुरी जिले के ब्रह्मगिरि से ललितेंदु विद्याधर महापात्रा हैं। महापात्रा की भतीजी उपासना महापात्रा को ब्रह्मगिरी विधानसभा सीट से टिकट मिला है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा गया है। इस सूची में उपासना सहित आठ महिला उम्मीदवार हैं। इनमें सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे, सेबती नायक (बोनाई), बबीता मलिक (बिंझरपुर), स्मृति रेखा पाही (धर्मशाला), कल्पना कुमार खारा (बालीगुडा), पार्वती परीदा (नीमापारा) और प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह (नयागढ़) शामिल हैं। प्रत्यूषा राज्य की सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) की पूर्व सांसद हैं और नयागढ़ विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक अरुण कुमार साहू के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। सूची के अनुसार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल भद्रक जिले की चांदबली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता और बरगढ़ से मौजूदा सांसद सुरेश पुजारी ब्रजराजनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पुजारी को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट से वंचित कर दिया गया था। पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले अभिनेता और दो बार के सांसद रहे सिद्धांत महापात्रा को डिगपींडी से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्रा अपनी पारंपरिक विधानसभा सीट संबलपुर से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह पूर्व मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केवी सिंहदेव बोलांगीर जिले की पटनागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनकी पत्नी संगीता कुमारी सिंह देव बोलंगीर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार हैं। बीजद के पांच दलबदलुओं, अरविंद धाली, आकाश दास नायक, सिद्धांत महापात्रा, पूर्ण चंद्र सेठी और प्रियदर्शी मिश्रा को भाजपा ने टिकट दिया है। अरबिंद धाली खुर्दा जिले की जयदेव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता से नेता बने आकाश दास नायक को जाजपुर जिले की कोरई विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है जबकि बीजद के पूर्व विधायक प्रियदर्शी मिश्रा भुवनेश्वर उत्तर सीट से चुनाव लड़ेंगे। बीजद छोड़कर 26 मार्च को भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक पूर्ण चंद्र सेठी खल्लीकोट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

क्विंटन डिकॉक

विकेट लेते के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल।

खेल डायरी

प्रज्ञानानंदा सर्वश्रेष्ठ के तौर पर शुरू करेंगे अभियान

टोरंटो। युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे। प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किये हैं। कुछ विशेषज्ञ भारत को शतरंज की दुनिया का नया रूस मान रहे हैं क्योंकि पहले ऐसा दबदबा सिर्फ रूस के खिलाड़ियों का ही दिखता था।

हाथापाई के मामले में दीपक शर्मा को निलंबित किया

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन वुमैंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था।

शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना भारतीय हॉकी टीम

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा, ''इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा।''

बेन स्टोक्स टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे

लंदन। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।''

बिंदियारानी को भारोत्तोलन विश्व कप में कांस्य पदक

फुकेट (थाईलैंड)। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया। हालांकि यह मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था जिन्होंने कुल 234 किग्रा (103 और 131 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

ह्यूस्टन। भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

डिकॉक-पूरन की ताबड़तोड़ पारी से एलएसजी की जीत

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की 28 रनों से हार, लखनऊ सुपरजायंट्स के मयंक यादव ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके

निकोलस पूरन

बेंगलुरु, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक 81 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद मयंक यादव के 14 रन देकर तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें मैच में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रनों से हरा दिया है।

रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु की विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 40 रन जोड़ते हुए टीम के लिए अच्छी शुरुआत की। लेकिन पांचवें ओवर में पहले विराट कोहली और उसके बाद फाफ डुप्लेसी का विकेट पर बेंगलुरु की पारी लड़खड़ा गई। विराट ने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये। वहीं डुप्लेसी ने 13 गेंदों में 19 रनों की पारी खेली। रजत पाटीदार ने 21 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाये। कैमरन ग्रीन नौ रन, अनुज रावत11 रन बनाकर आउट हुये। महिपाल लोमरोर ने टीम के लिए 13 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्को की मदद से सर्वाधिक 33 रन बनाये। दिनेश कार्तिक चार रन और मोहम्मद सिराज 12 रन बनाकर बनाकर आउट हुये।

लखनऊ के गेंदबाजों ने बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रनों पर समेट दिया। लखनऊ की ओर से मयंक यादव ने तीन विकेट लिये। नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मनीमारन सिद्धार्थ, यश ठाकुर और मार्कस स्टॉयनिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैंलेजर्स बेंगलुरु को जीत के लिय 182 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ की क्विंटन डिकॉक और कप्तान के एल राहुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। छठें ओवर में मैक्सवेल ने डागर के हाथों राहुल को कैच आउट कराया। राहुल ने 14 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 20 रन बनाये। वहीं क्विंटन डिकॉक ने 56 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर सिराज ने देवदत्त पड़िक्कल छह रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। मार्कस स्टॉयनिस ने 15 गेंदों में एक चौके और दो छक्कें की मदद से 24 रनों की पारी खेली।

बिसलरी 4 टीमों का बना हाइड्रेशन पार्टनर

नई दिल्ली। देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा " पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा।

लखनऊ 181/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक का डागर बो टॉप्ली	81	56	8/5
राहुल का डागर बो मैक्सवेल	20	14	0/2
पडिक्कल का रावत बो सिराज	06	11	0/0
स्टोइनिस का डागर बो मैक्सवेल	24	15	1/2
निकोल्स पूरन नाबाद	40	21	1/5
बडोनी का डुप्लेसिस बो दयाल	00	03	0/0
कृणाल पंड्या नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

बेंगलुरु 153/10

19.4 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
कोहली का पडिक्कल बो सिद्धार्थ	22	16	2/1
फाफ डु प्लेसी रनआउट पडिक्कल	19	13	3/0
रजत पाटीदार का पडिक्कल बो मयंक	29	21	2/2
ग्लेन मैक्सवेल का पूरन बो मयंक	00	02	0/0
कैमरन ग्रीन बो मयंक	09	09	1/0
अनुज रावत का पडिक्कल बो स्टोइनिस	11	21	0/0
महिपाल लोमरोर का पूरन का यश ठाकुर	33	13	3/3
दिनेश कार्तिक का राहुल बो नवीन-उल-हक	04	08	0/0
मयंक डागर रन आउट पूरन	00	01	0/0
रीस टॉप्ले	03	06	0/0
मोहम्मद सिराज	12	08	0/2

गेंदबाजी : एम सिद्धार्थ 3-0-21-1, कृणाल 1-0-10-0, नवीन उल हक 3.4-0-25-2, मयंक 4-0-14-3, बिश्नोई 3-0-33-0, यश ठाकुर 4-0-38-1, स्टोइनिस 1-0-9-1

कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट जीतने की दहलीज पर श्रीलंका

चटगांव (बांग्लादेश)। श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और शृंखला में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार तय नजर आ रही है।

आईपीएल मैच का बदला कार्यक्रम : बीसीसीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी बीसीसीआई ने बदलाव किया है।

पीटीआई ने सोमवार को अपनी खबर में कहा था कि केकेआर और रॉयल्स के बीच 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में राम नवमी के कारण बदलाव लगभग तय है। बीसीसीआई ने हालांकि इन दोनों मैच के कार्यक्रम में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा।'' बोर्ड ने कहा, ''अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी। यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा।'' पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई।

बॉलीवुड हलचल

दोस्त उड़ाते थे शक्ल का मजाक, आज अजय देवगन हैं बॉलीवुड के सुपरस्टार



मुंबई, एजेंसी। बोल बच्चन, सिंघम सीरीज, शिवाय जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले अजय देवगन आज 55 साल के हो चुके हैं। सांवली रंगत और भारी आवाज वाले अजय देवगन, स्टंट डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे हैं। कभी गुंडागर्दी के लिए कॉलेज में मशहूर अजय ने जब अपने दोस्तों से कहा कि वो हीरो बनेंगे, तो दोस्त मजाक उड़ाते हुए हंस पड़े और हैरानी से पूछा- तू हीरो बनेगा? आज यही अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे कामयाब एक्टर्स में शामिल हैं। शाहरुख हों, सलमान हों या आमिर, 90 दशक के हर स्टार ने किसी न किसी साल फ्लॉप फिल्में दीं या ब्रेक लिया, लेकिन अजय इकलौते एक्टर हैं, जिन्होंने 1991 की फिल्म फूल और कांटे से डेब्यू के बाद आज तक 33 सालों में कभी न ब्रेक लिया न बिना हिट दिए साल गुजारा। 122 फिल्मों के अलावा अजय सिनेमा से जुड़ी फ्यूचरिस्टिक अप्रोच के लिए भी चर्चा में रहते हैं। प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत करने वाले शुरुआती एक्टर्स में से ये एक हैं। अजय भारत के पहले एक्टर हैं, जिन्होंने वीएफएक्स स्टूडियो की शुरुआत की। अब अजय थिएटर चेन एनवाई सिनेमा के भी मालिक हैं। 600 करोड़ के इन्वेस्टमेंट के साथ अजय फिलहाल 65 प्लस थिएटर्स के मालिक हैं और आने वाले सालों में वो इस बिजनेस को एक्सपैंड कर देशभर में 250 स्क्रीन्स के मालिक बनने वाले हैं।

जैजी बी ने महिलाओं के लिए गाने में यूज किया आपत्तिजनक शब्द

मुंबई, एजेंसी। पॉपुलर पंजाबी सिंगर जैजी बी विवादों में फंस गए हैं। उनके एक नए गाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया है। खबर है कि इस सॉन्ग की वजह से विवाद गहरा गया है और अब मामला महिला आयोग में चला गया है। दरअसल, सिंगर का नया गाना 'मड़क शौकीनां दी' को हाल ही में रिलीज किया गया है। इसे एक हफ्ते पहले यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और अब तक ये 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोरने में सफल हो चुका है लेकिन इसी बीच ये विवादों में आ गया है। इस गाने पर आरोप है कि इसमें महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया है। इस पर महिला आयोग की ओर से एक्शन लिया गया है और पंजाब पुलिस की ओर से इस पर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।जैजी बी के गाने 'मड़क शौकीनां दी' से जुड़े विवाद की बात की जाए तो इसके लिरिक्स उन्होंने खुद लिखे हैं। इसमें महिलाओं के लिए 'भेड़' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसे लेकर महिला आयोग पंजाबी सिंगर जैजी पर खफा हो गया है। इसके बाद आयोग की ओर से जैजी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की जा रही है। गाने के विरोध में बरनाला, पंजाब में जैजी बी का पुतला भी जलाया गया।

शो में सिद्धू बनकर कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को गोद में बिठाया

मुंबई, एजेंसी। रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर स्पेशल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रीमियर एपिसोड के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपकमिंग दूसरे एपिसोड की एक झलक पेश की है। इस बार, सुर्खियों में क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर हैं, जो अपने मजाक और अनसुने किस्सों से शो की रौनक बढ़ा रहे हैं। प्रमोशनल क्लिप एयरहोस्टेस के रूप में कृष्णा अभिषेक के साथ शुरू होती है, जो दोनों क्रिकेट सितारों रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के साथ छेड़खानी करते हैं। रोहित अपने साथी साथियों पर मज़ाकिया कटाक्ष करते हैं और उन्हें 'सुस्त मुर्गे' कहते हैं, जबकि श्रेयस सीनियर खिलाड़ियों की एंटरटेनिंग स्टोरीज शेयर करते हैं। टीज़र में क्रिकेटर्स को कपिल और उनकी टीम के साथ क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। कपिल पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू बनकर पहुंचते हैं, जो उनके पिछले शो, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो में अर्चना पूरन सिंह की जगह नजर आते थे। शो में अक्सर कपिल सिद्धू को नाम लेकर अर्चना को चिढ़ाते हैं और इस बार तो वो सिद्धू बनकर अर्चना की सीट पर जाकर बैठ जाते हैं और अर्चना उनकी गोद में होती हैं। पिछले एपिसोड में कपूर परिवार के सदस्यों ने कपिल शर्मा के साथ हल्के-फुल्के पल साझा किए थे। रणबीर कपूर ने उस समय को याद किया जब उनके पिता, दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने उन्हें अनुशासित किया था। रिद्धिमा और रणबीर ने अपने बचपन के झगड़ों को याद किया, यह एपिसोड दिल छू लेने वाले क्षणों से भरा था। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सुनील ग्रोवर की वापसी भी हुई है, जो 2017 के विवाद के बाद कपिल के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। कलाकारों की टोली में राजीव ठाकुर, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक भी शामिल हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

सत्ता परिवर्तन पर वकीलों का पैनल बदल रहे राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, इस बात का ध्यान रखें कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तमाम राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कभी भी अपने सूचीबद्ध अधिवक्ता बदल सकते हैं लेकिन सभी को एक बात का ध्यान रखना होगा। अपने सूचीबद्ध वकीलों को बदलते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि अदालत के कामकाज पर असर ना पड़े। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं के पैनल को बदलते समय राज्यों को कम से कम छह सप्ताह तक पुराने पैनल को जारी रखना चाहिए। इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मजबूर न होना पड़े।

इस मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में सत्ता परिवर्तन के बाद सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अदालत में पेश होने वाले अपने अधिवक्ताओं के पैनल को बदल रहे हैं। इस वजह से कोर्ट को परिवर्तन के आधार पर समय-समय पर स्थगन देना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि उनके पास अपने सूचीबद्ध अधिवक्ताओं को बदलने की शक्ति है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े। इसलिए, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसा बदलाव करते समय अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को कम से कम छह सप्ताह तक जारी रख सकते हैं।

इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मबूर नहीं होना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने इस आदेश की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थायी वकील को प्रसारित करने का निर्देश दिया है।

खनन मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए 5 डीएम

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित अवैध रेत खनन के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के आदेश के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मंगलवार को तमिलनाडु के पांच जिला कलेक्टरों को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने अभद्र रवैया अपनाया है और कार्रवाई से पता चलता है कि उनके मन में अदालत, कानून और संविधान के प्रति कोई सम्मान नहीं है। कोर्ट ने कहा, हमारी राय में इस तरह का लापरवाह रवैया उन्हें एक कठिन परिस्थिति में डाल देगा। जब अदालत ने ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में उन्हें पेश होने का निर्देश देते हुए आदेश पारित किया, तो उनसे उसी आदेश का पालन करने और अदालत में उपस्थित होने की उम्मीद की गई थी।

कच्चातिवु द्वीप पर 1974 में श्रीलंका से हुआ था समझौता

कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वजह है एक आरटीआई आवेदन से निकलकर आई जानकारी। दरअसल, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातिवु के बारे में पूछा था। अब आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि सन 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। जानकारी सामने आने के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को उठाया है।

पुनः पाने की उठती रही है मांग

तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। 1991 में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा समझौते के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया जिसके जरिए द्वीप को पुन: प्राप्त करने की मांग की गई थी। 2008 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं और कच्चातिवु समझौतों को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा था कि कच्चातिवु उपहार में देने वाले देशों के बीच दो संधियां असंवैधानिक हैं। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया। मई 2022 में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को भारत में पुन: प्राप्त किया जाना चाहिए।

कहां स्थित है यह द्वीप

कच्चाति वु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। 285 एकड़ हरित क्षेत्र 1976 तक भारत का था। हालांकि, श्रीलंका और भारत के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिस पर आज श्रीलंका हक जताता है। दरअसल, साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

क्या है कच्चातिवु द्वीप का इतिहास

कच्चातिवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। यह कभी 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। 1921 में श्रीलंका और भारत दोनों ने मछली पकड़ने के लिए भूमि पर दावा किया और विवाद अनसुलझा रहा। आजादी के बाद इसे भारत का हिस्सा माना गया। साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गई कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। समझौतों ने भारत और श्रीलंका की अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा चिह्नित कर दी। हालांकि इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था।

एक नजर

मुंबई में रासायनिक संयंत्र में लगी आग, दो फैक्ट्रियां खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को रासायनिक संयंत्र में आग लग गई, जिससे आसपास की दो अन्य फैक्ट्रियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि पावने-कॉपरखैरने में एमआईडीसी में रासायनिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि एमआईडीसी से अग्निशमन सेवाएं और कॉपरखैरने के आसपास के अग्निशमन केंद्रों की 14 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और चार घंटे तक आग पर काबू पाने को लेकर मशक्कत की। रसायन लीक होने से आग लगने का कारण बताया गया है। आगे की जांच जारी है।

चोरी के शक में युवक को पीटा, मौत सबूत मिटाने के लिए शव जलाया

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में 38 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी, बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैसल गई। वारदात के 10 दिन बाद मृतक की मां की तहरीर पर शिमला के बालूगंज थाने में मामला दर्ज किया गया। शिमला से सटे सुन्नी की बझोल निवासी तारा देवी ने शिकायत में कहा कि उसका बेटा टीकमचंद पिछले आठ-नौ सालों से खरयाड़ में सेवानन्द के घर में मजदूरी का काम करता था। 22 मार्च को सेवानन्द की पत्नी प्रभा ने इसे फोन कर बताया कि टीकमचंद की गिरने के कारण मौत हो गई है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि, पुलिस को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि, शक में गांव वालों ने हत्या कर दी है, शव जला दिया। एसएसपी संजीव गांधी ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

इंडिया समूह एकजुट है, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा : फारूक

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह एकजुट है और देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा। अब्दुल्ला ने कहा, इंडिया समूह में कोई विवाद नहीं है और सभी एकजुट हैं चाहे वह फारूक हों, उमर हों या महबूबा हों। वह कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला के समर्थन में आए थे, जम्मू लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि भारत के लोग लोकसभा चुनाव में उनका (इंडिया समूह) का समर्थन करेंगे।

तुर्की में नाइट क्लब में लगी आग 29 लोगों की मौत, एक जख्मी

अंकारा। तुर्की में इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में आग लगने से कम से कम 29 लोगों की मौत हुई है। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल कार्यालय ने मंगलवार को बताया है कि नाइट क्लब में मरम्मत के दौरान आग लग गई। घटना में 29 की मौत हुई है और एक व्यक्ति जख्मी हुआ है। आग में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले में स्थित 16 मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

चीन का बढ़ता दुस्साहस... नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदलेगी

भारत की दो टूक- अरुणाचल के 30 शहरों को दिए चीनी नाम अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा।

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नए नामों की चौथी सूची जारी करने के बाद मंत्रालय ने अपना बयान जारी किया। मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के प्रयासों पर कायम है। हम चीन द्वारा किए गए इन प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। स्थानों का नाम बदलने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। इससे पहले 28 मार्च को भारत ने कहा था कि चीन अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। बता दें, पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। दरअसल, चीन की तरफ से अक्सर दावा किया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश उसका हिस्सा है।

भारत भी तिब्बत के 60 स्थानों को दे अपने नाम, चीन पर भड़के हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को भारत सरकार से आग्रह किया कि वह अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में जैसे को तैसा वाला रवैया अपनाए। सरमा ने सुझाव दिया की भारत को तिब्बत के साठ क्षेत्रों के लिए खुद के नाम देकर इसका मुकाबला करना चाहिए। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि हमें भी तिब्बत के 60 इलाकों को भौगोलिक नाम देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाब हमेशा जैसे को तैसा होना चाहिए। लेकिन मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत फैसला है। लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है तो हमें 60 का नाम लेना चाहिए। चीन ने हाल ही में अरुणाचल पर अपने दावे को जोर दिया है और विभिन्न स्थानों के 30 नामों की चौथी सूची जारी की थी।

अरुणाचल पर भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर : कांग्रेस

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों का नाम बदले जाने पर कांग्रेस ने भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर बताया है। मंगलवार को आरोप लगाया कि जयशंकर की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी जो सरकार एवं विदेश मंत्री को शोभा नहीं देती। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने दावा किया कि जो लोग कच्चातिवु पर आवाज बुलंद करते हैं वो चीन का नाम लेने से भी डरते हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत की कितनी जमीन मई, 2020 के बाद से चीन के नियंत्रण में है, मोदी सरकार ने उस जमीन को खाली क्यों नहीं कराया? चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नाम जारी किए जाने के कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि अरुणाचल एक भारतीय राज्य था, है, और भविष्य में भी रहेगा।

सरहद पर सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी

- राजनाथ बोले- शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में मंगलवार को आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मौजूद रहे सीडीएस अनिल चौहान और सेना प्रमुख मनोज पांडे।

चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेना का अहम योगदान है। राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की और कहा कि उसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में एक बड़ा सुधार आया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा कि उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने पूरा विश्वास जताया और सरहद पर मौजूद सैनिकों की सराहना की है। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ क्षेत्रों को लेकर लगभग चार वर्षों से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। पाकिस्तान से सटी सीमा का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को रोका है। हालांकि सरहद पार से अभी भी छद्म युद्ध जारी है।

भारत को जरूर मिलेगी सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता : एस. जयशंकर

गांधीनगर। भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक बात का ध्यान रखना होगा। इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। ये बातें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुजरात के राजकोट बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान बताई। दरअसल इस दौरान दर्शकों ने विदेश मंत्री से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता को लेकर भारत की संभावनाओं के बारे में सवाल पूछा था। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ, जब चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसकी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि उस समय दुनिया में लगभग 50 स्वतंत्र देश थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 193 हो गई है, लेकिन अब भी पांच देशों ने परिषद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। जयशंकर ने कहा कि अब दुनिया भर में यह मांग उठ रही है कि परिषद में बदलाव होना चाहिए और भारत को एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

रथ खींचने की मची होड़...

मथुरा : वृन्दावन के रंग जी मन्दिर के ब्रम्होत्सव में भगवान रंगनाथ की जय के साथ रथ खींचने की भक्तों में होड़ मच गई। जिसे रथ खींचने का मौका मिल गया धन्य हो गया और जिसे नही मिला उसने दूर से ही भगवान रंगनाथ को प्रणाम कर स्वयं को धन्य किया। इससे पहले 60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान भगवान रंगनाथ की रथ चलने के पहले वैदिक मंत्रो एवं शंखध्वनि के बीच आरती उतारी गई। बता दें, मन्दिर का 176वां ब्रम्होत्सव था और रथ भी इतना ही पुराना और चन्दन की लगड़ी का बना हुआ है। ● एजेंसी

चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते

- पड़ोसी देश के रक्षा मंत्री बोले पाकिस्तान ने भारत के साथ कम किए थे राजनयिक संबंध

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत में आम चुनाव के बाद रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद जताई है। आसिफ की यह टिप्पणी सिंगापुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान लगभग इंडस्ट्री लेवल पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज नहीं करने का है।

सोमवार को इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा, भारत में चुनाव के बाद हमारे संबंध बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अपनी अपनी पृष्ठभूमि है। भारत में सात चरणों में मतदान हो रहा है। इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनावपूर्ण संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसका मुख्य कारण कश्मीर मुद्दा और साथ ही पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाला सीमा पार आतंकवाद है। बता दें, 2019 में, भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। इस्लामाबाद ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है। पाकिस्तान इस बात पर जोर देता रहा है कि संबंधों को सुधारने की जिम्मेदारी भारत पर है और वह उससे बातचीत शुरू करने की पूर्व शर्त के तौर पर कश्मीर में अपने एकतरफा कदमों को वापस लेने का आग्रह कर रहा है। भारत ने इस सुझाव को खारिज कर दिया है और पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर संवैधानिक उपाय भारत का आंतरिक मामला है।

गाजा में इजराइली हमलों से एनजीओ के सात कर्मियों की मौत

गाजा। इजराइल लगातार गाजा पर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। मौजूद आतंकी संगठन हमास के ठिकानों को इजराइली सेना निशाना बना रही है। हालांकि अब तक ताबड़तोड़ जवाबी हमलों को लेकर कई देश इजराइल की आलोचना कर रहे हैं। इस बीच, गाजा में हताहत लोगों को सहायता पहुंचे वाले समूह भी इजराइली हमले का शिकार हो गया है। जिसमें तकरीबन सात विदेशी कर्मचारी मारे गए। लोगों को राहत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूह ने कहा कि सोमवार को हमले में सात विदेशी कर्मचारी मारे गए, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड और ब्रिटेन के नागरिक शामिल थे। गौरतलब है कि अमेरिका स्थित वर्ल्ड सेंट्रल किचन, ने इजराइली रक्षा बलों को दोषी ठहराया है।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय दिया, जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा

दूर के सौर मंडल में खत्म होते ग्रह की खोज

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : पृथ्वी समेत हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अस्तित्व व अंत सूर्य पर निर्भर है। हालही में वैज्ञानिकों ने दूर के एक सौर मंडल मे ग्रहों का अंत होते देखा है। खोज में तारा अपने ग्रह को खत्म कर रहा है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के अंत की जानकारी मिलती है।

वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय हत्या दिया है। जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा है। हमारा सूर्य सबसे अच्छा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु दोनों है। यही सिद्धान्त प्रत्येक सौर मंडल से जुड़ा हुआ है। जिसकी पुष्टि इस खोज में हुई है। दरअसल सभी सौर मंडल के अन्य ग्रह सूर्य के समान गैस और धूल के बादल से बने हुए होते हैं। इसके प्रकाश के बिना पृथ्वी पर कोई जीवन नहीं हो सकता।

दूसरी ओर, एक दिन ऐसा आएगा जब सूर्य पृथ्वी पर सारा जीवन समाप्त कर देगा और अंततः पृथ्वी को ही नष्ट कर देगा। हमारे ग्रह का अंत होने में अभी लगभग पाँच अरब वर्ष का समय लगेगा। यह घटना तब होगी, जब सूर्य एक लाल दानव में परिवर्तित हो जाएगा।

ग्रहों के खत्म होने की यह खोज डीओआई 10.1038/डी41586-024-00847-6 नामक आकाशगंगा में हुई है। हालाकि इससे पहले भी किसी तारे द्वारा अपने ग्रहों को नष्ट करने के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं। मगर इस खोज से यह जानकारी मिलती है कि किसी सौर मंडल के खत्म होने के बाद क्या होता है। सौर मंडल के अंत के बाद ग्रह व तारे गैस और धूल के बादल में बदल जाएगा।

अपने ग्रह को खत्म करते तारे का प्रतीकात्मक चित्र।

ब्रह्मांड के हर वस्तु का अंत निश्चित

ब्रह्मांड में मौजूद किसी भी वस्तु का अंत निश्चित है। आकाशगंगा, तारे, ग्रह, धूमकेतु समेट अन्य सभी वस्तु जन्म लेते हैं और उनका अंत भी हो जाता है। हालांकि इनकी उम्र करोड़ों से अरबों वर्ष होती है। इनकी तुलना में इंसान की उम्र क्षणिक मात्र है।

अमेरिका में भारतवंशी सांसदों ने हिंदुओं पर हमले का मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने न्याय विभाग और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से इस साल देश में हिंदुओं के खिलाफ हुए घृणा आधारित अपराधों और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं का विवरण मांगा है।

इन सांसदों में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा शामिल हैं। इन्होंने न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के क्रिस्टन क्लार्क को लिखा, न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों की घटनाओं ने हिंदू अमेरिकियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा, समुदायों के नेताओं ने चिंता व्यक्त की है कि इन घटनाओं में शामिल संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पक्षपात-प्रेरित अपराधों में कानून प्रवर्तन समन्वय को लेकर चिंतित हैं।

गठबंधन के लिए 'इंडिया' नाम का प्रयोग बंद हो

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की अर्जी, कोर्ट ने केंद्र और विपक्षी दलों से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने आई. एन. डी. आई. ए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'इंडिया' नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका पर 10 अप्रैल को सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वैभव सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी दलों को पहले ही आठ अवसर दिए जा चुके हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर चुका है। नवंबर, 2023 में केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने मामले में अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते या 10 दिन का और समय देने का अनुरोध किया था।

वहीं, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक सहित नौ राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि याचिका के खिलाफ प्रारंभिक आपत्तियां थीं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे से निपट चुका है।याचिकाकर्ता ने 26 राजनीतिक दलों द्वारा आई. एन. डी. आई. ए नाम के उपयोग पर रोक लगाने और प्रतिवादी राजनीतिक गठबंधन द्वारा भारत के साथ राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश की मांग की है।